आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 172 | उज्जैन, मंगलवार 07 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### नौसेना को मिलेगा नया 'समुद्री प्रहरी' महेंद्रगिरि

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत जल्द ही और बढ़ने वाली है। 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरि' को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह केवल एक नया युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा तकनीक, आत्मनिर्भरता और समुद्री सुरक्षा का नया प्रतीक भी है। अत्याधुनिक हथियारों और स्टील्थ तकनीक से लैस यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक क्षमता को और मजबूत करेगा। महेंद्रगिरि पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।

### अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90 प्रतिशत गायब, ऊंचाई एक फीट बची

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी।

### पश्चिम बंगाल की 3 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सुखेन्दु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाईक के इस्तीफे के बाद ये तीनों सीटें रिक्त हुई थीं। चुनाव आयोग ने इन सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान और मतगणना कराने का निर्णय लिया है। सभी प्रक्रियाएं इसी दिन पूरी की जाएंगी। इन उपचुनावों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी इन सीटों पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने की कोशिश करेगी, जबकि विपक्ष भी चुनावी मुकाबले को रोचक बनाने की तैयारी में है।

### नेटफ्लिक्स के शो लॉकअप-2 में फूट-फूटकर रोईं सुनीता



**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हो रहे रियलिटी शो लॉक-अप 2 में कंटेस्टेंट्स ने दिए जा रहे खाने की क्वालिटी पर संगीन आरोप लगाए हैं। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, खराब खाना मिलने से रो पड़ीं और दावा किया कि शो में दिया जा रहा सूप, कौए की पेशाब जैसा है। इसके अलावा राम कपूर समेत शो के अन्य कंटेस्टेंट्स भी विरोध में उतर गए और एक रात बिना खाए सोए। रविवार को स्ट्रीम हुए शो के नए एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स खाना न मिलने पर विरोध करते दिखे। लिमिटेड स्कोर के चलते सभी घरवालों के खाने की डिमांड की पूर्ति नहीं हो सकी। जब कंटेस्टेंट्स ने सवाल किए कि शो में वो कंटेस्टेंट्स भी भूखे रहे, जिन्हें टैबलेट्स खानी होती हैं, तो होस्ट रितेश देशमुख ने तर्क दिया कि ऐसे कंटेस्टेंट्स के लिए सूप भेजा गया था। हालांकि कुछ समय पहले ही सुनीता ने सूप की तुलना, पेशाब सी की।

### भगोड़े नीरव मोदी को जल्द लाया जा सकता है भारत

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता अब साफ हो गया है। नीरव मोदी यूरोपीय मानवाधिकार अदालत में अपना आखिरी केस भी हार गया है। जिसके बाद उसको भारत लाने यानी प्रत्यर्पण के मामले में बची आखिरी कानूनी बाधा भी दूर हो गई है। दस्तावेजों के मुताबिक, यूके की अदालतों में अपील के सभी रास्ते बंद होने के बाद नीरव मोदी ने अप्रैल 2026 में यूरोपीय मानवाधिकार अदालत का दरवाजा खटखटाया था। यूरोपीय अदालत से भी नीरव मोदी को कोई राहत नहीं मिली है, जिससे अब उसके पास अपने प्रत्यर्पण का विरोध करने के लिए कोई भी कानूनी विकल्प नहीं बचा है। कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त होने के बाद, यूके सरकार ने नीरव मोदी को भारतीय अधिकारियों को सौंपने की प्रोसेस शुरू कर दी है।

### श्रीलंका में कैदियों के दो ग्रुपों के बीच हिंसक झड़प में 25 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो की एक जेल में हुई हिंसा में 25 लोगों की मौत गई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार को जेल में कैदियों के दो विरोधी ग्रुप के बीच झड़प हो गई। सोमवार को फिर से झड़प हुई जब दंगा करने वाले कैदियों ने जेल की बंदूकें छीन लीं। नेगोम्बो जेल में क्षमता से ज्यादा कैदी बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा में मरने वालों में जेल अधिकारी भी शामिल है। जेल के अंदर हुई झड़पों और उसके बाद हुए हंगामे की वजह से 25 लोग मारे गए हैं और 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। शुरूआती जांच से पता चला है कि हिंसा जेल के अंदर ड्रग तस्करी की गतिविधियों का कथित तौर पर समर्थन करने वाले एक ग्रुप और ऐसी गतिविधियों का विरोध करने वाले दूसरे ग्रुप के बीच हुई।

---

अमानवीयता की हद पार की जा रही, वाहन चालकों द्वारा पशुओं पर अत्याचार के वीडियो वायरल

## इंदौर में कुत्ते पर गाड़ी चढ़ाई-मंदसौर में नंदी को नाले में गिराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिधर देखों उधर अमानवीयता की हद पार की जा रही है। लापरवाही से वाहन चालकर पशुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। इंदौर में नगर निगम का वाहन कुत्ते पर चढ़ा दिया गया। मंदसौर में सोमवार को नंदी को वाहन चालक ने टक्कर मार कर नाले में गिरा दिया। दोनों मामलों के विडियो वायरल हो रहे हैं। मंदसौर में युवकों की नंदी सेवा की सराहना की जा रही है।

लापरवाही से वाहन चालन के मामले आम होते जा रहे हैं। अब अमानवीय हदें पार की जा रही है। यहां तक की दुर्घटना के बाद वाहन रोककर हताहत की मदद की उम्मीद करना बेमानी हो चुका है। पशुओं को तो सडकों पर टक्कर मारना और कुचलना वाहन चालकों ने शगल बना लिया है। ऐसे ही दो क्रुरता के मामले सोमवार को सोश्यल मीडिया पर वायरल होते रहे। इनमें एक मामला इंदौर नगर निगम के वाहन का था तो दूसरा मंदसौर में निजी वाहन का है।

**दोनों मामलों के वीडियो वायरल**

**मंदसौर में युवकों ने नंदी को बाहर निकालकर इलाज कराया**



### देखकर भी कुत्ते पर जीप चढ़ा दी

इंदौर से वायरल एक विडियों में जीप चालक की क्रुरता ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। मामला वार्ड-72 के पार्श्वनाथ-अलंकार पैलेस रोड का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में नगर निगम की गाड़ी सड़क के एक कुत्ते के ऊपर से गुजरती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में जीप का अगला वाला पहिया कुत्ते पर चढ़ा दिया गया। उसके बाद जैसे-तैसे कुत्ता उसमें से निकला और निकलकर घायल अवस्था में ही भागता दिख रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर जिम्मेदार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है और इसे बेजुबान जानवरों के प्रति क्रूरता बताया जा रहा है। हालांकि, इस घटना की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है और नगर निगम की ओर से भी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामला 4 जुलाई का बताया जा रहा है।

### नंदी को टक्कर मार नाले में गिराया

मंदसौर से वायरल हुआ वीडियो सोमवार 6 जुलाई सुबह 8.30 बजे गीता भवन रोड महावीर कॉलोनी गली नंबर 2 का बताया जा रहा है। वीडियो में गली में एक और खड़े नंदी को सामने से आ रही कार की टक्कर से वह पास की नाली में जा गिरता है। वाहन चालक अपना वाहन दौड़ाते हुए निकल जाता है। दुर्घटना से नंदी नाले में गिर गया और बुरी तरीके से फंस गया। इसके बाद एक अन्य वीडियो में आस पास के निवासी उसे मशक्कत के साथ निकालने की कोशिश करते हैं। सूचना मिलने पर ओम बड़ोदिया नामक युवक वहां पहुंचते हैं और बड़ी मुश्किल से सभी के सहयोग से नंदी को रस्सी से खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला जाता है। नंदी के पैरों में चोट लगने पर नंदी का उपचार भी किया गया।

---

प्रदेश के सीहोर जिले में भीषण सड़क हादसा

## बोलेरो और ट्रक की जोरदार भिड़ंत में पांच लोगों की मौत और 4 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार दोपहर आष्टा-पचोर-शुजालपुर मार्ग पर ग्राम मेना गोदी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। तीन लोग वाहन से करीब 15 से 20 फीट दूर जा गिरे, जबकि चालक सहित कई लोग बोलेरो में फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला।



### राजगढ़ से इलाज कराने आष्टा जा रहे थे ग्रामीण

आष्टा एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे। सभी राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के भियापुरा गांव के निवासी थे और इलाज कराने आष्टा जा रहे थे। मृतकों और घायलों में राजाराम सुंदर (45), भगवान (50), इंदर सिंह (55), राधेश्याम (38), बनेसिंह (22), गुलाबचंद (30), हेमराज (25), देवीराम (60) और अमरसिंह (45) शामिल हैं।

### गंभीर घायल भोपाल रेफर, ट्रक चालक फरार

हादसे में दो लोगों के पैर टूट गए, जबकि अन्य के सिर में गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को पहले सिविल अस्पताल आष्टा ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल सीहोर और बाद में गंभीर हालत होने पर भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने पांचों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। अब तक दो घायलों की पहचान इंदर सिंह पिता नंदराम और राजाराम पिता गणपत के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान और कानूनी कार्रवाई जारी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

---

### पीएम मोदी इंडोनेशिया पहुंचे, राष्ट्रपति ने किया स्वागत

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे। सीमा पर पहुंचते ही मेजबान देश के फाइटर जेट्स ने उनके विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यहां तीसरा दौरा है। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है। पीएम मोदी इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन भी जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, लेकिन उसकी सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध सभ्यता की गहरी छाप दिखाई देती है।

## दो बच्चों सहित एक महिला की खदान में डूबने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगनियापुरा मे सुठालिया थाना क्षेत्र निवासी मोठबल्डी की गिट्टी क्रेशर मशीन के पीछे 25 फीट गहरी खदान में तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान सहित उनकी टीम ने मृतकों को पानी से बाहर निकाल कर सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुँचाया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक कड़िया थाना बड़ा बैरसिया जिला भोपाल के रहने वाले हैं जो अपने परिवार के साथ करीब तीन वर्षों से जगनियापुरा की बल्डी पर रह रहे थे जो आसपास क्षेत्रों से कबाड़ा बीनने व मेहनत मजदूरी करने का काम करते थे सिटी थाना प्रभारी ने बताया कि जगनियापुरा क्षेत्र में स्थित खदान में बारिश का



पानी भर जाने से उसमे नहाते समय डूबने से दो बच्चे सहित एक महिला की मौत की सूचना मिली थी सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 25 फीट गहरी खदान में भरे बारिश के पानी मे से मृतक सायरा बाई पति शैतान सिंह पारदी उम्र 30 साल, नेब्रेन पिता सनेश पारदी उम्र 6 साल, निभ्रता पिता सनेश पारधी उम्र 9 साल सर्व निवासी कड़िया बड़ा बैरासिया भोपाल के शवों को निकाल कर पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

### भारी बारिश से मुंबई में तीन मंजिला चॉल ढही, 5 बच्चों सहित छह की मौत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मानखुर्द के जनता नगर इलाके में बीती रात एक तीन मंजिला चॉल ढह गई, जिससे पांच बच्चों और एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी पोस्ट में लिखा गया, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के मानखुर्द इलाके में घर गिरने की घटना में 6 लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया है और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं और उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुंबई के मेयर ऑफिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मानखुर्द के जनता नगर इलाके में तीन मंजिला चॉल के ढहने से पांच बच्चों और एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई. एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, पुलिस और बीएमसी की बचाव टीमों ने बचाव कार्य किया।

### 17 जुलाई को लॉन्च होगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलाई जाएगी। इसकी शुरूआती रफ्तार 75 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इस परियोजना को भारतीय रेलवे के हरित और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होगी। खास बात यह है कि ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित किया गया है और इसका डिजाइन लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने तैयार किया है।

---

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक

## चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक शाम 6.30 बजे खत्म हो गई। मीटिंग करीब 3 घंटे चली। सूत्रों के मुताबिक, चंपत राय और गोपाल राव बैठक में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं मिली। दोनों मंदिर के दूसरे कमरे में बैठे। ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी बैठक में नहीं पहुंचे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रस्ट की बैठक में दोनों का इस्तीफा



मंजूर कर लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की। पहले जानकारी सामने आई थी कि वह बैठक में नहीं शामिल होंगे। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। पदेन सदस्य के. पाराशरण, नृपेंद्र मिश्रा और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि प्रशांत लोखंडे और यूपी सरकार के प्रतिनिधि संजय प्रसाद बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे। चंपत राय और अनिल मिश्रा ने चढ़ावा चोरी की घटना सामने आने के बाद इस्तीफा दे दिया था। ट्रस्ट में 14 सदस्य हैं। इनमें से 4 पदेन सदस्य हैं। किसी भी प्रस्ताव को पास करने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की सहमति जरूरी है। पदेन सदस्यों के वोट काउंट नहीं होते हैं। चंपत और अनिल इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में 8 सदस्यों में से 6 सदस्यों की सहमति के बाद ही फैसला संभव है।

---

### फ्रांस के लालिक म्यूजियम में 40 करोड़ रुपए की चोरी

**फ्रांस।** फ्रांस के लालिक म्यूजियम से करीब 40 लाख यूरो (करीब 40 करोड़ रुपए) के आभूषण चोरी हो गए। घटना जर्मनी सीमा से सटे विंगन-सुर-मोडेर कस्बे की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे कई नकाबपोश बदमाश संग्रहालय का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने छह डिस्प्ले केस तोड़े और करीब 20 क्रिस्टल आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी हुए आभूषण क्रिस्टल के बने थे और उनमें कीमती रत्न नहीं जड़े थे। इसलिए एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन्हें पिघलाकर या दोबारा बेच पाना आसान नहीं होगा।

### दतिया में 30 जुलाई को वोटिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके अनुसार नाम वापसी की तारीख 16 जुलाई निर्धारित की गई। आयोग ने उप चुनाव का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। दतिया उपचुनाव में 30 जुलाई को वोटिंग होगी। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवार 13 जुलाई (सोमवार) तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 जुलाई (मंगलवार) को होगी। उम्मीदवार 16 जुलाई (गुरुवार) तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। अधिसूचना में बताया गया है कि यदि चुनाव की आवश्यकता हुई तो 30 जुलाई (गुरुवार) को मतदान कराया जाएगा।

## पहलगाम हमले की साजिश हाफिज सईद ने ही रची

### एनआईए ने कहा- भारत के खिलाफ जंग छेड़ी, अब तक हमले के आरोपी 3 आतंकी ढेर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले पर एनआईए ने सोमवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने कहा कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद ने ही रची थी। ठκअ ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है।

22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। पाकिस्तान और पीओके में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए।



पहलगाम हमले के बाद एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था। उस वक्त हाफिज सईद का नाम सामने नहीं आया था। पहलगाम हमले के 3 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकियों का हैंडलर सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अभी जिंदा है। उस पर 10 लाख का इनाम है।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हादसा या लापरवाही!




शहर में अमूमन आए दिन इस तरह के कथित हादसे हो रहे हैं जो कि सीधे तौर पर लापरवाही का ही परिणाम हैं। निर्माण कार्यों में हुए हादसे जांच के दौरान लापरवाही से संबंधित ही सामने आए हैं। एक के बाद एक कई नवजवान जिंदगियां इन कथित हादसों बनाम लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। इसे लेकर उपर से लेकर नीचे तक सभी चिंता व्यक्त करते हैं। यहां तक कि महाआयोजन के निर्माणों में सुरक्षा को लेकर तो सुरक्षा मानकों के लिए कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है। बार-बार सभी अधिकारी इन बातों को लेकर हिदायत भी दे रहे हैं। इसके बाद भी निर्माणों की साइडों पर वही पुराना ढर्रा चल रहा है यानिकी संबंधित एजेंसी सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर ही काम को अंजाम देने का मन बना चुकी है और उसके कर्मचारी भी इसी मंशा के साथ काम कर रहे हैं। रविवार रात को ऐसा कथित हादसा हुआ है जिसमें तीन युवकों की जान पर बन आई। दो युवक तो जैसे-तैसे मौत के मुंह से बाहर आने में सफल रहे लेकिन एक युवक इसमें घिर गया। आकस्मिक रूप से बरसात के पानी में गिरे बिजली के तार से करंट फैल गया और वहां से वाहन से गुजर रहे युवक इसकी चपेट में आ गए। एक युवक को जोरदार झटका लगा और वह मूर्छित स्थिति में ही आ गया। हरिफाटक क्षेत्र की लाइटें बंद करवाई गई। युवक को तत्काल घटनास्थल से उठाया गया और अस्पताल में दाखिल किया गया। सवाल यह उठ रहा है कि तार कैसे और कहां से गिरा। उसके गिरने के पीछे कारण क्या रहा है और क्यों जबकि मेंटेनेंस की स्थिति भरपूर रही है। जिन हालातों में कथित हादसा हुआ है उससे तो यह सवाल खड़ा हो गया है कि कहीं भी कभी भी पोल पर लटक रहे तार गिर सकते हैं। घटनाक्रम में एक ही युवक चपेट में आया इसने बडा रूप नहीं लिया अन्यथा मंदिर जाने के इस प्रमुख मार्ग पर श्रद्धालुओं की बड़ी आवाजाही रहती है। खुसूर-फुसूर है कि निर्माण क्षेत्रों में वायरों की स्थिति को बराबर जांचा जाना चाहिए और उनकी मजबूती का सत्यापन होना चाहिए। यही नहीं अभी कंपनी में अधिकांश काम ठेके से हो रहे हैं ठेके के काम की स्थिति पर कितना नियंत्रण चल रहा है यह घटना के बाद कहना अब सवालिया घेरों में है। फिर भी काम पर सवाल तो उठ ही गया है। इस घटना में भी कथित हादसे की जांच की जाना चाहिए और उसके साथ लापरवाही के मुद्दे पर कार्रवाई की जाना चाहिए।


## न्यूज कॉलम

### बाबा महाकाल की सवारी से पूर्व कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए



**उज्जैन।** सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा संबंधित अधिकारी एवं कार्य से संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि सवारी से पूर्व कार्य को पूर्ण करें साथ ही सावधानी रखते हुए कार्यों को संपादित करें मार्ग पर अभी भी जो जर्जर मकान है उन्हें हटाए जाने की कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## ट्रेंडिंग




# फ्रीगंज ब्रिज पर रॉन्ग साइड से दौड़ रहे वाहन, हादसों का बढ़ा खतरा

## बैरिकेडिंग और कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रही नियमों की अनदेखी, स्कूल बसें और बड़े वाहन भी कर रहे उल्लंघन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के व्यस्त फ्रीगंज ब्रिज पर वाहन चालकों की मनमानी लगातार जारी है। बैरिकेडिंग और पुलिस की कार्रवाई के बावजूद दोपहिया, चारपहिया, स्कूल बसें और अन्य बड़े वाहन रॉन्ग साइड से गुजर रहे हैं। इससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

यातायात विभाग ने रॉन्ग साइड से वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए ब्रिज पर लंबी बैरिकेडिंग लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा से निकल रहे हैं।

**रात में बढ़ जाती है अव्यवस्था-** रात्रि के समय लग्जरी बसों सहित अन्य बड़े वाहनों का संचालन बढ़ जाता है। इस दौरान कई बसें भी रॉन्ग साइड से ब्रिज पार करती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और अधिक बढ़ जाता है।



फ्रीगंज ब्रिज के समीप नए पुल का निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में पुराने शहर की ओर से आने वाले वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इसके बावजूद कई चालक ब्रिज पर चढ़ने के बाद नियमों का उल्लंघन करते हुए रॉन्ग साइड से निकल रहे हैं।

**निर्माण कार्य के बीच बढ़ी परेशानी**

### स्कूल बसें भी तोड़ रहीं नियम

यातायात नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले स्कूल भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। कई बार स्कूल और कॉलेज की बसें भी रॉन्ग साइड से गुजरती देखी गई हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कार्रवाई के बाद भी नहीं पड़ रहा असर

यातायात पुलिस समय-समय पर रॉन्ग साइड से निकलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दे रहा। नियमों की अनदेखी लगातार जारी है। नियमित निगरानी, सख्त कार्रवाई और प्रभावी यातायात प्रबंधन से ही फ्रीगंज ब्रिज पर रॉन्ग साइड की समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है।

महाकाल महालोक अब अपने दूसरे और बड़े चरण में प्रवेश कर चुका

# सिंहस्थ से पहले 57 करोड़ रुपये की लागत से 99 नई पाषाण और कांस्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी

## विशाल मूर्तियों के निर्माण में देशभर के करीब 300 शिल्पकार और विशेषज्ञ जुटेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल महालोक अब अपने दूसरे और सबसे भव्य चरण में प्रवेश कर चुका है। सिंहस्थ-2028 से पहले यहां 57 करोड़ रुपये की लागत से 99 नई पाषाण और कांस्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी, जिनमें शिवपुराण के प्रमुख प्रसंगों को शास्त्र सम्मत और स्थायी स्वरूप दिया जाएगा।

मई 2023 में आंधी से क्षतिग्रस्त हुई एफआरपी (फाइबर रिइन्फोर्स्ड प्लास्टिक) मूर्तियों के स्थान पर लगने वाली इन विशाल मूर्तियों के निर्माण में देशभर के करीब 300 शिल्पकार, मूर्तिकार, डिजाइनर और तकनीकी विशेषज्ञ जुटेंगे। परियोजना पूरी होने के बाद महाकाल महालोक केवल दर्शन का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय शिल्प, आस्था और सनातन परंपरा का विश्वस्तरीय ओपन एयर म्यूजियम बनकर उभरेगा।

राज्य पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) द्वारा अनुबंधित नोएडा की यूनिक एडवेंचर कंसोर्टियम कंपनी ने उज्जैन, जयपुर, ग्वालियर और नोएडा में निर्माण कार्यशालाएं तैयार कर ली हैं। समयसीमा को देखते हुए चारों शहरों में एक साथ मूर्ति निर्माण शुरू किया जा रहा है। शासन 30 मूर्तियों के स्केच को स्वीकृति दे चुका है और इनके आधार पर प्रारंभिक मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। इसके बाद पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अंतिम निर्माण किया जाएगा।




### 2023 की घटना के बाद लिया गया स्थायी निर्माण का निर्णय

मई 2023 में आई तेज आंधी में महाकाल महालोक की कुछ एफआरपी मूर्तियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इसके बाद सरकार ने स्थायी पाषाण और कांस्य मूर्तियां स्थापित करने का निर्णय लिया। अक्टूबर 2024 में इस परियोजना को मंजूरी मिली और अब इसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। लक्ष्य है कि सिंहस्थ-2028 से पहले महाकाल महालोक को ऐसा दिव्य, टिकाऊ और कलात्मक स्वरूप दिया जाए, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी भारतीय आस्था, शिल्प और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन सके।

### विशेषज्ञों की मंजूरी के बाद होगा अंतिम निर्माण

इन मूर्तियों के माध्यम से शिवपुराण के विभिन्न प्रसंगों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के साथ भारतीय संस्कृति, पौराणिक परंपरा और शिल्पकला का भी अनुभव कर सकें। परियोजना में मूर्तियों की स्थापना के साथ पेडेस्टल निर्माण और अत्याधुनिक फसाड लाइटिंग भी शामिल है। हर मूर्ति का पहले क्ले माडल तैयार किया जाएगा। विशेषज्ञ समिति की स्वीकृति मिलने के बाद ही अंतिम मूर्ति का निर्माण शुरू होगा। बड़ी मूर्तियों की संरचनात्मक मजबूती की जांच आईआईटी या समकक्ष तकनीकी संस्थान से कराना भी अनिवार्य रखा गया है, ताकि उनकी गुणवत्ता और दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### महाकाल महालोक की नई भव्यता

- 99 नई मूर्तियां होंगी स्थापित।
- 42 मूर्तियां बंसी पहाड़पुर सैंडस्टोन से बनेंगी।
- 57 मूर्तियां कांस्य मिश्र धातु से तैयार होंगी।
- 8 से 35 फीट तक होगी मूर्तियों की ऊंचाई।
- 35 फीट ऊंची समुद्र मंथन प्रसंग पर आधारित महादेव प्रतिमा होगी सबसे बड़ी।
- 12 देव और असुरों की मूर्तियां समुद्र मंथन दृश्य का हिस्सा होंगी।
- 32 फीट ऊंची होगी यम संहार प्रतिमा।
- 30 फीट ऊंची होगी रावण प्रतिमा।
- 22 फीट ऊंची होगी पंचमुखी हनुमान प्रतिमा।
- 20 फीट ऊंची होगी श्रीगणेश प्रतिमा।
- 15 फीट ऊंची होगी काल भैरव प्रतिमा।

# मक्सी रोड ब्रिज के पास बनेगा आधुनिक हॉकर्स जोन




### 3 दिन में एस्टीमेट व ड्राइंग तैयार करने के महापौर ने दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम उज्जैन द्वारा शहर के छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मक्सी रोड ब्रिज के समीप स्थित नगर निगम के पुराने वर्कशॉप डिपो परिसर में सर्वसुविधायुक्त हॉकर्स जोन विकसित किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अपर आयुक्त संतोष टैगोर सहित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर आगामी 03 दिवस में परियोजना का एस्टीमेट एवं ड्राइंग-डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री टटवाल ने कहा कि शहर के छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। वर्तमान में निगम द्वारा पुराने वर्कशॉप डिपो का उपयोग जनहित में करते हुए इसे आधुनिक हॉकर्स जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हॉकर्स जोन में दुकानों के लिए सुव्यवस्थित स्थान, चौड़े आवागमन मार्ग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग तथा बारिश और गर्मी से बचाव के लिए टीन शेड जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ, ताकि व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर वातावरण मिल सके।

महापौर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि फाजलपुर क्षेत्र में हॉकर्स जोन हेतु ओटलों एवं टीन शेड निर्माण के लिए लगभग 70 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना का टेंडर जारी किया जा चुका है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। साथ ही शहर के प्रमुख ब्रिजों के नीचे भी चरणबद्ध तरीके से हॉकर्स जोन विकसित किए जाएंगे, जिससे इन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सकेगा तथा शहर में यातायात व्यवस्था भी अधिक सुगम होगी, हॉकर्स जोन बनने से फुटकर व्यापारियों को सम्मानजनक एवं स्थायी व्यापारिक स्थान मिलेगा।

## ‘क्षिप्रा नहीं, शिप्रा कहिए’ मुख्यमंत्री यादव ने अधिकारियों को बताया नदी का वास्तविक नाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भोपाल में सिंहस्थ और नर्मदा परियोजना की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिप्रा नदी के नाम को लेकर अधिकारियों की प्रस्तुति में सुधार कराया। उन्होंने कहा कि नदी का मूल और प्रामाणिक नाम ‘शिप्रा’ है तथा सरकारी अभिलेखों में इसी नाम का उपयोग किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को नर्मदा नदी परियोजना और सिंहस्थ की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान शिप्रा नदी के नाम को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में नदी का नाम ‘क्षिप्रा’ लिखा गया था, जिसे देखते ही मुख्यमंत्री ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नदी का वास्तविक और प्रामाणिक नाम ‘शिप्रा’ है और सरकारी दस्तावेजों में इसी नाम का उपयोग किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का हवाला देते हुए बताया कि कई स्रोतों में नदी का नाम क्षिप्रा भी दर्ज है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि केवल एआई या इंटरनेट पर निर्भर रहने के बजाय महाकवि कालिदास के 'मेघदूतम्' और वैदिक ग्रंथों का भी अध्ययन किया जाए, जहां नदी के मूल नाम का उल्लेख मिलता है।

## किसान 31 जुलाई तक कराएं फसलों का बीमा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ-2026 सीजन के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। किसानों के पास फसल बीमा कराने के लिए अब मात्र 25 दिवस शेष हैं। किसान क्रेडिट कार्डधारी कृषकों से अनुरोध किया गया है कि वे जिस बैंक से उनका किसान क्रेडिट कार्ड बना है, वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण-पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी अद्यतन कराएं।

# सरकारी पोर्च को लीज पर देने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नगर निगम शहर में अपनी आय बढ़ाने के लिए व्यावसायिक संपत्तियों के बेहतर उपयोग पर फोकस कर रहा है। फ्रीगंज क्षेत्र स्थित शासकीय जमीन पर बने पोर्च को लीज पर देने की योजना तैयार की गई है। इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार शासन स्तर से इस प्रस्ताव पर कुछ आपत्तियां और अतिरिक्त जानकारी मांगी थी, जिसका जवाब नगर निगम द्वारा भेज दिया है। अब स्वीकृति के बाद आगे प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जानकारी के मुताबिक जिस स्थान पर पोर्च है, वहां पहले अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की थी। राजस्व विभाग प्रभारी ने बताया स्वीकृति के बाद नियम तय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या तकनीकी अड़चन उत्पन्न न हो।

भागीरथी गंगा व सप्त नदियों के पवित्र जल से शिप्रा उद्गम पर अभिषेक - त्रिशूल शिवगण वाहिनी

# शिप्रा को प्रवाहमान और निर्मल बनाने का लिया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संरक्षक महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज तथा संस्थापक आदित्य नागर विगत दिनों चार धाम उत्तराखंड यात्रा पर पहुंचे थे। पंडित आदित्य नागर ने कठिन पर्वतीय यात्रा कर भागीरथी गंगा के उदगम गोमुख से गंगाजल तथा उत्तराखंड की पवित्र सात नदियों का पवित्र जल प्राप्त किया। महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, संस्थापक त्रिशूल शिव गणवाहिनी आदित्य नागर ने शिप्रा के उद्गम स्थान मुंडला दोसर की ककड़ी- बरडी पहाड़ी पर पहुंचकर शिप्रा का अभिषेक किया और मां शिप्रा को प्रवाहमान तथा निर्मल बनाने के लिए संकल्प लिया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर ज्ञानदास जी महाराज ने कहा कि मोक्षदायीनी शिप्रा को स्वच्छ करने के लिए हम संकल्पित हैं।

सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि माँ शिप्रा को प्रवाहमान और निर्मल बनाने के लिए वाहिनी द्वारा लगातार जल संवर्धन, स्वच्छता और पर्यावरण बचाने के कार्य किये जा रहे हैं।

आदित्य नागर ने बताया कि पवित्र सप्तम नदियों और भागीरथी गंगा के पवित्र जल को माँ शिप्रा के उद्गम स्थल पर प्रवाहित करने का मुख्य उद्देश्य है कि भागीरथी गंगा की तरह ही मां शिप्रा हमेशा प्रवाहमान और निर्मल रहे, इसके लिए हम सभी को राजा भागीरथ के समान प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा प्रतिवर्ष सम्पूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा कार्तिक मास में सभी धर्म प्रेमी बंधुओ में माँ शिप्रा के प्रति जागृति पैदा करने के लिए निकली जा रही है। इस अवसर पर मंत्रोच्चारण पंडित शैलेंद्र द्विवेदी ने किया, तथा ऐश्वर्य नागर, प्रेरणा मेहता, चेतना नागर, भावना, संजीता, सहित वाहिनी के अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

## खुले में कचरा फेंका धाकड़ धर्मशाला पर लगा जुर्माना



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए खुले में कचरा फेंकने वालों पर निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि धाकड़ धर्मशाला का कचरा निगम के तय वाहन को देने के बजाय वाल्मीकि धाम क्षेत्र में खुले में फेंका गया। जांच टीम ने मौके से मिले साक्ष्य जुटाए। इसके बाद धाकड़ धर्मशाला पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगा कर चालानी कार्रवाई की गई।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 07 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### मतदाताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए की कामना

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार सुबह तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर के दर्शन कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने नैवेद्य भोग एवं मंगल आरती में सहभागिता कर भगवान ममलेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ओंकारेश्वर शनिवार शाम को पहुंचे थे। इसके पश्चात उन्होंने यहां भगवान ओंकारेश्वर की शयन आरती कर पूजा अर्चना भी की थी। रविवार सुबह ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर के दर्शन उपरांत मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैंने सहपरिवार 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर लिये। आज का दिन उनके जीवन का अत्यंत विशेष, भावनात्मक एवं अविस्मरणीय दिवस है। उन्होंने कहा कि अपनी धर्मपत्नी के साथ पवित्र श्री ज्योतिर्लिंग में दर्शन एवं पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त होना उनके लिए ईश्वर की विशेष कृपा है।

### चार महीने बाद अज्ञात पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के दो कर्मचारियों की चैंबर में जहरीली गैस से मौत के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने चार महीने बाद एफआइआर दर्ज की है। घटना में आरोपित अज्ञात बताए गए हैं। निगम अधिकारी पहले ही इस मामले से पल्ला झाड़ चुके थे। सफाईकर्मियों के संगठन के पदाधिकारियों ने भी मामले में आवाज उठाई थी। बीके हरिजन कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय करण श्यामलाल यादव नगर निगम में आउटसोर्स कंपनी की ओर से सफाई कार्य करता था। दो मार्च को वह अपने साथी अजय पुत्र शेरू डोडिया, निवासी देवश्री टाकीज के पीछे, के साथ डी-वाटरिंग वाहन (सीपीओ-8001) लेकर चोइथराम सब्जी मंडी गया था। उसकी ड्यूटी जोन-13, 15 और 21 में रहती थी।

### गुणवत्तापूर्ण निराकरण को दी जाए विशेष प्राथमिकता

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार तथा रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह एवं श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्यालय परिसर से बाहर पदस्थ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों के विभागवार निराकरण की विस्तृत समीक्षा की।

### रायपुर जुटाएगा 100 करोड़ रुपये



**इंदौर।** देश में ग्रीन बांड के जरिए शहरी विकास के लिए पूंजी जुटाने का सफल माडल पेश करने वाले इंदौर नगर निगम के नक्शे कदम पर अब रायपुर नगर निगम भी चल पड़ा है। इंदौर की कार्यप्रणाली और अनुभव के आधार पर रायपुर नगर निगम करीब 100 करोड़ रुपये का बांड जारी करने जा रहा है। बांड जारी करने की पूरी प्रक्रिया में इंदौर नगर निगम के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण तकनीकी और प्रशासनिक मार्गदर्शन दिया है। यह बांड जुलाई के अंतिम सप्ताह से अगस्त के पहले सप्ताह के बीच जारी हो जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इंदौर के ग्रीन बांड की तर्ज पर रायपुर के बांड को भी निवेशकों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। ग्रीन बांड से मिलने वाली राशि का उपयोग रायपुर नगर निगम शहर में इलेक्ट्रानिक मार्केट और कमर्शियल कांप्लेक्स विकसित किए जाएंगे।

### इंदौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को

**इंदौर।** कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 सितम्बर को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति सुबोध अभ्यंकर, के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है।

### दुग्ध संघ को समितियां और दूध संकलन बढ़ाने के निर्देश

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मंडी बोर्ड, दुग्ध संघ व कृषि से जुड़े अन्य विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। उन्होंने सम्भाग के झाबुआ और आलीराजपुर जिले में प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यानिकी और कृषि विभाग के अधिकारियों को तीन दिनी दौरा कर जिले की वर्तमान स्थिति पर आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि वहां किसान स्वतंत्र रूप से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे है, ऐसे समय में किसानों को विभागों से तकनीकि जानकारियों के साथ ही योजनाओं का सहयोग की अपेक्षा रहती है। इसलिए किसानों को विभाग से जोड़कर उनमें उन्नयन किया जा सकता है। साथ ही इन दो जिलों में उद्यानिकी को बढ़ावा देने के पर्याप्त आसार है।

---

अधूरी इंदौर-उज्जैन सड़क बनी हादसों की वजह

# गिर रहे वाहन चालक... गिट्टी, कीचड़ व गहरे गड्डों से बढ़ा खतरा

## बारिश के बाद लवकुश चौराहे से अरविंदो तक जाने वाली सड़क वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में बारिश के बाद लवकुश चौराहे से अरविंदो तक जाने वाली सड़क वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पर फैली गिट्टी, कीचड़ और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन लगातार फिसल रहे हैं। शनिवार को इसी मार्ग से एक्टिवा पर गुजर रहे पिता-पुत्री कीचड़ में फिसलकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने मदद करते हुए दोनों को उठाया और वाहन संभालने में सहयोग किया।

दिनभर में इस तरह के कई हादसे इस सड़क पर हो रहे हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी सड़क को जल्द ठीक नहीं कर पा रही है।लवकुश चौराहे पर ब्रिज बनने के कारण सड़क का अधिकांश हिस्सा खराब हो चुका है। अब उस सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है, लेकिन जिन हिस्सों को वाहनों के लिए खोला गया है, वे ही हादसों की वजह बन रहे हैं।



### उबड़-खाबड़ रास्ता उनकी परेशानी बढ़ा रहा

बारिश के पानी और कीचड़ से भरी सड़क पर कई वाहन चालक संतुलन खोते नजर आए। कुछ लोग कीचड़ से बचने के लिए सड़क किनारे बने फुटपाथ की ओर निकलने लगे, लेकिन वहां भी उबड़-खाबड़ रास्ता उनकी परेशानी बढ़ा रहा है। फिसलन के कारण राहगीरों और वाहन चालकों में डर का माहौल बना हुआ है। कई वाहन चालक कीचड़ में फिसलकर गिर गए, जबकि कुछ गिरते-गिरते बच गए। लोगों का कहना है कि सड़क की जल्द मरम्मत कर कीचड़ और गिट्टी हटाई जानी चाहिए, ताकि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोग हादसों से बच सकें। इस सड़क पर यात्री बसें भी चलती हैं, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

### जरा-सी चूक पड़ सकती है भारी

शहर के व्यस्त सत्यसाई चौराहे पर इतना बड़ा गड्ढा हो चुका है कि वो अब राहगीरों के लिए खतरे की घंटी बन गया है। बारिश का पानी भरने से गड्ढा किसी छोटे तालाब जैसा नजर आ रहा है और उसकी गहराई का अंदाजा इस प्रकार लगाया जा सकता है कि वो दोपहिया वाहन से बडा नजर आ रहा है। कई बार आसपास जगह नही होने से दोपहिया वाहन चालक गड्ढे के बीच से गुजरते समय संभल-संभलकर निकल रहे हैं, जबकि पीछे से आते वाहन जाम में फंस रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो रोजाना इस मार्ग से कार्यालय, बाजार और स्कूल की ओर जाते हैं। गड्ढे से बचने के लिए वाहन चालक अचानक कट मार रहे हैं, जिससे टक्कर और फिसलने का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर गड्ढा केवल परेशानी नहीं, बल्कि हादसे को खुला निमंत्रण है, यह गड्ढा इतना बड़ा है कि अगर जरा सी चूक हो गई तो यह दुर्घटना कारण हो सकता है।

---

बाबा श्री महाकाल के दर्शन करने आए नोएडा के दंपती पर हमला

# पार्किंग के विवाद लेकर बदमाश ने महिला को मारा चाकू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के साथ गुंडागर्दी का शर्मनाक मामला सामने आया है। नोएडा से आए ट्रांसपोर्ट कारोबारी और उनकी पत्नी पर फूल-प्रसाद बेचने वाले दबंगों ने हमला कर दिया। विरोध करने पर महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया और गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए।

नोएडा के गौतमबुद्ध नगर निवासी बलराम दीक्षित (31) अपनी पत्नी रितु और परिवार के साथ शनिवार रात महाकाल दर्शन करने उज्जैन आए थे। रात करीब 9:45 बजे चारधाम मंदिर के सामने कार पार्क करने को लेकर फूल-प्रसाद बेचने वाले कमल प्रजापत और कालू कहार दोनों निवासी जयसिंहपुरा से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों ने पार्किंग के नाम पर 500 रुपये मांगे। मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आए।



बीच-बचाव करने पहुंचीं पत्नी रितु पर कालू कहार ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू रितु के हाथ में लगा और वो लहूलुहान हो गईं। इसके बाद दबंगों ने दंपती की स्कार्पियो के कांच भी फोड़ दिए। घायल रितु को चरक अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

टीआई गगन बादल ने बताया कि कमल प्रजापत और कालू कहार के खिलाफ धारा 119(1), 115(2), 296(इ), 324(2), 351(3) एवं 3(5) इठर के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों पर हफ्ता वसूली और मारपीट के पुराने रिकॉर्ड भी हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### हफ्ता नहीं मिला तो मोबाइल शॉप में बैट से की तोड़फोड़

उज्जैन में नानाखेड़ा चौराहे पर संचालित एक मोबाइल दुकान में बदमाश ने हफ्ता नहीं देने पर बैट से तोड़फोड़ कर दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी धमकी देते हुए बैट से दुकान के कांच तोड़ता नजर आ रहा है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम निनोरा निवासी आकाश सिसोदिया ने पुलिस को बताया कि वह नानाखेड़ा बस स्टैंड स्थित प्रिया मोबाइल नामक दुकान पर काम करता है। रविवार रात करीब 9 बजे वह दुकान पर मौजूद था। तभी राजीव रत्न कॉलोनी निवासी संजय जसोदिया हाथ में लकड़ी का बैट लेकर वहां पहुंचा और गालियां देने लगा। उसने धमकी देते हुए कहा, ९तेरा सेठ सेवाराम कहां है? यहां दुकान चलानी है तो मुझे हर हफ्ते 3 हजार रुपए देने पड़ेंगे।

## 10 लाख बच्चों को डायबिटीज, डॉक्टरों ने दी बड़ी चेतावनी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भारत में बच्चों में तेजी से बढ़ता टाइप-1 डायबिटीज यानी बाल मधुमेह अब एक गंभीर राष्ट्रीय स्वास्थ्य चुनौती का रूप ले चुका है। मौजूदा समय में भारत में लगभग 9.9 लाख बच्चे इस खतरनाक बीमारी से प्रभावित हैं। यह बात राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात मधुमेह शोधकर्ता डॉ. रविंद्र नांदेडकर ने इंदौर में कही। उन्होंने देश में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कई जरूरी जानकारियां दी। वे यहां पर अनुयश आरोग्य प्रतिष्ठान एवं मधुमेह मुक्त भारत अभियान के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में आए। डॉक्टर नांदेडकर का मानना है कि यदि समय पर इस बीमारी की पहचान कर ली जाए, व्यापक स्तर पर जनजागरूकता फैलाई जाए और सामाजिक सहयोग मिले, तो देश के हजारों बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। डॉक्टर नांदेडकर ने बताया कि मौजूदा समय में भारत में लगभग 9.9 लाख बच्चे इस खतरनाक बीमारी से प्रभावित हैं। उन्होंने इस बीमारी की प्रकृति को स्पष्ट करते हुए कहा कि टाइप-1 डायबिटीज मूल रूप से एक ऑटो-इम्यून रोग है। मरीज के शरीर का अग्न्याशय पूरी तरह से इंसुलिन बनाना बंद कर देता है।

---

चुनावी रंग में रंगा दतिया, मैदानी मोर्चे पर कांग्रेस ने बढ़ाई सक्रियता

# दावेदारों की लंबी कतार, प्रत्याशी पर सस्पेंस बरकरार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दतिया विधानसभा उपचुनाव के साथ मध्य प्रदेश की सियासत पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गई है। लंबे समय से पार्टी के भीतर गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर उठ रहे सवालों के बीच कांग्रेस ने दतिया से एकजुटता का बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की, लेकिन पार्टी के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि कांग्रेस प्रत्याशी कौन होगा। इसकी वजह यह है कि दतिया से चुनाव लडने के लिए कांग्रेस में दावेदोरों की भीड़ है। दावेदारों में प्रमुख रूप से दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री अवधेश नायक, पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती के पुत्र अनुज भारती, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य राम किंकर गुर्जर और पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राधेलाल बघेल को मजबूत दावेदार माना जा रहा है।



### राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा

वहीं प्रदेश में कथित भूमि घोटाले के मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घेरने की रणनीति को लेकर भी दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी के अलग-अलग रुख की चर्चा हुई थी। इन्हीं घटनाक्रमों के बाद भाजपा लगातार कांग्रेस की अंदरूनी कलह को मुद्दा बना रही थी। ऐसे माहौल में दोनों वरिष्ठ नेताओं का दतिया में एक साथ मंच साझा करना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कांग्रेस के सामने कई चुनौतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां हैं। उनमें एक है प्रत्याशी का चयन और दूसरा है पार्टी के बीच एकता बनाए रखना। गौरतलब है कि हाल के महीनों में कांग्रेस के भीतर कई मुद्दों पर मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आए थे। राज्यसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के बीच बयानबाजी चर्चा में रही थी।

## वीआईपी पास जारी करने को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने

### एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर और कुछ अधिकारियों के बीच हुई तीखी बहस का मामला अब चर्चा का विषय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर वीआईपी पास बनाने को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर और कुछ अधिकारियों के बीच हुई तीखी बहस का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि वीआईपी पास जारी करने की प्रक्रिया और अधिकारों को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे एयरपोर्ट परिसर में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

सूत्रों के अनुसार एयरपोर्ट पर वीआईपी पास जारी करने के दौरान नियमों और अधिकार क्षेत्र को लेकर टर्मिनल मैनेजर और वी आई पी ड्यूटी में तैनात ए डी एम का पास जारी नहीं हुआ। हालांकि वी आई पी मूवमेंट कैंसल हो गया लेकिन इस बीच एयरपोर्ट बद्रीनाथ सुरक्षा अधिकारियों ने एडीएम को एयरपोर्ट के भीतर नहीं जाने दिया जब इस बारे में अधिकारियों से चर्चा हुई तो उन्होंने पास जारी कर दिया लेकिन सीआईएसएफ की टुकड़ी पास पर किए गए हस्ताक्षर को वेरीफाइड नहीं किया जिसे लेकर विवाद की स्थिति बन गई और संबंधित अधिकारियों के बीच विवाद शुरू हुआ। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। घटना की जानकारी एयरपोर्ट प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची, जिसके बाद मामले को शांत कराने का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है कि विवाद का मुख्य कारण वीआईपी पास जारी करने की प्रक्रिया और उसके अनुमोदन को लेकर अलग-अलग व्याख्याएं थीं। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम का यात्रियों की आवाजाही या उड़ानों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### निजी कम्पनियों ने दी 300 युवाओं को नौकरी

**इंदौर।** जिले में युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने तथा स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार रोजगार मेले का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में एक ओर सफल रोजगार मेला आज जिला रोजगार कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित 12 कम्पनियों ने 300 युवाओं का चयन विभिन्न पदों के लिए किया।

# 300 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ प्याज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लगातार गिरते दामों से नुकसान झेल रहे प्याज उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। किसानों की नाराजगी और बाजार में बनी मंदी के बीच केंद्र सरकार ने बफर स्टॉक के लिए प्याज की खरीदी दर में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इस निर्णय का असर लागू होने के दूसरे ही दिन मध्य प्रदेश की बदनावर मंडी में दिखाई दिया, जहां प्याज के भाव 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ गए। इससे किसानों में बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद जगी है। 1875 से बढ़ाकर 2125 रुपये प्रति क्विंटल हुई खरीदी

सरकार ने बफर स्टॉक के लिए प्याज की खरीदी दर 1875 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2125 रुपये प्रति क्विंटल (21.25 रुपये प्रति किलो) कर दी है। नई दरें 4 जुलाई से लागू हो चुकी हैं और सरकारी एजेंसियां इसी मूल्य पर किसानों से प्याज की खरीदी कर रही हैं।

केंद्र सरकार ने इस वर्ष बफर स्टॉक के लिए दो लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है। माना जा रहा है कि इस निर्णय से बाजार में मांग को मजबूती मिलेगी और किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार देश में प्याज की कोई कमी नहीं है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

---

वक्फ बोर्ड में का नया गठन राजनीतिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है

# मध्य प्रदेश में पहली बार दो हिंदू सदस्यों की एंट्री

### राजनीतिक गलियारों में तेज हुई चर्चा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के नए गठन ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। बोर्ड में पहली बार दो गैर-मुस्लिम सदस्यों मनोज मालपानी और अनिमेष भार्गव को सदस्य (संचालक) नियुक्त किया गया है।

नए वक्फ कानून के लागू होने के बाद हुए इस गठन को भाजपा सरकार के उस संदेश से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें पारदर्शिता और व्यापक भागीदारी पर जोर दिया गया है। अब तक वक्फ बोर्ड को पूरी तरह मुस्लिम प्रतिनिधित्व वाला संस्थान माना जाता रहा है, लेकिन नए कानून के बाद मध्य प्रदेश में बोर्ड की संरचना बदली हुई दिखाई दे रही है। दो हिंदू सदस्यों की नियुक्ति के बाद यह फैसला राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में यह नियुक्ति वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति में भी महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है।

विपक्ष जहां नए वक्फ कानून को लेकर लगातार सवाल उठाता रहा है, वहीं भाजपा इस बदलाव को सुधार और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम बता रही है। ऐसे में मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का यह नया गठन राजनीतिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि नए वक्फ कानून के बनने के बाद बोर्ड के 10 सदस्यों में दो सदस्य हमारे हिंदू भाई होंगे, इसी प्रावधान के तहत उनकी नियुक्ति की गई है। मेरी जानकारी के अनुसार नए कानून के लागू होने के बाद पूरे देश में पहली बार किसी वक्फ बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम हिंदू सदस्य शामिल किए गए हैं और इसकी शुरूआत मध्य प्रदेश से हुई है। उन्होंने कहा कि नए कानून के प्रावधानों के अनुरूप गठित यह बोर्ड सभी वर्गों की भागीदारी के साथ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से कार्य करेगा।

### 'बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति उचित नहीं'

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि वक्फ मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक संस्था है, जहां लोग अपनी संपत्ति अल्लाह की रजा के लिए वक्फ करते हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति उचित नहीं है। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड का गठन दो दिन पहले हुआ है, जिसमें पहली बार दो गैर-मुस्लिम (हिंदू) सदस्यों को शामिल किया गया है। कमेटी इसी नियुक्ति का विरोध कर रही है।

## विद्यार्थियों को समझाया, रैगिंग से दूर रहना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम 1 से 7 जुलाई तक नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डॉ. विपुल कीर्ति शर्मा (विभागाध्यक्ष, गणितशास्त्र) द्वारा महाविद्यालय के सभी विभागों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने मेंटल हेल्थ एवं एन.टी.ए. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। अतिथि विद्वान डॉ. भावना शर्मा ने अतिथियों का परिचय दिया। ऐसे ही प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नीरज उपाध्याय ने महाविद्यालय में रैगिंग, शिकायत निवारण व्यवस्था, विद्यार्थी-शिक्षक संवाद व्यवस्था आदि पर समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तौफीक अब्बासी व डॉ. अपर्णा गाँधे ने किया। आभार डॉ. तेराराम कोरचे ने माना।

## न्यूज कालम




## नागरिक अधिकार मंच ने अभद्र टिप्पणियों को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज की

**सनावद।** नगर की जनसमस्याओं, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के मुद्दे उठाने पर सोशल मीडिया में की गई कथित अभद्र टिप्पणियों और चरित्र हनन के प्रयासों को लेकर नागरिक अधिकार मंच, सनावद ने पुलिस थाना सनावद में लिखित शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है।मंच की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि संगठन लंबे समय से नगर की समस्याओं को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से उठाता रहा है। हाल ही में नगरहित से संबंधित एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद कुछ व्यक्तियों द्वारा मंच के सचिव एवं दैनिक लोक समाचार पत्र के सह संपादक संजय सोनी के विरुद्ध सोशल मीडिया समूहों में कथित रूप से अपमानजनक एवं अमर्यादित टिप्पणियां की गईं।मंच का आरोप है कि उक्त टिप्पणियों का उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत छवि को धूमिल करना है, बल्कि जनहित के मुद्दों को उठाने वाले सामाजिक संगठन की आवाज को दबाना भी है।

## एयरटेल कंपनी के टावर में काम रहे फिल्ड इंजीनियर की करंट लगने से मौत

**सनावद।** नगर में मोबाइल टॉवर पर कार्यरत कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। टॉवर के आसपास के रहवासी कर्मचारी को सिविल अस्पताल लेकर आए। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को दिया जाएगा। बड़वाह निवासी अर्जुन सिंह पंवार पिछले कई समय से एयरटेल टॉवर में कार्यरत थे और नगर की कॉलोनी में अस्थाई निवासी होकर यही से प्रतिदिन काम पर जाते थे। रविवार शाम को करीब से 7 बजे वहां खेल रहे बच्चों ने देखा कि अर्जुन सिंह टॉवर के पास जमीन पर गिरे हुए है। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के रहवासियों को दी। इसके बाद टॉवर के आसपास के कॉलोनी के रहवासी अर्जुन सिंह को तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बच्चों के खेलने के दौरान इस घटना की जानकारी मिली। मृतक के परिवार ने करंट लगने से हुई दुर्घटना की जांच किए जाने की मांग की ताकि पता चल सके कि किस कारण से यह घटना हुई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में कॉलोनी के निवासी व बड़वाह से समाज समाजजन व परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए थे। सोमवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को दिया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

## न.पा. अलीराजपुर सीएमओ निशिकांत शुक्ला ने कार्यभार ग्रहण किया

**अलीराजपुर।** नगर पालिका सीएमओ निशिकांत शुक्ला ने आज



कार्यभार ग्रहण किया कार्यभार ग्रहण करते ही पहले ही दिन एक्शन मोड में नजर आए सीएमओ* मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहां उपलब्ध संसाधनों के साथ नगर को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे अतिक्रमण की समस्या का भी जल्द ही निराकरण किया जाएगा जल्द ही एक टोल फ्री नंबर नगर पालिका द्वारा जारी किया जाएगा जिसमें नागरिक अपनी समस्याओं को इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से नगर पालिका को अवगत करा सकती है जिससे कि नगर पालिका द्वारा इस पर पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी केंद्र एवं राज्यों की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है उन्हें तीव्र गति प्रदान कर जल्द से जल्द पूरी की जाएगी मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नागरिक कचरा कचरा वाहन में ही डालें एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखें नगर में पानी की कमी एवं सप्लाई के मामले पर उन्होंने बताया कि नगर पालिका के पास पर्याप्त संसाधन मौजूद है जिससे कभी भी अलीराजपुर नगर वासियों को जल की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में

# भाजपा का जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बेड़िया,सनावद




सम्मेलन में खरगोन जिले के भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता,डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण किया।

भाजपा जिला महामंत्री विवेक भटोरे ने राष्ट्रगीत का गायन किया। वर्ग गीत अमिता मंत्री ने प्रस्तुत किया। विधायक सचिन बिरला ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित आदर्श आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्र डॉ.मुखर्जी के बलिदान को सदैव याद रखेगा।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषणसिंह चौहान ने कहा कि डॉ.मुखर्जी के प्रयासों से ही कश्मीर और पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बने। डॉ.मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के भारत विरोधी मंसूबों को विफल किया। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित रहा।उन्होंने स्वतंत्र भारत के उद्योग मंत्री के रूप में देश के औद्योगिक विकास का ड्राफ्ट तैयार किया। उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस मंत्रिमंडल में रहते हुए कांग्रेस की नीतियों का विरोध किया और मंत्रिमंडल से इस्तीफा किया।

डॉ. मुखर्जी ने कांग्रेस और मुस्लिम लीग से मुकाबले के लिए जनसंघ की स्थापना की और देश को एक सशक्त राजनीतिक विकल्प दिया। भारतवासी डॉ.मुखर्जी के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखेंगे।

सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने डॉ. मुखर्जी का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि डॉ.मुखर्जी के अखंड भारत के स्वप्न को हमें साकार करना है। भारत और पाकिस्तान के विभाजन के दौरान डॉ.मुखर्जी ने कश्मीर को बचाने के लिए अपना बलिदान दे दिया। डॉ. मुखर्जी ने 1943 के भीषण अकाल में लंगर लगाकर भूखों को भोजन उपलब्ध करवाया और लोगों की प्राण रक्षा की। विभाजन कालखंड में उन्होंने पश्चिम बंगाल और मुर्शिदाबाद जिला को भारत में मिलाने में मुख्य भूमिका निभाई।उन्होंने आजाद भारत की उद्योग नीति की शुरूआत की और चितरंजन में रेल इंजिन का कारखाना और बैंगलोर में विमान बनाने का कारखाना स्थापित किया। भारत के औद्योगिक विकास की नींव डॉ.मुखर्जी ने ही रखी थी। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने भी डॉ.मुखर्जी के कृतित्व पर प्रकाश डाला और कार्यकताओं से राष्ट्रसेवा का आव्हान किया।

विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने प्रथम उद्योगमंत्री के रूप में देश में उद्योगों की आधारशिला रखी। डॉ.मुखर्जी का संघर्ष और बलिदान भारत के युवाओं को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

## असीरगढ़ के आंचल में 30 हजार पलाश बीजों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में जारी पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को असीरगढ़ किले के पास इंदौर हाईवे के समीप विशाल पलाश बीजारोपण अभियान आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार के नेतृत्व में करीब 30 हजार पलाश के बीजों का बीजारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया।

**कौन रहे शामिलः**

इस पहल में डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला, कृषि उपसंचालक एम.एस. देवके, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भरत जांचपुरे सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के लगभग 150 विद्यार्थियों और पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गेती-फावड़े की मदद से गड्ढे कर बीजों का रोपण किया गया।

**पलाश का औषधीय महत्व बताया**

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर पाटीदार ने पलाश के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पलाश के बीज प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अनुकूल परिस्थितियों में स्वयं विकसित होकर वृक्ष बन जाते हैं। अभियान के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

**पिछले साल के पौधे लहलहाएः**

प्रतिभागियों ने पिछले वर्ष धूपगट्टा और झिरी की पहाड़ियों पर किए गए बीजारोपण से विकसित लहलहाते पलाश के पौधों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

## पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

### साइबर सुरक्षा के प्रति ग्रामीणजनों को किया जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में संचालित "सेफ क्लिक 2.0* साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना नागलवाड़ी पुलिस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना नागलवाड़ी पुलिस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में उपस्थित ग्रामीणजनों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों, साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न तरीकों तथा ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

**साइबर सुरक्षा के संबंध में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव :**

ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन, सीवीवी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध मैसेज, क्यूआर कोड अथवा मोबाइल एप्लीकेशन पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई।

डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन लॉटरी, निवेश के नाम पर ठगी एवं बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी गई।



## नर्मदा गौशाला ट्रस्ट द्वारा विधायक राजन मंडलोई का किया सम्मान

**बड़वानी।** गत दिवस स्थानीय नर्मदा गौशाला ट्रस्ट और ट्रस्टियों द्वारा एक कार्यक्रम में बड़वानी विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक राजन मंडलोई को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रदान कर उनसे गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने का संकल्प दिलवाया तथा ट्रस्ट कमेटी ने निवेदन किया कि मध्य प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में कार्य कर गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए साथ ही अवैध कत्ल खाने में जो गाय का वध किया जा रहा है उसको भी अविलंब बंद करवाया जाए ,मंडलोई ने आश्वासन दिया कि में इस मुद्दे पर गौशाला और गौ भक्तों के साथ खड़ा हु और अपनी और से पुर जोर कोशिश कर गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान देकर राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने का पुर जोर प्रयास करूंगा इस अवसर पर गौ शाला ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तुलसीराम यादव,ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी काशीराम काका,रामलाल जी मुकाती,सचिव जितेंद्र जैन,सकू दरबार,बाबू दादा कोतवाल,अजय खंडेलवाल,मनीष जैन,राम साखी ,लक्ष्मण चौहान और अन्य सदस्य उपस्थित थे,गौशाला कमेटी ने विधायक को गौ माता के प्रतीक स्वरूप गाय बछड़े का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

## ग्राम हरिबड़ में प्रभारी मंत्री ने किया नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने जिले के भ्रमण के दौरान सोमवार को ग्राम हरिबड़ ने 37.50 लाख रुपये की लागत से बने नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण किया।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने कन्यापूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की वही स्मृति स्वरूप पंचायत भवन में पौधारोपण भी किया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन ग्राम पंचायत का आधुनिक प्रशासनिक भवन है, जहाँ पंचायत से जुड़े कार्य और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएँ उपलब्ध कराई जायेगी।

प्रभारी मंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जिला प्रदेश स्तर पर प्रथम आने पर अभियान में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अभियान में हुए कार्यो की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होने कहा कि सभी के प्रयासों से जिले में उक्त अभियान में कार्य हुआ है एवं जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। अतः हमे संगठित एवं प्रयासरत होकर कार्य करना चाहिए तभी सफलता मिलती है।

इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, ग्राम सरपंच श्रीमति थावलीबाई रावत, उप सरपंच श्रीमति ललिताबाई चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नवागत जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बड़वानी ।**नवागत जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल द्वारा आज निमार्णाधीन सांदीपनि विद्यालय सजवानी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से सीधा संवाद किया और शैक्षणिक स्तर को परखने के लिए बच्चों से हिंदी की किताब भी पढ़वाई। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी शिक्षक आपसी समन्वय से कार्य कर आगामी परीक्षाओं में संस्था का शत-प्रतिशत रिजल्ट लाना सुनिश्चित करें।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने किए ममलेश्वर महादेव के दर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा,

ओंकारेश्वर। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ विश्व प्रसिद्ध ममलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। द्वादश ज्योतिलिंगों में शामिल ओंकारेश्वर-ममलेश्वर धाम में उन्होंने भगवान शिव का आशीर्वाद लेकर देश की सुख-समृद्धि, मतदाताओं के कल्याण तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती की कामना की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दर्शन-पूजन के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि ममलेश्वर महादेव के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की है कि भारत का लोकतंत्र और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बने तथा देश के सभी मतदाताओं पर उनकी कृपा बनी रहे।

उन्होंने कहा कि उनकी कामना है कि देश के सभी नागरिक और मतदाता स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध रहें। लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मंदिर आगमन को लेकर मंदिर प्रशासन एवं जिला प्रशासन ने सुरक्षा और दर्शन की विशेष व्यवस्थाएं की थीं। अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही भी सामान्य रूप से जारी रही। गौरतलब है कि ममलेश्वर-ओंकारेश्वर धाम देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की इस आध्यात्मिक यात्रा ने धार्मिक आस्था के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी संदेश दिया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़वानी जिला बड़वानी (म.प्र.)

निविदा क्रं./2356/ई-टेण्डरिंग/2026 बड़वानी, दिनांक 06.07.2026

### निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बड़वानी के अन्तर्गत निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (प्रतिशत दर के आधार पर) दर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश शासन के mptenders पोर्टल http:www.mptenders.gov.in पर UADD विभाग अन्तर्गत देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_519663_1 | वार्ड क्रमांक-08 मौलाना आजाद वार्ड, मधुबन कालोनी बडवानी में सुभान कवचे के मकान के पीछे से बाबूलाल वास्कले के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 13.73 | 10300/- | 30 दिवस | 2000/- |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http:www. mptenders.gov.in पर वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(श्रीमती सोनाली शर्मा)** मुख्य नगरपालिका अधिकारी
**(सुभाष भावसार)** उपाध्यक्ष
**(श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान)** अध्यक्ष

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिमेष पिता त्रिलोकचंद अग्रवाल क्रेता- 1- श्री गिरीश पुरोहित पिता रजनीकांत पुरोहित, 2- प्रवीण कुमार पिता तुषार कांत पता- भूखंड क्रं. 717-ए हरे कृष्ण विहार कालोनी इन्दौर पिन- 1003125261 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिमेष पिता त्रिलोकचंद अग्रवाल क्रेता- 1- श्री योगेश कुमार जैन पिता सुरेश जैन 2- श्रीमती भवना जैन पति योगेश कुमार जैन पता- भूखंड क्रं. 717 हरे कृष्ण विहार कालोनी इन्दौर पिन- 1003125261 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- जया पति रमेश मोटवानी क्रेता- सावित्री पति रामनारायण पाठक वार्ड क्रं. 34 पता- 42 सेक्टर-बी स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन- 9000262348 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नीतिन पंचोली पिता रमाकांत पंचोली, रमाकांत पंचोली पिता आत्माराम पंचोली क्रेता- सतीशचंद्र त्रिपाठी पिता स्वतंत्र कुमार त्रिपाठी पता- प्लाट 486 ओमेक्स सिटी मायाखेड़ी इन्दौर पिन- 1001007483 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती मोना चौधरी पति श्री बापू चौधरी पता-मकान नं. 793 रामानंदन नगर इन्दौर पिन- 1001273863 वार्ड-5 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती चंदा पति श्री विजय श्रीवास पता-मकान नं. 793 रामानंदन नगर इन्दौर पिन- 1001273863 वार्ड-5 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री गोपाल गर्ग पिता स्व. श्री श्याम सुन्दर गर्ग पता-मकान नं. 9 बिजासन कालोनी इन्दौर पिन- 1000851238 वार्ड-6 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## न्यूज -कॉलम

### सराहनीय काम करने पर 2 नव आरक्षक सम्मानित



**उज्जैन।** शहर में नव आरक्षकों की नियुक्ति होने के बाद उन्हे शहर की यातायात व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। हर चौराहा से लेकर धार्मिक स्थलों के आसपास नव आरक्षक व्यवस्था को संभाल रहे। जिन पर एसपी प्रदीप शर्मा की नजर बनी हुई है। सोमवार को मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था संभाल रहे नव आरक्षक सविता डावर और अनुराग (जिला श्योपुर) कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए एसपी शर्मा द्वारा दोनों को पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रशस्ती पत्र के साथ 500-500 रूपये का नगद पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी द्वारा दोनों नव-आरक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठापूर्वक कार्य करने की बात कहीं। सिंहस्थ 2028 को देखते हुये शहर में नव आरक्षकों को मैदान में उतारा गया है। जो यातायात व्यवस्था संभालने का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रहे है।

### नाले में मिली युवक की लाश, नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** आगररोड आकाश पेट्रोल पंप के सामने सोमवार सुबह नाले में एक युवक का शव पडा होने की खबर मिलने पर चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। युवक का शव नाले से बाहर निकाला गया और आसपास के लोगों से उसकी जानकारी जुटाने के प्रयास किये। किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। पुलिस ने मृतक के कपडे की तलाशी ली, लोअर की जेब से देशी शराब का क्वार्टर और तम्बाकु की पुडिया मिली। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया और मामले में मर्ग कायम किया गया। एसआई मंडलोई ने बताया कि मृतक के हाथ पर ओम गुदा है और अंग्रेजी में एम लिखा हुआ है। उसकी मूंछे लम्बी है। आसपास के थाना क्षेत्र से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। मंगलवार दोपहर तक पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया जायेगा। आशंका है कि शराब का नशा अधिक होने पर नाले में गिरा होगा। बारिश के चलते नाले में पानी काफी अधिक होने पर उसकी डूबने से मौत हुई, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

### आटोज इंजीनियरिंग फैक्ट्री मैनेजर पर दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** 14 दिन पहले पंवासा थाना क्षेत्र के नीमनवासा स्थित आटोज इंजीनियरिंग फैक्ट्री में काम करते समय पहली मंजिल की सीडियों से सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी गिरकर घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी एक दिन बाद मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान भाई मनोज ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि घटना के चार घंटे तक परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी। सुनील को 3 से 4 अस्पताल ले जाया गया था। जिसके चलते उसकी हालत काफी बिगड गई थी। यह हादसा नहीं लापरवाही से हुई हत्या है। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। पंवासा थाना एसआई मितेश ने बताया कि रविवार को जांच में आये तथ्यों और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मृतक के परिजनों के बयान पर फैक्ट्री मैनेजर मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल रशीद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 290 में प्रकरण दर्ज कर लिया। जल्द चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### देवासरोड पर शराबी चालक ने कार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** देवासरोड पर रविवार-सोमवार रात शराब के नशे में हुंडाई कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 2292 चला रहे चालक ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। आगे कार में सुधीर पिता विजय भारती निवासी प्रकाश नगर हाल मुकाम पार्श्वनाथ सिटी नागझिरी सवार था, जिसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। हुंडाई कार चालक से देखकर चलाने की बात कहीं तो उसने नशे में गाली-गलौच की और कार लेकर भाग निकला। नागझिरी थाना पुलिस ने सुधीर भारती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश जारी है। 2 कारों की टक्कर का दूसरा मामला इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा रात 11.40 बजे हुआ। देवांश पिता परितोष साहनी निवासी अहिल्यानगर इंदौर की कार को पीछे से आई अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उक्त चालक अपनी कार लेकर भाग निकला। नानाखेडा थाना पुलिस ने देवांश साहनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 478-9 | 249-5 |
| मेन बाजार | 189-8 | 145-0 |
| कल्याण नाइट | 488-0 | 288-8 |
| मिलन डे | 130-4 | 567-8 |
| मिलन नाइट | 770-4 | 127-0 |
| मधुर डे | 889-5 | 136-0 |
| मधुर नाइट | 137-1 | 233-8 |
| शुभांक | 3 6 | 8 |

### 48 दिन बाद गिरफ्त में आया, 10 हजार का था इनाम....

# व्यापारी को सोने बदले डिब्बे में भेजा था कलाकंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कस्टम का सोना सस्ते में दिलाने का झांसा देकर डिब्बे में कलाकंद भेजने वाला 48 दिन बाद गुजरात से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम रखा गया था। सोमवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

सेठीनगर में रहने वाले अजय जाधव की शिकायत पर माधवनगर थाना पुलिस ने 18 मई को पीजीबीटी ग्राउंड से रोहित उर्फ अंकुर पिता प्रदीप जोशी निवासी कच्छ गुजरात को पकडा था। जो अजय जाधव को मिठाई के डिब्बे में सोना (गोल्ड) देने आया था। लेकिन डिब्बे में कलाकंद निकला था। रोहित को गुजरात के पाटन स्थित ग्राम दादका के रहने वाले सुरेश उर्फ राज पिता कांतिलाल जोशी ने भेजा था। जिसने कस्टम का सोना सस्ते दाम में दिलाने का झांसा देकर 9.80 लाख की धोखाधडी की थी। रोहित उर्फ अंकुर के हिरासत में आने पर उसे



6 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। वहीं उसे भेजने वाले सुरेश उर्फ राज को मुख्य आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक देवराजसिंह और देवीसिंह की टीम गठित की थी।

48 दिन बाद जानकारी मिलने पर टीम गुजरात के पाटन पहुंची और फरार इनामी आरोपी को दबोच लिया गया। जिसे उज्जैन लाकर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

#### अजय की 2023 में हुई थी पहचान

सस्ता सोना खरीदने के झांसे में उलझे अजय ने शिकायत में बताया था कि वर्ष 2023 में वह मुम्बई गया था, जहां उसकी मुलाकात राज नामक युवक से हुई थी। जिसने खुद को गुजरात के कच्छ भुज का रहने वाला बताया था और कहाकि उसके पास कस्टम का गोल्ड आता है। जिसे सस्ते में दिलवा देगा। इसी के चलते उसकी बातों में आ गया। उज्जैन लौटने पर संपर्क में रहा, लेकिन कस्टम का इशु चलने की बात कहकर गोल्ड भेजने से मना करता रहा। कुछ समय पहले उसने गोल्ड भेजने की बात कहीं और कुछ रूपयों का ऑनलाइल ट्रांजेक्शन करा लिया। बाद में रोहित को उज्जैन भेजा और 7.62 लाख रुपए मंगवाये। रुपए देने के बाद रोहित लौट गया। 18 मई को रोहित एक डिब्बा लेकर आया और उसमें गोल्ड होने की बात कहकर डिब्बा दिया। जिसके बाद वह चला गया, लेकिन डिब्बा खोला तो वह मिठाई का था, जिसमें कलाकंद रखा हुआ था।

#### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करता था धोखाधडी

एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि मुख्य आरोपी राज उर्फ सुरेश जोशी पिछले 10 सालों से मुम्बई में निवास कर रहा है। उसकी पत्नी उसे छोडकर जा चुकी है। वह मुम्बई में बार क्लब में मौज मस्ती करता है। रूपयों की जरूरत होने पर वह बाहर से बार में आने वाले लोगों को अपने झांसे में फंसाता था और कस्टम का सोना आने की बात कहता था। उन्हे गोल्ड के फोटो वीडियो भी दिखाता था। जिसके चलते लोग उसके झांसे में आ जाते थे। वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के साथ धोखाधडी कर चुका है। रिमांड पर पूछताछ में उसे कई सुराग मिल सकते है।

# गायों की मौत से आक्रोशित लोगों ने जलाई यात्री बस

### इंदौर-उज्जैन मार्ग पर हुई घटना, जनहानि नहीं....

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर से उज्जैन आ रही यात्री बस ने 2 गायों को टक्कर मार दी। दोनों गायों की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद लोगों ने बस को रोक लिया। यात्री घबराकर उतर गये, इसी बीच कुछ लोगों ने बस में आग लगा दी। चालक-परिचालक मौके से भाग निकले थे।

बताया जा रहा है कि इंदौर से गोलू शुक्ला ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09 एफए 7470 उज्जैन आ रही थी। ग्राम रामवासा के समीप बस ने दो गायों को टक्कर मार दी। बस की रफ्तार तेज होने पर दोनों गायों ने मौके पर दम तोड दिया। हादसा देख लोगों को गुस्सा फूट पडा और उन्होने बस रोक ली। चालक-परिचालक लोगों की भीड लगती देख भाग निकले थे।

यात्री भी बस से नीचे उतर गये। लोगों का गुस्सा इतना भडक गया था कि किसी ने बस में आग लगा दी। कुछ देर में बस आग का गोला बन गई। मामले की खबर मिलते ही नानाखेडा थाना पुलिस की टीम और फायर बिग्रेड की दमकले मौके पर पहुंची।



आग पर काबू पाया जाता उससे पहले बस पूरी तरह से जल चुकी थी। मामले में नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जांच कर पता लगाया जा रहा है कि बस में आग कैसे लगी। बस में सवार यात्री नीचे उतर गये थे, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं कुछ प्रत्यदर्शियों को कहना था कि गायों को टक्कर लगने के बाद गुस्से में कुछ लोगों ने आग लगाई है।

## बंदी के लिये केलों में छुपाकर रखे थे बीडी के बंडल

### चैकिंग में उजागर हुआ मामला, रिश्तेदार पर केस

**उज्जैन।** महिदपुर सबजेल में बंद विचाराधीन बंदी से मुलाकात पर आये रिश्तेदार ने आम और केलों के बीच बीडी-माचिस के बंडल छुपाकर देने का प्रयास किया। चैकिंग में मामला उजागर हो गया। जेल प्रहरी की शिकायत पर बंदी और उसके रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि महिदपुर सबजेल अधीक्षक द्वारा विचाराधीन बंदी कृष्णपालसिंह पिता बहादुरसिंह 19 साल निवासी ग्राम बांदका थाना घटिया और उससे मुलाकात पर आये रिश्तेदार दरबारसिंह पिता दुलेसिंह निवासी निपानिया बदर के खिलाफ जेल में प्रतिबंधित सामग्री लाने के मामले में प्रकरण दर्ज करने का पत्र सौंपा गया था। मामले में जांच एएसआई वीपी सिंह को सौंपी गई और प्रहरी राहुल पिता बाबूलाल सिंगारे के कथन दर्ज किये गये। जेल प्रहरी ने बताया कि 16 जून को सबजेल महिदपुर में बंदी के परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात कराने की ड्यूटी थी। इस दौरान विचाराधीन बंदी कृष्णपालसिंह से उसका रिश्तेदार बहादूरसिंह मुलाकात पर आया था। मुलाकात के बाद उसने बंदी को देने के लिये आम और केलो की थैली सौंपी। जिसकी जांच के लिये थैली प्रहरी रवि रावत को दी गई। थैली में कैलो के बीच 3 बीडी के बंडल और 3 माचिस छुपाकर रखी जाना सामने आया। जेल नियमों के मुताबिक बीडी-माचिस प्रतिबंधित है। थाना प्रभारी के अनुसार जांच में तथ्यों और प्रहरी के कथन के बाद बंदी और उसके रिश्तेदार के खिलाफ धारा 42 कारागार अधिनियम 1894 और 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर मूकबधिर युवती से छेड़छाड़

### भाई की शिकायत पर 1 घंटे में पकडाया आरोपी

**उज्जैन।** दिनदहाडे घर में घुसकर मूकबधिर युवती के साथ छेडछाड करने वाले आरोपी को पुलिस ने खबर मिलने के बाद एक घंटे में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम बालोदा लक्खा में रहने वाले सुनील पिता मुन्नालाल ने शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर में उसकी 21 वर्षीय मूक बधिर और मानसिक रूप से विक्षिप्त बहन घर में सो रही थी, उसी दौरान गांव का रहने वाला मांगीलाल पिता बगदीराम घर में घुसा और सो रही बहन के साथ छेडछाड करने लगा। मांगीलाल को लगा था कि घर में कोई नहीं है, लेकिन वह घर में था, उसने बहन के साथ छेडछाड कर रहे मांगीलाल को देखा तो आवाज लगाकर पकडने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी मांगीलाल की गांव में तलाश करने के लिये एसआई मोनिका तिवारी, आरक्षक हितेश निम्बोला, मुकेश नागर ओर महिला आरक्षक मोनिका राव की टीम बनाकर उसके ठिकानों पर दबिश दी गई। एक घंटे बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपी खेती किसानी का काम करता है। जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### चोरी का 8 दिन बाद दर्ज किया गया प्रकरण

**उज्जैन।** मक्सीरोड अमृत नगर में दिनदहाडे हुई चोरी के मामले में 8 दिन बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। बदमाश ताला तोडकर लाखों के आभूषण चुराकर ले गये है।

पंवासा थाना क्षेत्र के अमृत नगर में रहने वाली शांताबाई पति मांगीलाल देव?1 28 जून को दिन में ढाई बजे घर का ताला लगाकर क्षेत्र में रहने वाले परिवार के यहां काम करने गई थी। कुछ घंटे बाद वापस लौटी तो मकान ताला टूटा था और घर का सामान बिखरा पडा था। घर में रखी पेटी भी खुली थी। जिसमें एक सोने का हार, एक जोड सोने के कान के टाप्स, सोने के मोती, चार सोने के नाक के कांटे, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड चांदी के हाथ फूल, कमर का चांदी का झुमका, चांदी के आवले एक जोड, चांदी की पायल एक जोड, बिछिया चांदी की तीन रखे हुए थे, जो गायब थे। दिनदहाडे हुई चोरी की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस पडताल के लिये पहुंची और बदमाशों की तलाश का आश्वासन दिया। 8 दिन तक कोई सुराग नहीं मिलने पर सोमवार को मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाशों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. श्रीमती फुंदा कुंवर पिता श्री बापूसिंह 2. रणजीत सिंह पिता बापू सिंह निवासी 283, ग्राम पोस्ट झलारा, वार्ड नं.5 झलारा मंदसौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 18 का उत्तरी भाग ब्लॉक जी ''श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाउदखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईश- लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 50.00 फीट एवं चौडाई- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 10.00 फीट कुल क्षेत्रफल 46.45 वर्गमीटर अर्थात 500.00 वर्गफीट जिसकी चर्तु:सीमा- पूर्व की ओर- रोड़ कॉलोनी का, पश्चिम की ओर- भूखण्ड क्रमांक 13, उत्तर की ओर- भूखण्ड क्रमांक 19 व दक्षिण की ओर- भवन क्रमांक 18 का शेष भाग मिला है के मध्य स्थित भवन भाग को उस पर किये हुये एक मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन भाग में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन भाग पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 05/07/2026

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**

**कार्यालय-बालिका छात्रावास शुजालपुर जिला शाजापुर (म.प्र.)**

ज.क्र.275/1.7.26

**निविदा सूचना**
**वार्षिक/अर्द्धवार्षिक ठेका वर्ष 2026-27**

बालिका छात्रावास शुजालपुर मण्डी में भोजन व्यवस्था हेतु एवं अन्य लगने वाली आवश्यक सामग्री किराना, शैक्षणिक, टॉयलेट सामग्री एवं व्यक्तिगत आवश्यकता हेतु ड्रेस, चप्पल, जूते इत्यादि आदि के लिए पृथक-पृथक निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 20/7/2026 को शाम 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण अपनी निविदा फार्म, निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधीक्षिका बालिका छात्रावास शुजालपुर मण्डी से प्राप्त कर सकते है।

**अध्यक्ष/सचिव-बालिका छात्रावास,**
**बी.टी.आई.परिसर शुजालपुर मण्डी जिला शाजापुर म.प्र.**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता चेतन पाल पिता रामकुमार निवासी फातिमा कान्वेंट विद्यालय के पास 267 प्रकाश नगर नागदा जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट जो कि ग्राम पाड्ल्याकलां की भूमि सर्वे नं 1421/3/12 की भूमि में स्थित वार्ड नं 24 मोहल्ला अंजनी नगर के समीप आदर्श नगर के पास नागदा जिला उज्जैन में स्थित जिसकी लंबाई उत्तर से दक्षिण 45 फीट व चौडाई पूर्व से पश्चिम 15 फीट होकर चर्तुसीमा उत्तर में आम रास्ता, दक्षिण में गली, पूर्व में इकरामउद्दीन (वर्तमान में श्वेता पांडे का मकान) पश्चिम में मोहम्मद हसीब (वर्तमान में गोल्डन केमिकल का प्लाट नं 18) स्थित है। उक्त प्लाट को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया है व अनुबंध के पालन में बयना राशि भी अदा कर दी है व शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त प्लाट के विक्रय पंजीयन में किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई ऋण, भार आदि बकाया हो या उक्त प्लाट किसी व्यक्ति संस्था के पास अनुबंधित, विक्रय या बंधक हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 3 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आकर सूचित करें। बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र का पंजीयन कराया जावेगा जिसके उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक-07/06/2026

**जयेश जोशी एडव्होकेट**
**कार्यालय-100 ई.डब्लयू.एस. हाउसिंग बोर्ड कालोनी**
**नागदा जिला उज्जैन मो नं 8839930658**

**AURA Edu Group**

**RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS**
**(On Contractual Basis)**
**Auraedu Group Learning Pvt. Ltd.** (NSDC Partner)
NSQF Project, Madhya Pradesh (M.P.)

**1. VACANCY DETAILS**
- **Total Positions:** 2 Openings (**Job Locations:** Ujjain)
- **Waiting List Districts:** Shivpuri, Sheopur, Gwalior, Bhind, Ujjain, Dewas, Mandsaur, Neemuch, Agar-Malwa, and Shajapur
- **Gross Honorarium:** ₹20,000/- Per Month

**2. ELIGIBILITY REQUIREMENTS**
- **Education:** B.E. / B.Tech / B.Voc. in Electronics.
- **Experience:** Minimum 1 year of work or teaching experience.
- **Age Limit:** 18-37 years (as of 01.01.2026) with applicable government age relaxations.
- **Key Skills:** Practical tool operation, effective communication (English & regional language), and basic computer skills.

**3. IMPORTANT DATES & LOCATION**
- **Last Date to Apply:** 12-07-2026
- **Examination Date:** 14-07-2026
- **Examination Venue:** Aura Skill Centre, 2nd Floor (above Speed Photo Colour Lab), near Tower Chowk, Ujjain, M.P.

**4. HOW TO APPLY & CONTACT**
- **Application Link:** Apply and upload documents via the designated online portal. https://forms.gle/bNxeMUP2mle7HqRe9
- **Official Website:** www.auraedagroup.com
- **Email:** auransqf2021@gmail.com
- **Queries:** WhatsApp only at 9893722800

**Important Anti-Fraud Notice:** The selection process is entirely transparent, fair, and based solely on merit and hard work. Do not fall prey to anyone asking for money or promising a job. Such practices are strictly illegal. Report any fraudulent activity immediately.

# मैं को हम बनाना सीखें



अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला एक गहरे अफ्रीकी दर्शन के बारे में बात करते थे, उसका नाम है, उबुंटू। यह एक अद्भुत दर्शन है, जो कहता है, दूसरों की इंसानियत की बदौलत ही हम इंसान हैं। मंडेला कहते थे, इंसान अकेला नहीं जी सकता। दूसरे साथ होते हैं, इसीलिए व्यक्ति जी पाता है। हमारी निजी सफलता और अस्तित्व, हमारे समुदाय की समृद्धि, सम्मान और उपलब्धियों पर निर्भर है, हम दूसरों से गहरे जुड़े हुए हैं। आदमी जितना प्रकृति के करीब होता है, उतना उसका अहंकार कम होता है; क्योंकि वह प्रकृति के नियमों के अनुसार चलता है, उसके आगे नतमस्तक होता है। यह शिशुवत सरलता उसके मैं को हम में विलीन करती है। एक प्यारी सी कहानी से यह बात स्पष्ट हो जाएगी। एक यूरोपीय एंथ्रोपोलॉजिस्ट (मानव विज्ञानी) अफ्रीका के किसी गांव में गया, तो देखा कि वहां हर तरफ बच्चे झुंड में घूमते हैं। उसने एक प्रयोग किया। एक पेड़ के तने के पास उसने स्वादिष्ट मीठे फलों से भरी एक टोकरी रखी और थोड़ी दूर जमीन पर एक लाइन खींची। उसने कुछ बच्चों को वहां इकट्ठा किया और उनसे कहा, जो भी बच्चा यहां से दौड़ लगाकर सबसे पहले पेड़ तक पहुंचेगा, उसे फलों की पूरी टोकरी मिलेगी। जब उस मानव विज्ञानी ने गो कहा, तो उसे लगा कि बच्चे इनाम जीतने के लिए जितनी तेजी से हो सकेगा, दौड़ेंगे। इसके बजाय, बच्चों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ा और पेड़ तक एक लाइन में साथ-साथ दौड़ पड़े। वहां पहुंचने के बाद सब साथ बैठे, टोकरी उठाई और खुशी-खुशी फल बांटकर खा लिया। बच्चों के इस कृत्य से हैरान मानव विज्ञानी ने उनसे पूछा कि उन्होंने सारे मीठे फल खुद पाने के लिए दौड़ क्यों नहीं लगाई? बच्चों ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा और जवाब दिया : उबुंटू! अगर बाकी सब दुखी हों, तो हममें से कोई एक कैसे खुश हो सकता है? इस एक वक्तव्य में बच्चों ने उबुंटू का असली मतलब दिखा दिया। यह इस सोच को नकारता है कि हम बिल्कुल अकेले हैं; आपकी सफलता और खुशी, समुदाय की सफलता और खुशी से जुड़ी होती है। यह प्रतिस्पर्द्धा से ज्यादा सामूहिकता को अहमियत देता है; व्यक्तिगत जीत के बजाय आपसी सम्मान, मिल-जुलकर रहने और सबकी भलाई को ज्यादा महत्व देता है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारी जिंदगी एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। उनका सूत्र है, आई एम, बिकॉज वी आर। मैं हूं, क्योंकि हम हैं। यह हमें याद दिलाता है कि ह्मैं जो हूं, वह इसलिए हूं, क्योंकि सब लोग हैं। इसलिए महत्वाकांक्षा, दौड़, प्रतिद्वंद्विता, द्वेष इत्यादि की कोई जगह नहीं है। भारतीय संस्कृति में भी यही दुआ मांगी गई है- सर्वे भवन्तु सुखिन:, सभी मिलकर सुखी हों, पर इसे जीता कोई नहीं है। एक-दूसरे के शत्रु बने हैं। आखिर क्यों?

## सम्पादकीय

# विदा तीजन बाई

भारतीय लोक संस्कृति की एक मुखरतम कलाकार तीजन बाई की विदाई अपूरणीय क्षति है। लोक नाट्य की मनमोहक शैली पंडवानी ने अपना एक ऐसा रत्न खो दिया है, जिसकी ख्याति अपने देश में ही नहीं, पूरी कला दुनिया में थी। केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, भारत की भी अपनी एक पहचान खो गई है। एक कलाकार के रूप में जो सम्मान तीजन बाई को प्राप्त हुआ, वह अपने आप में एक इतिहास है। कला क्षेत्र के हरसंभव पुरस्कार उन्हें मिले थे। पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण के बाद केवल भारत रत्न जैसा विरल सम्मान ही उनके लिए शेष रह गया था। वह सदा प्रेरणा रहेंगी। भारत में जब भी कोई लोक कलाकार निराश होगा, तो उसके लिए तीजन बाई को याद कर लेना पर्याप्त होगा। जो संघर्ष तीजन बाई ने किया था, उसे सदैव याद रखने की जरूरत है। अनुसूचित जनजाति समाज से आने वाली तीजन बाई को पीछे रखने के लिए न जाने कितने रोड़े बिछाए गए। जितने रोड़े दुनिया ने बिछाए, उतने ही रोड़े स्वयं उनके समाज ने बिछाए। मात्र 12 की उम्र में विवाह कर दिया गया। वह जनजाति से बेदखल हो गईं। घर-परिवार छूट गया, पर पंडवानी को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुईं।

भारतीय लोक कला में पंडवानी का स्थान अनूठा है। यह संवाद, गीत-संगीत, नृत्य, अभिनय और हर्ष ध्वनियों से सजा लोक नाट्य है। पंडवानी में पांडवों की गाथा अर्थात महाभारत की रोचक-नाटकीय कथाओं का प्रदर्शन-गायन होता है। ध्यान रहे, तीजन बाई की लोकप्रियता से पहले झाडूराम देवांगन का नाम पंडवानी का पर्याय था। देवांगन मंच पर बैठकर या चौकड़ी मारकर या घुटने के बल होकर गाते थे। पंडवानी की इस वेदमती शैली से अलग तीजन बाई ने कापालिक शैली को अपनाया। तीजन बाई की आवाज में बहुत दम था, वह कथा सुनाते-सुनाते पूरे उत्साह में आ जाती थीं। वध दुशासन का हो या कीचक का, बैठकर सुनाना उन्हें मंजूर नहीं था। वह खड़े होकर और झूम-झूमकर सुनाती थीं और कथा के भाव के साथ पूरा न्याय करती थीं। हाथ में तंबूरा लिए तीजन बाई स्वयं किसी महाभारत के योद्धा से कम नहीं लगती थीं। खूब जतन से सजाया गया तंबूरा कभी गदा हो जाता, तो कभी धनुष, तो कभी द्रौपदी के लंबे केश, कभी आकाश, तो कभी जमीन, तो कभी भगवान कृष्ण का पालना या पालकी। कोई आश्चर्य नहीं, झाडूराम देवांगन ने पंडवानी को जहां तक पहुंचाया, वहां से इस विधा को बहुत दूर और ऊंचाई तक ले गईं तीजन बाई।

## बेटियों के सपनों पर सिया-सोनम का साया क्यों पड़ने दिया जा रहा है?

# सिया-सोनम की करतूत के कारण हर बेटी को दोषी मत मानो



यदि किसी मोहल्ले में एक घर की दीवार गिर जाए, तो क्या पूरा शहर जर्जर घोषित कर दिया जाता है? यदि एक डॉक्टर लापरवाह निकल जाए, तो क्या पूरा चिकित्सा जगत अपराधी हो जाता है? फिर आखिर सिया और सोनम जैसी आठ-दस लड़कियों के कुछ चर्चित मामलों को आधार बनाकर करोड़ों भारतीय बेटियों के चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगाने का साहस समाज कहाँ से ले आता है? आज सोशल मीडिया ने इसी अन्यायपूर्ण प्रवृत्ति को सामान्य बना दिया है। कुछ नामों को बार-बार दोहराइए, उन्हें वायरल कीजिए और फिर पूरी पीढ़ी को उसी रंग में रंग दीजिए। यही है 'सिया-सोनम सिंड्रोम'- एक ऐसा दृष्टिदोष, जहाँ मुट्ठीभर परछाइयों को इतना फैलाया जाता है कि करोड़ों बेटियों की उजली धूप भी दिखाई देना बंद हो जाती है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

यह केवल सोशल मीडिया का खेल नहीं, बल्कि चयनात्मक दृष्टि का परिणाम है। इतिहास बताता है कि जब भी समाज बदलता है, परिवर्तन से असहज लोग पूरे परिदृश्य को नहीं, बल्कि अपने पूर्वाग्रहों के अनुकूल कुछ उदाहरण चुनकर उन्हें ही सच साबित करने लगते हैं। आज बेटियाँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, सेना, न्यायपालिका, प्रशासन, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व तक हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। यही बदलाव कुछ लोगों को अखरता है, इसलिए वे चेरी-पिकिंग के सहारे कुछ वायरल घटनाओं को पूरी पीढ़ी का चेहरा बना देते हैं। प्रश्न यह है कि यदि कुछ लड़कियों की गलती से सभी लड़कियों का आकलन होगा, तो क्या यही कसौटी पुरुषों पर भी लागू होगी? यदि उत्तर 'नहीं' है, तो यह तर्क नहीं, बल्कि सुविधानुसार गढ़ा गया पूर्वाग्रह है।

विडंबना यह है कि जो बेटियाँ समाज को नई दिशा दे रही हैं, वे शायद ही कभी बहस का विषय बनती हैं। अरुणिमा सिन्हा ने कृत्रिम पैर के सहारे माउंट एवरेस्ट फतह कर अदम्य इच्छाशक्ति की मिसाल कायम की। सुनीता कृष्णन जैसी सामाजिक कार्यकर्ता ने हैदराबाद में हजारों लड़कियों को ट्रैफिकिंग और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से बचाया तथा उन्हें नई जिंदगी दी। ऐश्वर्या सागर जैसी युवा उद्यमी ग्रामीण लड़कियों को डिजिटल शिक्षा और आत्मनिर्भरता से जोड़ रही हैं। इनके जैसी हजारों बेटियाँ प्रतिदिन समाज का भविष्य गढ़ रही हैं, फिर भी वे सुर्खियाँ नहीं बनतीं। वजह साफ है-योगदान नहीं, विवाद बिकता है। मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म भी जानते हैं कि नकारात्मक खबरें अधिक क्लिक, अधिक प्रतिक्रियाएँ और अधिक प्रसार बटोरती हैं। अच्छाई प्रायः शांत रहती है, जबकि बुराई शोर मचाती है। नतीजा यह कि समाज धीरे-धीरे शोर को सच और मौन को महत्वहीन मानने लगता है।

यदि वायरल वीडियो के शोर से बाहर निकलकर वास्तविक भारत को देखें, तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। भारतीय बेटियाँ आज उपलब्धियों के नए प्रतिमान गढ़ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उन्होंने कई बार पुरुष खिलाड़ियों से अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, पायलट, सैनिक, किसान और प्रशासक के रूप में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। एनएसएस और एनसीसी के आँकड़े भी सामुदायिक सेवा में युवतियों की उल्लेखनीय सक्रियता का प्रमाण हैं। उच्च शिक्षा में उनका प्रवेश बढ़ रहा है, साक्षरता दर सुधर रही है और आर्थिक आत्मनिर्भरता का उनका संकल्प निरंतर मजबूत हो रहा है। फिर भी यदि समाज कुछ वायरल मामलों को ही पूरी सच्चाई मान ले, तो यह वास्तविकता की नहीं, हमारी दृष्टि की विफलता है।

दरअसल, सियाझ्रसोनम सिंड्रोम केवल बेटियों के साथ अन्याय नहीं करता, बल्कि समाज की निर्णय-क्षमता भी कुंद करता है। यह तथ्यों पर नहीं, भावनाओं पर आधारित धारणा गढ़ता है। पूर्वाग्रह फैलाने वाले बार-बार वही उदाहरण सामने रखते हैं जो भय, अविश्वास और आक्रोश को हवा दें, जबकि वे उन हजारों बेटियों को अनदेखा कर देते हैं जो परिवारों की आर्थिक शक्ति हैं, गाँवों में शिक्षा पहुँचा रही हैं, अस्पतालों में जीवन बचा रही हैं, प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं और सीमाओं पर देश की रक्षा में जुटी हैं। सकारात्मक कहानियाँ कम दिखाई देती हैं, क्योंकि वे उत्तेजना नहीं, प्रेरणा जगाती हैं। जबकि राष्ट्र उत्तेजना से नहीं, प्रेरणा से आगे बढ़ते हैं। इसलिए कुछ अपवादों को संपूर्ण सत्य बना देना समाज और उसके भविष्य-दोनों के साथ अन्याय है।

इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि गलतियों को अनदेखा किया जाए। जो दोषी है, उसे कानून के अनुसार दंड मिलना ही चाहिए-चाहे वह लड़की हो या लड़का। किंतु न्याय का तकाजा है कि सजा व्यक्ति को मिले, पूरे वर्ग को नहीं। हर बेटी को सिया या सोनम मान लेना उतना ही अविवेकपूर्ण है, जितना किसी एक पुरुष के अपराध के आधार पर समूचे पुरुष समाज को दोषी ठहराना। परिपक्व समाज वही है, जो व्यक्ति और समुदाय के बीच का अंतर समझे। बेटियों को संदेह की दीवारों में कैद करने के बजाय विश्वास, शिक्षा, अवसर और सही मार्गदर्शन दिया जाए, क्योंकि यही एक संतुलित और प्रगतिशील समाज की सबसे मजबूत नींव है।

अब समय आ गया है कि हम अपनी दृष्टि बदलें। किसी छोटे से अंधेरे को इतना विशाल बना देना कि पूरा सूरज ही ओझल हो जाए, यह यथार्थ नहीं, दृष्टिदोष है। इतिहास अपवादों से नहीं, बहुसंख्यक के योगदान से लिखा जाता है। सिया और सोनम जैसी घटनाएँ अपराध हो सकती हैं, पर वे भारतीय बेटियों का चरित्र-पत्र नहीं हैं। इस देश की पहचान उन लाखों बेटियों से बनती है, जो प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं, खेतों में श्रम कर रही हैं, सीमाओं पर डटी हैं, स्टार्टअप खड़े कर रही हैं, अदालतों में न्याय की आवाज बन रही हैं, परिवारों का संबल हैं और विश्व मंच पर भारत का मान बढ़ा रही हैं। इसलिए आवश्यकता 'सियाझ्रसोनम सिंड्रोम' को नहीं, भारत की बेटियों के वास्तविक स्वरूप को सामने लाने की है। आखिर कुछ परछाइयाँ कभी सूरज की पहचान नहीं बन सकतीं।

# 'उस' तरह के लोग

फलाने दुकानदार ने 'उस' की बात बीच में ही काट दी। कहा, डॉक्टरों की भाषा बदल गई है। पहले वे कहते थे कि बीमारी लाइलाज है। अब कहते हैं कि मरीज ने जीने की इच्छा छोड़ दी है। बीमारी अब भी वही है, बस दोष अब बीमारी का नहीं, मरीज के मन का बना दिया गया है।

'उस' कहलाने वाला व्यक्ति चुप हो गया।

दुकानदार ने सामने रखा पीतल का लोटा उसकी ओर बढ़ा दिया।

इसे देखो।

इसमें क्या है?

आधा पानी।

तो?

यही आदमी की उम्र है। आशावादी कहेगा आधा बचा है। निराशावादी कहेगा आधा चला गया। अस्पताल कहेगा पहले बिल जमा कराइए।

'उस' की आँखों से आँसू बह निकले।

मेरे पास पैसे नहीं हैं।

यहाँ पैसे चलते भी नहीं।

तो क्या देना होगा?

जो सबसे प्रिय हो।

मेरे पास माँ की एक पुरानी तस्वीर है।

दुकानदार ने सिर हिलाया।

तस्वीर नहीं चाहिए। तस्वीरें तो अब हर मोबाइल में भरी पड़ी हैं। हमें वह चाहिए जो तस्वीर देखते समय भीतर जागता है।

'उस' की कंपकंपी छूट गई।

मतलब?

मतलब यह कि अगर तुम अपनी सबसे सुंदर स्मृति छोड़ दोगे तो माँ शायद लौट आएँगी, लेकिन तुम्हें याद नहीं रहेगा कि उन्होंने पहली बार तुम्हें गोद में कब उठाया था। तुम्हें याद नहीं रहेगा कि बुखार में रात भर तुम्हारे सिरहाने कौन बैठा था। तुम्हें यह भी याद नहीं रहेगा कि स्कूल जाते समय तुम्हारी जेब में बिना बताए दो रुपये किसने रखे थे।

कमरे में एक लंबी चुप्पी उतर आई।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 जुलाई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:41 सूर्यास्त 19:13
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 03:00 से 16:30 तक
तिथि - सप्तमी 13:25 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 16:24 उपरांत रेवती
योग - शोभन 14:31 अतिगंड
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 21 तारिख

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति व जल्दबाजी से बचें।

**वृषभ-** विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। जीवन साथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं।

**मिथुन-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** जल्दबाजी न करें। प्रवास में सावधानी रखें। विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण अशांति होगी।

**सिंह-** नवीन कार्ययोजना की बातचीत में सफलता मिलने के संयोग बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**कन्या-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धर्म में रुचि रहेगी।

**तुला-** व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में गति आएगी।

**वृश्चिक-** आर्थिक समस्याओं का निराकरण संभव है। व्यापार, कारोबार में नई जवाबदारी बढ़ेगी।

**धनु-** अप्रत्याशित खर्च होंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर-** आर्थिक स्थिति से ऋण की समस्या उभरेगी। चापलूसों से सावधान रहें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** लेन-देन में सावधानी रखें। अनिर्णय की परिस्थिति से दूर रहना चाहिए। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**मीन-** भावनाओं को संयमित रखकर कार्य करें। भागीदारी के कार्यों में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

## समसामयिक

# जांच पूर्ण होने तक धैर्य रखे छद्म राम भक्त

हिंदू आस्था के वैश्विक केंद्र अयोध्या स्थित राम मंदिर में पिछले दिनों घटित घटनाक्रम के संदर्भ में अविवेकपूर्ण प्रतिक्रिया दे रहे छद्म राम भक्तों ने इस तथ्य को पुनः प्रमाणित किया है कि हिंदू, विश्व की एक मात्र कौम हे जहां मुट्ठी भर लालची लोगों के कुकृत्य को संपूर्ण संस्थान का पतन घोषित कर आस्था के केंद्रों को बदनाम करने वाले को अपराध नहीं माना जाता। इसमें संदेह नहीं की मंदिर में चोरी हुई है। यह करोड़ों सनातनियों के साथ विश्वासघात है। जिसके लिये क्षमा की गुंजाइश नहीं परंतु न्याय का सिद्धांत है कि सजा दोषी को ही मिले। निर्दोष को सजा न्याय की हत्या होकर घोर अपराध है। इस प्रकरण में जांच प्रक्रिया पूर्ण होकर न्यायालय का निर्णय आने के पूर्व ही छद्म राम भक्तों ने निष्काम कर्म योगी प्रो चंपतराय को चरित्र हनन रूपी सजा देने का अपराध किया है। इसमें बड़ा कारण संभवतः उनकी विहिप एवं आरएसएस से संबद्धता भी है।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

रामचरित मानस [बालकाण्ड 62.4] की यह पंक्तियां 'जद्यपि जग दारून दूख नाना। सब ते कठिन जाति अवमाना।।' जिनका भावार्थ है जगत के अनेक दारुण दुखों में जाति अपमान सबसे बड़ कर कठिन है। चंपतरायजी के वर्तमान पर सटीक बैठती है। क्योंकि दोष सिद्धी के पूर्व दोषी ठहरा देना एवं लोकापवाद, दंड से कम नहीं होता। इस कसौटी पर राम मंदिर चोरी प्रकरण में आरोपकताओं द्वारा एसआइटी को प्रमाण उपलब्ध करवाए बिना न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने के पूर्व ही चंपतरायजी को दोषी मान उन्हें दंडित किया है। जांच अभी जारी है। जिन कर्मचारियों ने चढ़ावा चोरी की है उन पर एफआइआर हो गई है दोषी पाए जाने पर वे कठोर दंड के भागी होंगे, इसमें संदेह नहीं। परंतु राम के अस्तित्व को लेकर शंकित उन राम द्रोहियों को न्यायिक प्रक्रिया का परिणाम आने तक धैर्य नहीं है जिन्हें राम मंदिर निर्माण पर घोर आपत्ति थी जो न प्राण प्रतिष्ठा में गए न ही दर्शन के लिये जाने की जहमत उठाई। जनमत के भय से मौन थे वे अवसर पाकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ति के लिये बिल से निकल पड़े एवं जिस चंपतरायजी पर चोरी का आरोप न होकर लापरवाही का आरोप है, उन्हें चोर और लुटेरा तक कह डाला। उस महमूद गजनवी और मोहम्मद गौरी से उनकी तुलना की, जिन्होंने हिंदू मंदिरों का विध्वंस कर भारतीयों का भारी नरसंहार किया था। चंपत राय ने उन लुटेरों की तरह कौन से मंदिर तोड़ कर धन लूटा और कितने सनातनियों की हत्या की ? इन छद्म राम भक्तों के पास इन प्रश्नों का उत्तर नहीं है। चोरी और डकैती में अंतर है चोरी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर बचाकर की जाती है वहीं डकैती में हत्या और मारपीट कर सरे आम धन लूटा जाता है। यहां नगदी गिनने हेतु नियुक्त लालची कर्मचारियों द्वारा चढ़ावे की चोरी की गई है। इस रकम की पाई पाई वसूल कर अपराधियों को कठोरतम दंड देने का आश्वासन मुख्यमंत्री कई बार दोहरा चुके है। वास्तविक राम भक्तों के चरित्र हनन पर उतारू छद्म राम भक्तों को कुछ दिन धैर्य रखना चाहिये। असावधानी या लापरवाही सहज मानवीय दुर्बलता है एक भी मनुष्य इससे मुक्त नहीं, चंपतरायजी भी नहीं। इस प्रकरण में वे निश्चित रूप से लापरवाही के दोषी है। उन्हें इसकी सजा मिलनी चाहिये। वे ईमानदार और निष्ठावान राम भक्त है परंतु यह उनकी सबसे बड़ी अक्षमता है कि सौ करोड़ सनातनियों में से नगदी गिनने के लिये मात्र पचास ईमानदार कर्मचारी नहीं खोज सके। और जिन्हें नियुक्तियां दी उन पर निगरानी में असफल रहे। राम राम के स्थान पर मरा मरा जपकर वंदनीय हुए आदि कवि वाल्मीकि की भांति चंपतरायजी पर कीचड़ उछालने के लिये दिन रात राम नाम और राम मंदिर का उच्चारण कर रहे राम द्रोही भी रामजी की कृपा से अनायास कल्याण के अधिकारी हो जाएंगे। इन नास्तिकों में प्रस्फुटित दिखावटी आस्तिकता के लिये चंपतरायजी की लापरवाही और प्रशासनिक अक्षमता को श्रेय दिया जाना चाहिये। अयोध्या बार एसोसिएशन द्वारा चंपतराय से शहर छोड़ने का आग्रह एवं दोषीयों की पैरवी करने वाले अभिभाषकों पर अर्थ दंड लगाया है। आतंकवाद एवं देश द्रोह के आरोपियों के विरूद्ध भी ऐसे कदम उठाए जाना चाहिये।

# मानसून में बढ़ जाता है मलेरिया का खतरा, जानें लक्षण व बचाव

मलेरिया बुखार एक परजीवी के कारण होने वाली बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से संचरित होती है। मलेरिया ठंड और बुखार के आवर्ती हमलों का उत्पादन करता है । बारिश के मौसम में मलेरिया और डेंगू से होने वाली बीमारियों का कहर बढ़ जाता है। ये बीमारियां ऐसी होती हैं जो मरीज का शरीर दर्द से तोड़कर रख देती हैं। डेंगू, चिकनगुनिया से ज्यादा अब मलेरिया का खतरा बढ़ता जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि बहुत कम ही लोग इस बात को जानते हैं कि मलेरिया एक नहीं बल्कि 5 तरह का होता है। आइए जानते हैं इसके बारे में

### क्या है मलेरिया-

मलेरिया बुखार मच्छरों से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है। जो फीमेल एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। इस मादा मच्छर में एक खास प्रकार का जीवाणु पाया जाता है जिसे डॉक्टरी भाषा में प्लाज्मोडियम नाम से जाना जाता है। मलेरिया फैलाने वाली इस मादा मच्छर में जीवाणु की 5 जातियां होती हैं। इस मच्छर के काटते ही व्यक्ति के शरीर में प्लाज्मोडियम नामक जीवाणु प्रवेश कर जाता है ।जिसके बाद वह रोगी के शरीर में पहुंचकर उसमें कई गुना वृद्धि कर देता है। यह जीवाणु लिवर और रक्त



कोशिकाओं को संक्रमित करके व्यक्ति को बीमार बना देती है। समय पर इलाज न मिलने पर यह रोग जानलेवा भी हो सकता है।

### मलेरिया बुखार के लक्षण

इस रोग का संक्रमण आमतौर पर निम्नलिखित संकेतों और लक्षणों के साथ आवर्ती हमलों द्वारा विशेषता है, जैसे-

1. मध्यम से गंभीर हिलाने वाली ठंडें
2. उच्च बुखार 3. पसीना आना

### अन्य लक्षणों में शामिल हो सकते हैं, जैसे-

1. सरदर्द 2. उल्टी 3. दस्त

इस रोग से बचने के लिए घर के आस-पास गंदगी और पानी इकठ्ठा न होने दें। ऐसी कोई भी चीज जिससे मच्छर पैदा हो सकते हो उसे करने से बचें। मलेरिया का बुखार 5 तरह का होता है-

### प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम

इस रोग से पीड़ित व्यक्ति एकदम बेसुध हो जाता है। उसे पता ही नहीं होता कि वो बेहोशी में क्या बोल रहा है। रोगी को बहुत ठंड लगने के साथ उसके सिर में भी दर्द बना रहता है। लगातार उल्टियां होने से इस बुखार में व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

### सोडियम विवैक्स

ज्यादातर लोग इस तरह के मलेरिया बुखार से पीड़ित होते हैं। विवैक्स परजीवी ज्यादातर दिन के समय काटता है। यह मच्छर बिनाइन टर्शियन मलेरिया पैदा करता है जो हर तीसरे दिन अर्थात 48 घंटों के बाद अपना असर दिखाना शुरू करता है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को कमर दर्द, सिर दर्द, हाथों में दर्द, पैरों में दर्द, भूख ना लगने के साथ तेज बुखार भी बना रहता है। प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया इस तरह का मलेरिया बिनाइन टर्शियन मलेरिया उत्पन्न करता है।

## 7 जुलाई विश्व क्षमा दिवस

# क्रोध की आग को शांत करने के लिए क्षमा शीतल जल के समान है

क्षमा या माफी एक ऐसी रामबाण दवा है, जो दिल गहराई तक जाकर घावों का इलाज करती है। हाँ, जी , आपने सही पढ़ा है। मानव जीवन में सबसे कठिन यदि कुछ है, तो वह है, किसी को उसके अपराध के लिए क्षमा कर देना । हम जानते है, कि हर मनुष्य चाह कर भी दुख देने वाले लोगों । को हृद?य से क्षमा नहीं कर पाते । क्षमा कर देने से सामने वाले व्यक्ति को ही हम पीड़ामुक्त नहीं करते,जबकि क्षमाशीलता हमारे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का मार्ग भी खोलती है। किसी भी गलती पर उसे क्षमा कर देना और अपनी गलती पर क्षमा मांग लेना, इस गुण की सार्थकता होती है। अपने आवेश और अपमान पर पूर्ण नियंत्रण कर सकने वाला व्यक्ति ही क्षमाशील हो सकता है।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

आज विश्व क्षमा दिवस है। इस दिवस पर मनुष्य सभी जीवों को क्षमा करते है ,सबसे क्षमा याचना करते हैं, और कहते हैं, मेरे दुष्कृत्य, मिथ्या हो, मेरा किसी से वैर नहीं है। यहाँ यह स्पष्ट है, कि जैन परंपरा में पर्युषण महापर्व की समाप्ति के बाद क्षमा पर्व मनाया जाता है।

यहाँ श्रावक और साधु दोनों ही वार्षिक प्रतिक्रमण करने के पश्चात पूरे वर्ष में उन्होंने जाने या अनजाने में यदि संपूर्ण ब्रह्मांड के किसी भी सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव के प्रति यदि कोई भी अपराध किया हो तो, उनसे वे क्षमा याचना करते हैं। अपने दोषों की निंदा करते है और कहते हैं- मिच्छा मी दुक्कडम अर्थात मेरे सभी दुष्कृत्य मिथ्या हो जाए।



क्षमा याचना कहने या कर लेने से ही विश्व क्षमा दिवस की सार्थकता सिद्ध नहीं हो सकती। क्षमा को दिल में धारण करो, दुश्मन को भी दुश्मनी मित्रता में बदल कर एक मिसाल बन जाये। यहाँ छोटे-बड़े का सवाल नहीं है क्षमा करना टूटे दिलों को जोड़ने से अर्थात वैर विरोध भाव को छोड़कर 'क्षमा के सेतु से प्रेम भाव जगाना ही सच्ची क्षमा याचना है। स्पष्ट है क्षमा दिखावे के लिए नहीं दिल में धारण करने से । क्षमा प्रत्येक ईंसान का फर्ज ही नहीं मानव धर्म भी है।। क्योंकि क्षमा नहीं करना, हमारे शरीर में हार्मोनल परिवर्तन पैदा करती है। जो शरीर के लिए घातक है। क्षमा माँगने में विलंब नहीं करना, नहीं तो क्षमा माँगना कठिन हो जाएगा। खुले दिल से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए। लेकिन कदाचित वह अपनी गलती के लिए मॉफी नहीं मांगता है, तब भी आप अपनी ओर से अपने मन की शांति के लिए तो उसे माफ कर ही दीजिए। और उसके अपराध को अपने दिमाग से निकल दीजिए। इससे आपके मन पर बोझ नहीं रहेगा आपका दिल-दिमाग हल्का हो जाएगा। अन्यथा जो लोग द्वेषता से ग्रसित होते हैं ,उनमें हृद?यगति के तेज होने की और बी पी की संभावना बढ़ जाती है। अपने मन के क्रोध से गंभीर मानसिक रोगों के शिकार भी जल्दी होते हैं। क्षमा में बहुत बड़ा बल है। क्रोध और प्रतिशोध की धधकती ज्वाला को शांत करने के लिए क्षमा शीतल जल के समान है।

मुंशी प्रेमचंद ने अपने उपन्यास मैं भी लिखा - ₹क्षमा का मार्ग टेढ़ा और कठिन है। क्योंकि क्षमा मानवीय भावों में सर्वोपरि स्थान रखती है। वही दया का स्थान इतना ऊँचा नही है। दया का मार्ग सीधा व सरल है।

महात्मा गाँधी ने लिखा है कि दंड देने की शक्ति होने पर भी दंड न देना क्षमा है। क्षमा और उदारता वही सच्ची है, जहाँ पर स्वार्थ की बलि दी जाती है। जिनका रखती है। जिनका हृदय क्षमा से रहित है जो दूसरों को क्षमा करना नहीं जानते हैं, ऐसे लोगों का क्रोध चांडाल की तरह होता है । सज्जन व्यक्ति का क्रोध जल की तरंग के समान उठते ही शांत हो जाता है।

कुरान में भी क्षमा को एक महान साहस भरा कार्य बताया गया है। जो व्यक्ति धैर्य रखकर क्षमा कर देता है, निश्चित विवाह साहस का कार्य करता है।

महात्मा कबीर क्षमा को ईश्वर का रूप बताते हुए कहते हैं----

जहाँ ज्ञान वहाँ धर्म है, जहाँ झूठ वहाँ पाप। जहाँ क्रोध वहाँ काल है, जहाँ क्षमा वहाँ आप ।।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,45,000 रवा- 1,44,800 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,800।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम




### नागरिक अधिकार मंच ने अभद्र टिप्पणियों को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज की

**सनावद।** नगर की जनसमस्याओं, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के मुद्दे उठाने पर सोशल मीडिया में की गई कथित अभद्र टिप्पणियों और चरित्र हनन के प्रयासों को लेकर नागरिक अधिकार मंच, सनावद ने पुलिस थाना सनावद में लिखित शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है।मंच की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि संगठन लंबे समय से नगर की समस्याओं को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से उठाता रहा है। हाल ही में नगरहित से संबंधित एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद कुछ व्यक्तियों द्वारा मंच के सचिव एवं दैनिक लोक समाचार पत्र के सह संपादक संजय सोनी के विरुद्ध सोशल मीडिया समूहों में कथित रूप से अपमानजनक एवं अमर्यादित टिप्पणियां की गईं।मंच का आरोप है कि उक्त टिप्पणियों का उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत छवि को धूमिल करना है, बल्कि जनहित के मुद्दों को उठाने वाले सामाजिक संगठन की आवाज को दबाना भी है।

### एयरटेल कंपनी के टावर में काम रहे फिल्ड इंजीनियर की करंट लगने से मौत

**सनावद।** नगर में मोबाइल टॉवर पर कार्यरत कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। टॉवर के आसपास के रहवासी कर्मचारी को सिविल अस्पताल लेकर आए। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को दिया जाएगा। बड़वाह निवासी अर्जुन सिंह पंवार पिछले कई समय से एयरटेल टॉवर में कार्यरत थे और नगर की कॉलोनी में अस्थाई निवासी होकर यही से प्रतिदिन काम पर जाते थे। रविवार शाम को करीब से 7 बजे वहां खेल रहे बच्चों ने देखा कि अर्जुन सिंह टॉवर के पास जमीन पर गिरे हुए है। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के रहवासियों को दी। इसके बाद टॉवर के आसपास के कॉलोनी के रहवासी अर्जुन सिंह को तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बच्चों के खेलने के दौरान इस घटना की जानकारी मिली। मृतक के परिवार ने करंट लगने से हुई दुर्घटना की जांच किए जाने की मांग की ताकि पता चल सके कि किस कारण से यह घटना हुई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में कॉलोनी के निवासी व बड़वाह से समाज समाजजन व परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए थे। सोमवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को दिया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

### न.पा. अलीराजपुर सीएमओ निशिकांत शुक्ला ने कार्यभार ग्रहण किया

**अलीराजपुर।** नगर पालिका सीएमओ निशिकांत शुक्ला ने आज कार्यभार ग्रहण किया कार्यभार ग्रहण करते ही पहले ही दिन एक्शन मोड में नजर आए सीएमओ* मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहां उपलब्ध संसाधनों के साथ नगर को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे अतिक्रमण की समस्या का भी जल्द ही निराकरण किया जाएगा जल्द ही एक टोल फ्री नंबर नगर पालिका द्वारा जारी किया जाएगा जिसमें नागरिक अपनी समस्याओं को इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से नगर पालिका को अवगत करा सकती है जिससे कि नगर पालिका द्वारा इस पर पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी केंद्र एवं राज्यों की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है उन्हें तीव्र गति प्रदान कर जल्द से जल्द पूरी की जाएगी मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नागरिक कचरा कचरा वाहन में ही डालें एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखें नगर में पानी की कमी एवं सप्लाई के मामले पर उन्होंने बताया कि नगर पालिका के पास पर्याप्त संसाधन मौजूद है जिससे कभी भी अलीराजपुर नगर वासियों को जल की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में

# भाजपा का जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बेड़िया,सनावद

सम्मेलन में खरगोन जिले के भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता,डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया।

भाजपा जिला महामंत्री विवेक भटोरे ने राष्ट्रगीत का गायन किया। वर्ग गीत अमिता मंत्री ने प्रस्तुत किया। विधायक सचिन बिरला ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित आदर्श आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्र डॉ.मुखर्जी के बलिदान को सदैव याद रखेगा।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषणसिंह चौहान ने कहा कि डॉ.मुखर्जी के प्रयासों से ही कश्मीर और पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बने। डॉ.मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के भारत विरोधी मंसूबों को विफल किया। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित रहा।उन्होंने स्वतंत्र भारत के उद्योग मंत्री के रूप में देश के औद्योगिक विकास




का ड्राफ्ट तैयार किया। उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस मंत्रिमंडल में रहते हुए कांग्रेस की नीतियों का विरोध किया और मंत्रिमंडल से इस्तीफा किया।

डॉ. मुखर्जी ने कांग्रेस और मुस्लिम लीग से मुकाबले के लिए जनसंघ की स्थापना की और देश को एक सशक्त राजनीतिक विकल्प दिया। भारतवासी डॉ.मुखर्जी के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखेंगे।

सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने डॉ. मुखर्जी का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि डॉ.मुखर्जी के अखंड भारत के स्वप्न को हमें साकार करना है। भारत और पाकिस्तान के विभाजन के दौरान डॉ.मुखर्जी ने कश्मीर को बचाने के लिए अपना बलिदान दे दिया। डॉ. मुखर्जी ने 1943 के भीषण अकाल में लंगर लगाकर भूखों को भोजन उपलब्ध करवाया और लोगों की प्राण रक्षा की। विभाजन कालखंड में उन्होंने पश्चिम बंगाल और मुर्शिदाबाद जिला को भारत में मिलाने में मुख्य भूमिका निभाई।उन्होंने आजाद भारत की उद्योग नीति की शुरूआत की और चितरंजन में रेल इंजिन का कारखाना और बैंगलोर में विमान बनाने का कारखाना स्थापित किया। भारत के औद्योगिक विकास की नींव डॉ.मुखर्जी ने ही रखी थी। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने भी डॉ.मुखर्जी के कृतित्व पर प्रकाश डाला और कार्यकताओं से राष्ट्रसेवा का आव्हान किया।

विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने प्रथम उद्योगमंत्री के रूप में देश में उद्योगों की आधारशिला रखी। डॉ.मुखर्जी का संघर्ष और बलिदान भारत के युवाओं को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

# असीरगढ़ के आंचल में 30 हजार पलाश बीजों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में जारी पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को असीरगढ़ किले के पास इंदौर हाईवे के समीप विशाल पलाश बीजारोपण अभियान आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार के नेतृत्व में करीब 30 हजार पलाश के बीजों का बीजारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया।

**कौन रहे शामिल:**

इस पहल में डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला, कृषि उपसंचालक एम.एस. देवके, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भरत जांचपुरे सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के लगभग 150 विद्यार्थियों और पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गेती-फावड़े की मदद से गड्ढे कर बीजों का रोपण किया गया।

**पलाश का औषधीय महत्व बताया**

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर पाटीदार ने पलाश के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पलाश के बीज प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अनुकूल परिस्थितियों में स्वयं विकसित होकर वृक्ष बन जाते हैं। अभियान के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

**पिछले साल के पौधे लहलहाए:**

प्रतिभागियों ने पिछले वर्ष धूपगट्टा और झिरी की पहाड़ियों पर किए गए बीजारोपण से विकसित लहलहाते पलाश के पौधों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

# पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

## साइबर सुरक्षा के प्रति ग्रामीणजनों को किया जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में संचालित "सेफ क्लिक 2.0* साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना नागलवाड़ी पुलिस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना नागलवाड़ी पुलिस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में उपस्थित ग्रामीणजनों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों, साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न तरीकों तथा ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

**साइबर सुरक्षा के संबंध में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव :**

ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन, सीवीवी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध मैसेज, क्यूआर कोड अथवा मोबाइल एप्लीकेशन पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई।

डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन लॉटरी, निवेश के नाम पर ठगी एवं बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी गई।



### नर्मदा गौशाला ट्रस्ट द्वारा विधायक राजन मंडलोई का किया सम्मान

**बड़वानी।** गत दिवस स्थानीय नर्मदा गौशाला ट्रस्ट और ट्रस्टियों द्वारा एक कार्यक्रम में बड़वानी विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक राजन मंडलोई को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रदान कर उनसे गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने का संकल्प दिलवाया तथा ट्रस्ट कमेटी ने निवेदन किया कि मध्य प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में कार्य कर गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए साथ ही अवैध कत्ल खाने में जो गाय का वध किया जा रहा है उसको भी अविलंब बंद करवाया जाए ,मंडलोई ने आश्वासन दिया कि में इस मुद्दे पर गौशाला और गौ भक्तों के साथ खड़ा हु और अपनी और से पुर जोर कोशिश कर गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान देकर राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने का पुर जोर प्रयास करूंगा इस अवसर पर गौ शाला ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तुलसीराम यादव,ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी काशीराम काका,रामलाल जी मुकाती,सचिव जितेंद्र जैन,सकू दरबार,बाबू दादा कोतवाल,अजय खंडेलवाल,मनीष जैन,राम साखी ,लक्ष्मण चौहान और अन्य सदस्य उपस्थित थे,गौशाला कमेटी ने विधायक को गौ माता के प्रतीक स्वरूप गाय बछड़े का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

# ग्राम हरिबड़ में प्रभारी मंत्री ने किया नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने जिले के भ्रमण के दौरान सोमवार को ग्राम हरिबड़ ने 37.50 लाख रुपये की लागत से बने नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण किया।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने कन्यापूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की वही स्मृति स्वरूप पंचायत भवन में पौधारोपण भी किया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन ग्राम पंचायत का आधुनिक प्रशासनिक भवन है, जहाँ पंचायत से जुड़े कार्य और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी



सेवाएँ उपलब्ध कराई जायेगी।

प्रभारी मंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जिला प्रदेश स्तर पर प्रथम आने पर अभियान में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अभियान में हुए कार्यो की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होने कहा कि सभी के प्रयासों से जिले में उक्त अभियान में कार्य हुआ है एवं जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। अतः हमे संगठित एवं प्रयासरत होकर कार्य करना चाहिए तभी सफलता मिलती है।

इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, ग्राम सरपंच श्रीमति थावलीबाई रावत, उप सरपंच श्रीमति ललिताबाई चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवागत जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बड़वानी** ।नवागत जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल द्वारा आज निमार्णाधीन सांदीपनि विद्यालय सजवानी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से सीधा संवाद किया और शैक्षणिक स्तर को परखने के लिए बच्चों से हिंदी की किताब भी पढ़वाई। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी शिक्षक आपसी समन्वय से कार्य कर आगामी परीक्षाओं में संस्था का शत-प्रतिशत रिजल्ट लाना सुनिश्चित करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमि चयन और निरीक्षण के लिए संयुक्त दल द्वारा भ्रमण

## टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

शासन द्वारा उन्?हेल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में स्वीकृत कर दिया गया है। प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 से 50 बिस्तरों की व्यवस्था का प्रावधान है, जिसके लिए लगभग तीन बीघा भूमि की आवश्यकता होगी।भूमि चयन एवं निरीक्षण हेतु एक संयुक्त दल का गठन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) श्री बृजेश त्रिपाठी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमरावत, कर्मचारी श्रीमती नेहा निर्मल तथा क्षेत्रीय तहसीलदार शामिल थे।दल द्वारा प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भूमि की उपयुक्तता, पहुंच मार्ग, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की संभावनाओं का समुचित मूल्यांकन किया गया। दल के सभी अधिकारियों ने स्थल को स्वास्थ्य संस्थान निर्माण हेतु उपयुक्त एवं महत्वपूर्ण मानते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।निरीक्षण के उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी द्वारा उंछेल शहर के वार्ड क्रमांक 5 में आयोजित टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने किए ममलेश्वर महादेव के दर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा,

ओंकारेश्वर। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ विश्व प्रसिद्ध ममलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। द्वादश ज्योतिलिंगों में शामिल ओंकारेश्वर-ममलेश्वर धाम में उन्होंने भगवान शिव का आशीर्वाद लेकर देश की सुख-समृद्धि, मतदाताओं के कल्याण तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती की कामना की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दर्शन-पूजन के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि ममलेश्वर महादेव के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की है कि भारत का लोकतंत्र और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बने तथा देश के सभी मतदाताओं पर उनकी कृपा बनी रहे।

उन्होंने कहा कि उनकी कामना है कि देश के सभी नागरिक और मतदाता स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध रहें। लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मंदिर आगमन को लेकर मंदिर प्रशासन एवं जिला प्रशासन ने सुरक्षा और दर्शन की विशेष व्यवस्थाएं की थीं। अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही भी सामान्य रूप से जारी रही। गौरतलब है कि ममलेश्वर-ओंकारेश्वर धाम देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की इस आध्यात्मिक यात्रा ने धार्मिक आस्था के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी संदेश दिया।

# महिदपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर द्वारा जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर में आम एवं जामुन के पौधे लगाकर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना था।

ब्लॉक समन्वयक नम्रता तिवारी के नेतृत्व में एवं श्री सुनील कुमार दुबेजी के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री शोभाराम राठौड़, परीक्षा अधीक्षक श्री राजेश जी कमलकर, एन.सी.सी अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़, परामर्शदाता सोनू व्यास, शिवदयाल शर्मा, संजय व्यास, दिलीप सिंह राजपूत सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक यदि अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

### जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर पौधारोपण किया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया सेक्टर के आदर्श ग्राम उज्जैनिया में शनिवार को जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन नर्सरी में तैयार किया गया जामुन के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच तेजकरण चौहान, विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुलमी,शासकीय डिस्पेंसरी के चिकित्सक आशुतोष पांचाल,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सुमेर सिंह पंवार,सचिव संग्राम सिंह ,व्याख्याता एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# लकडी की बल्ली से मारपीट करने वाले आरोपी ठेकेदार को कठोर कारावास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

विशेष न्यायाधीश, अ.जा./अ.ज.जा.(अत्याचार निवारण) अधिनियम बडवानी श्री एल.डी. निवासी राजपुर को धारा 115(2) बीएनएस एवं धारा 3(2)(5ए) एससी एसटी एक्ट में 6 माह का कठोर कारावास से दंडित किया। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी श्री संजय मोरे जिला अति. सहायक निदेशक अभि योजन जिला बड़वानी द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया प्रभारी श्रीमती मीना कुशवाह ने बताया कि घटना 12 सितम्बर 2025 को फरियादी पन्नालाल चौहान सुबह श्रीराम तिराहा राजुपर में खड़ा था, तभी वहां मकान मालिक अल्लानुर शाह आया और उससे बोला कि तुम काम पर क्यों नही आ रहे हो। फरियादी पन्नालाल चौहान द्वारा उसे कम पैसे देने के कारण काम पर नहीं आ रहा हूँ तब मकान मालिक ने पैसे देने की बात बोलकर काम पर चलने का बोला तब फरियादी पन्नालाल चौहान उसके गांव के खुशाल पिता शंकर मोरे के साथ जुलवानिया रोड़ भीलटखेड़ा राजपुर में मकान पर काम करने के लिए चला गया । करीब 9.30 बजे पन्नालाल चौहान और खुशाल काम कर रहे थे तथा मकान मालिक अल्लानुर शाह भी वहीं पर था, तभी आरोपी ठेकेदार रफीक शेख आया और उसे बोला साले आदिवासी भीलड़े तू यहां पर अब काम करने के लिए क्यों आया, कहकर पन्नालाल चौहान को गालियां देने लगा, फरियादी पन्नालाल चौहान द्वारा गालियां देने से मना करने पर आरोपी रफीक ने उसके उल्टे गाल पर थप्पड़ मार दिया व वहीं पर पड़ी लकडी की बल्ली का टुकड़ा उठाकर मारा, जिससे फरियादी के सीधे हाथ की कलाई में चोट लगी, और आरोपी द्वारा फरियादी को जान से खत्म करने की धमकी दी।

### युवाओं को लद्यु नाटिका के माध्यम से दी समझाईश

**बड़वानी** . कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह के निदेर्शानुसार जिला झाबुआ से पधारे कलापथक दल के द्वारा ०६ जुलाई आदर्श एवं विधि महाविद्यालय बड़वानी में युवाओं को नशा मुक्ति हेतु समझाइस एवं लघु नाटिका के द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। उक्त कार्यक्रम में उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग से रौनक सोलंकी प्राचार्य प्रमोद पंडित एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीएस मुजाल्दा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आर.आर एवं डॉ. सुनील कुलहरे सहित समस्त था।

# कुंए में समा गई 13 हिरणों की जिंदगी, किसान ने देखा दर्दनाक मंजर

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर



अनुभाग शुजालपुर की कालापीपल तहसील के ग्राम खरदौनकला में रविवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। गांव से लगे एक खेत के कुएं में 13 हिरणों और एक कुत्ते के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। वन विभाग और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तथा सभी वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कराया।

जानकारी के अनुसार खेत मालिक रविवार को अपनी फ सल पर दवा का छिड़काव करने खेत पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर खेत स्थित कुएं में पड़ी, जहां बड़ी संख्या में हिरण मृत अवस्था में दिखाई दिए। उन्होंने तत्काल ग्राम सरपंच को सूचना दी। इसके बाद पुलिस के माध्यम से वन विभाग को अवगत कराया गया। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि हिरणों का झुंड किसी कुत्ते से बचने के लिए तेज गति से भाग रहा था। इसी दौरान अंधाधुंध दौड़ते हुए सभी हिरण खेत के कुएं में गिर गए। जिस कुत्ते से वे बचने का प्रयास कर रहे थे, वह भी कुएं में गिर गया और उसकी भी मौत हो गई। मृत हिरणों में चार नर एवं नौ मादा शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार कुएं पर सुरक्षा के लिए मुंडेर बनी हुई है, लेकिन उसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला। आशंका है कि इसी स्थान से हिरण कुएं में गिरे। घटना कब हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका। हालांकि जब खेत मालिक रविवार को खेत पर पहुंचे तो कुएं से तेज दुर्गंध आ रही थी। नीचे देखने पर हिरणों और एक कुत्ते के शव बुरी तरह सड़-गल चुके थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत एक-दो दिन पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल ग्राम सरपंच को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और वन विभाग मौके पर पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी, नायब तहसीलदार तथा विभागीय अमला मौके पर पहुंचा। वन्यजीव संरक्षण के नियमों के तहत पंचनामा तैयार किया गया, शवों का परीक्षण करवाते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। वन्य अमले ने ग्रामीणों के सहयोग से मृत वन्यजीवों का अंतिम संस्कार किया। गौरतलब है कि शुजालपुर-कालापीपल क्षेत्र हिरणों की बड़ी आबादी के लिए जाना जाता है। खेतों और खुले इलाकों में अक्सर हिरणों के झुंड देखे जाते हैं। हिरणों की बढ़ती संख्या एवं किसानों की परेशानी को देखते हुए पूर्व में विशेष अभियान चलाकर हेलीकॉप्टर की मदद से बड़ी संख्या में हिरणों को पकड़कर प्रदेश के विभिन्न अभयारण्यों में स्थानांतरित किया जा चुका है। इसके बावजूद क्षेत्र में आज भी बड़ी संख्या में वन्यजीव विचरण करते हैं।

## राज्यसभा नॉमिनेशन खारिज होने में कांग्रेसी नेताओं का दोष नहीं

**भोपाल।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने राज्यसभा चुनाव में अपना नामांकन खारिज होने के मामले में पहली बार खुलकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नामांकन निरस्त होने के लिए कांग्रेस के किसी नेता या फॉर्म भरने वालों की कोई गलती नहीं थी। चुनाव आयोग को बचाने के लिए सुनियोजित तरीके से यह थ्योरी गढ़ी गई कि पार्टी की लापरवाही से नामांकन खारिज हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तय समय सीमा के भीतर हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर करेगी और पूरे मामले को कानूनी रूप से चुनौती देगी। मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि जिस आधार पर उनका नामांकन निरस्त किया गया, वह कानूनी रूप से टिकता ही नहीं है। रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि उनके खिलाफ लंबित मामले की जानकारी नहीं दी गई।

## हरभजन बनकर नौकरी करने वाला निकला साबिर अली

**छिंदवाडा।** छिंदवाड़ा में पहचान छिपाकर शराब दुकान में काम करने और 5.46 लाख रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को दिल्ली और पंजाब में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को हरभजन बताकर पिछले तीन महीने से शराब दुकान में काम कर रहा था, जबकि उसका असली नाम साबिर अली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी साबिर अली (44) उत्तराखंड के उधमपुर नगर का रहने वाला है। वह गुरुद्वारे में अरदास भी करता था, जिससे किसी को उस पर शक नहीं हुआ।दो पहचान पत्र मिलने से खुला मामला गिरफ्तारी के बाद पुलिस को आरोपी के पास से दो अलग-अलग पहचान पत्र मिले। एक पहचान पत्र में उसका नाम साबिर अली, पिता मोहम्मद शाह, निवासी उधमपुर नगर (उत्तराखंड) दर्ज है।

## सड़क नहीं होने पर खाट से 2 किमी लाए, महिला की मौत

**रीवा।** रीवा के मनगवां विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नदना (डिहिया) में सड़क नहीं होने के कारण एक आदिवासी महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। आकाशीय बिजली गिरने के बाद परिजनों ने उन्हें करीब दो किलोमीटर तक खाट पर उठाकर कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने में हुई देरी के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना रविवार शाम की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। मृतका की पहचान रामकली रावत, पत्नी स्वर्गीय राम स्वयंवर रावत, निवासी ग्राम पंचायत नदना (डिहिया) के रूप में हुई है। सामने आए वीडियो में ग्रामीण महिला को खाट पर उठाकर कीचड़ भरे रास्ते से ले जाते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद गांव की सड़क व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## फल व्यापारी को पीटा

**ब्यावरा।** ब्यावरा के सुठालिया नगर में फल के कैरेट को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता बबलू केवट और उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों पर एक फल व्यापारी के कर्मचारी के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई। पचोर के भोजपुरिया निवासी फरियादी योगेश सिंह तोमर (28) अपने मालिक मयंक खटीक के साथ फल की कैरेट लेने सुठालिया आया था। जब योगेश भाजपा नेता बबलू केवट के फल ठेले के पास से एक कैरेट उठा रहा था, तभी बबलू के बेटे मनीष केवट ने उसे रोक दिया।

## कॉलेज छात्राओं ने किया चक्काजाम

**जबलपुर।** नई यूनिफॉर्म अनिवार्य किए जाने के विरोध में सोमवार को जबलपुर के होम साइंस कॉलेज की सैकड़ों छात्राएं सड़क पर उतर आईं। छात्राओं ने कॉलेज से निकलकर शहर के व्यस्त शास्त्री ब्रिज चौराहे पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण चारों ओर का यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस, कॉलेज प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शन कर रही छात्राओं का कहना था कि उनकी वर्तमान यूनिफॉर्म पूरी तरह ठीक है और उसे बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## ट्रॉमा सेंटर में जच्चा-बच्चा की मौत, लापरवाही का आरोप

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिला अस्पताल सह ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को प्रसव के दौरान एक प्रसूता और उसके नवजात की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों पर गंभीर लापरवाही, अभद्र व्यवहार तथा पैसे मांगने का आरोप लगाया।गुस्साए परिजनों ने डिलीवरी वार्ड के ऑपरेशन थिएटर के गेट का शीशा भी तोड़ दिया और कार्रवाई की मांग को लेकर शव उठाने से इनकार कर दिया। मृतक प्रसूता 26 वर्षीय आरती बियार थीं, जो मूल रूप से दमोह के पतेरा की निवासी थीं और वर्तमान में झांझीटोला, बैढ़न में रहती थीं।

## नकद राशि बढ़नी चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) ने सोमवार को कहा कि राज्यों में महिलाओं से जुड़ी नकद सहायता योजनाओं की राशि की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। परिषद ने कहा कि नकद राशि महंगाई बढ़ने और परिवारों के खर्च में बदलाव को देखते हुए जरूरत पड़ने पर बढ़ाई जानी चाहिए।ईएसी-पीएम ने अपनी रिपोर्ट में महाराष्ट्र की माझी लाडकी बहिन योजना और ओडिशा की सुभद्रा योजना का अध्ययन किया। रिपोर्ट में कहा गया ।

## श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संस्मरण ताजा हुए

**नागदा।** वर्षा ऋतु के शुभ आगमन पर अच्छी वर्षा की कामना के साथ वार्ड क्रमांक 21 एवं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद विजय पटेल के साथ बेरछा रोड स्थित कॉलोनी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि 6जुलाई को ही मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने अपना जन्मदिन सेवा, संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित भाव से, क्षेत्र के नन्हे मुन्नो एवं ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर मनाया। उन्होंने दिन की शुरुआत योग, प्राणायाम, वैदिक यज्ञ एवं देवदर्शन से की। इसके पश्चात बेरछा रोड बायपास स्थित कॉलोनी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें वार्डवासियों, इष्ट मित्रों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

वार्ड क्रमांक 21 की आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता बहनों एवं लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने गीत एवं कविताओं के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा स्नेहपूर्वक मामा को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विजय पटेल का पगड़ी पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत भी किया गया।

सुबह से ही उनके वार्ड स्थित निवास पर शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास सहित अनेक पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी।

इसके बाद प्रकाश टॉकीज स्थित भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया गया। नगर मंडल महामंत्री दौलतराम प्रजापत के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विजय पटेल का पुष्पवर्षा, पगड़ी एवं मालाओं से भव्य स्वागत कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। शाम को अटल गार्डन में पार्षद बिट्टू यादव के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने भी विजय पटेल का आत्मीय स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन नगर में सामाजिक, पर्यावरणीय एवं संगठनात्मक गतिविधियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। भाजपा जिला ग्रामीण, नगर मंडल तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा

**शुजालपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर शुजालपुर में जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य की उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक मालवीय ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और सामूहिक प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में शाजापुर जिला लगातार पांचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है, जो कार्यकर्ताओं के समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा थे। उन्होंने भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उनका उद्घोष आज भी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। मंत्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना डॉ. मुखर्जी के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र प्रथम के विचार को जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रभुराम जाटवा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस एवं रायसिंह मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री विजय सिंह बैस व आभार जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय ने माना।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार गफ्फार खान पिता युसुफ खान निवासी ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन ने भूमि स्वामि देवेन्द्रसिंह राठौर पिता श्री सुमेरसिंह निवासी ग्राम मकडावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 669 रकबा 0-40 हैक्टर लगानी बरूये रेट स्थित ग्राम मकड़ावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को मय जमीन तला व हवाई हक सहित सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवाया है तथा टोकन बयाना राशि दी गई है, सौदा चिट्ठी मे उल्लेखित अनुसार विक्रय अनुबंध-पत्र निष्पादित करवाया जावेगा तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन तथा अनुबंध अनुसार विधिवत् विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 06/07/2026 उज्जैन

**रविन्द्रसिंह सोलंकी सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय-जी-18, ऋषिनगर, उज्जैन**
**मोबा. 97546 86309-91658 46517**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि मुझ शपथ गृहीता की पुत्री PRATISHTHA SOLANKI, PRAGATI SOLANKI, LAKSHITA SOLANKI, ·¤ô ST. THOMAS HIGHER SECONDARY SCHOOL BARNAGAR में भरती करवाते समय मुझ शपथ गृहिता से माता पिता के नाम SHREE RAM SOLANKI और SEEMA SOLANKI दर्ज हो गया था जो अब सुधार कर पिता का नाम SRIRAM SOLANKI´ और माता का नाम SIMA आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज के अनुसार विद्यालय के रिकार्ड में दर्ज करवाना है।

**श्रीराम सौलंकी**
**20 बाल कृष्ण बापू जी मार्ग बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**

### जाहिर सूचना पत्र

सर्व साधारण की सुचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार नय्युम खान पिता कय्युम खान निवासी-अमरपुरा वार्ड नं-27 गली नं-02 मकान नं-16 उज्जैन म.प्र. के स्वर्गीय पिता कय्युम खान पिता अब्दुला जान निवासी अमरपुरा उज्जैन म.प्र. के नाम से एक मकान व खुली भुमि जिसमें तीन कमरे बने हुय है खुली भुमी बाडा स्थित है। जिसका प्रकरण 244 ए/2017 व्यवहार न्यायालय उज्जैन म.प. में प्रचलित रहा है जिसकी अपील व रिट पिटीशन माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर मे दायर की जा रही है क्योकि उक्त पेतृक संपत्ति है और उसमे मेरे पक्षकार का हिस्सा नीहीत है। जिसका निराकरण नही हुआ है। कोई व्यक्ति या संस्था उक्त संपत्ति मकान व खुली भुमि का बाडा का सोदा क्रय खरीददारी नही करे। अन्यथा संपुर्ण जवाबदारी क्रेता खरीददार की रहेगी। सर्वसाधारण सुचित हो। आज दिनांक 06/07/2026 मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी किया गया ।

**अल्ताफ एहमद खान एडव्होकेट**
**सारंगपुर मो नं-9826778094**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं प्रताप खत्री पिता श्री घनश्यामदास खत्री निवासी एस.एच. 88 सांदीपनी नगर शासकीय विद्यालय के सामने आगर रोड उज्जैन यह कि मेरे पुत्र दिनेश पिता प्रताप खत्री निवासी स.एच. 88 सांदीपनी नगर शासकीय विद्यालय के सामने आगर रोड उज्जैन म.प्र. मेरे आदेशों की अवहेलना करता है तथा उसके कार्यों से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई संबंध नही है। मैने उसे अपनी चल एवं अचल संपत्ति तथा परिवारिक अधिकारों से बेदखल कर दिया है। अत: आज की तिथि से यदि कोई व्यक्ति मेरे पुत्र दिनेश पिता प्रताप खत्री के साथ किसी भी प्रकार का आर्थिक, व्यवसायिक, कानूनी अथवा अन्य कोई लेन-देन करता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं जोखिम स्वयं उस व्यक्ति तथा मेरे पुत्र की होगी। ऐसे किसी भी लेन-देन के लिये मैं अथवा मेरे परिवार का कोई सदस्य उत्तरदायी नहीं होगा। यह सूचना जनहित एवं भविष्य में किसी प्रकार के विवाद से बचने के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है। इति दिनांक 06/07/2026

**प्रताप खत्री पिता श्री घनश्यामदास खत्री**
**पता- निवासी एस.एच. 88 सांदीपनी नगर शासकीय विद्यालय के सामने आगर रोड उज्जैन**
**मो. 98273-980707**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिपक पिता श्री देवनारयण चौधरी, शुभम पिता श्री अजय चौधरी निवासीगण सिद्धवट मार्ग भैरवगढ उज्जैन के द्वारा भूमि विक्रेतागण सुशील पति सुनील जाति लोहार, लक्ष्मीबाई पति मुन्नालाल जाति लोहार निवासी खेरोद धार जिला धार के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 513/2 रकबा 0.350 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.350 हेक्टर भूमि ग्राम रावदियाकलां तह. बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है। को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। उक्त का भूमि का निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 06/07/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मो. 90094-38990**


## सक्सेना व जोशी जिला संयुक्त सचिव नियुक्त

**शुजालपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम जोशी की अनुशंसा पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ओमप्रकाश सक्सेना एवं जनक जोशी को जिला संयुक्त सचिव मनोनीत किया है। दोनों की नियुक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों के लिए उनकी सक्रियता और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए की गई है। एसोसिएशन के अनुसार दोनों पदाधिकारी लंबे समय से विभिन्न कर्मचारी संगठनों के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। संगठन को उम्मीद है कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन भी पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाधर वर्मा, हरिचरण मंगलावत, भागीरथ सिंह सिसोदिया, प्रेमदास बैरागी, सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड / भवन क्रमांक एफ-3/1 श्रेणी लीग ऋषिनगर योजना उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 129.62 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड़ पर भवन आर.सी.सी. की छत का निर्मित हैं, उपरोक्त वर्णित भूखण्ड / भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/भवन को मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी जय नागर पिता श्री बाबूलाल जी नागर, हाल मुकाम-इंदौर (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही बयाना राशि/शेष सौदा राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 06/07/2026

**दीपिका सावरकर एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन मो. 9827299159**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिपक पिता श्री देवनारयण चौधरी, शुभम पिता श्री अजय चौधरी निवासीगण सिद्धवट मार्ग भैरवगढ उज्जैन के द्वारा भूमि विक्रेता हुकुमचंद पिता श्री सुरजमल जाति तम्बोली निवासी कम्पेल जिला इन्दौर के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 501/1 रकबा 2.360 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 2.360 हेक्टर भूमि ग्राम रावदियाकलां तह. बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है। को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। उक्त का भूमि का निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 06/07/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा 90094-38990**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्रीमती स्वाती जायसवाल पति प्रेम जायसवाल, आयु-46 वर्ष, निवासी-115, बागपुरा, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक 157 स्थित तिरूपति ड्रीम्स ग्राम दाउदखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना/ टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 06/07/2026

**डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट**
**ऑ.नं. 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9300707767**

## न्यूज-कॉलम

### कांग्रेस की बैठक में सुश्री नटराजन देगी मार्गदर्शन

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आज मंगलवार को प्रातः11.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण विस्तारित बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से तेलंगाना की कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन उपस्थित रहेंगी और कार्यकताओं को अपना विशेष मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, जनहित के प्रमुख मुद्दों और कांग्रेस की भावी रणनीति पर गहन चर्चा की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**मंदसौर।** जिले के दलोदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहगढ़ के पास होटल देव ठाणी के समीप रविवार की रात करीब 11 बजे हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी महिला को देखकर राहगीरों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची दलोदा थाना पुलिस ने महिला को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन शुरूआती तौर पर अंदेशा है कि वह भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन-यापन करती थी। पुलिस उसके परिजनों की तलाश व शिनाख्त के प्रयास कर रही है, जिसके बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### सभी निकाय शत-प्रतिशत पूरा करें समग्र ई-केवाईसी-कलेक्टर

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित सभी एसडीएम और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी निकाय समग्र आईडी की ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए विवाह पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र को बिना किसी देरी के जल्द से जल्द जारी करने तथा संबल पंजीयन के मामलों को लंबित न रखने की हिदायत दी। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों के अनुसार सूची तैयार कर अपार आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों ने जिले में उत्कृष्ट कार्य किया है, वे मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।

### पद्म पुरस्कार 2027के लिए नामांकन आमंत्रित

**रतलाम।** उप संचालक उद्यान श्री मंगल सिंह डोडवे ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार-2027 के लिए बागवानी क्षेत्र में असाधारण एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले योग्य व्यक्तियों के नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से 15 जुलाई 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। जिले के बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पात्र व्यक्ति पद्म पुरस्कार-2027 हेतु अपना प्रस्ताव 10 जुलाई 2026 तक उप संचालक उद्यान कार्यालय, न्यू कलेक्ट्रेट भवन, कक्ष क्रमांक 201 एवं 202 रतलाम में संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी पात्र व्यक्तियों से समय-सीमा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है।

### सांदीपनि विद्यालय सैलाना में हुआ पौधारोपण

**रतलाम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत रतलाम द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर सीएम राइज विद्यालय, सैलाना में पौधारोपण एवं प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, सेवा, एकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य गिरीश सारस्वत ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# अपने नेतृत्व पर पूरा भरोसा रखे कार्यकर्ता- जयपाल सिंह चावडा

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष मे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी ने पितृपुरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वी जयंती पर संस्मरण पक्ष के तहत रंगोली सभागार मे विशाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावडा ने मुख्यवक्ता के रूप मे संबोधित किया। उन्होने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व ने कार्यकताओं को जो दिशा दिखाई थी, उसी पर चलते हुए देश के यषस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व मे भारत विश्वगुरु बनने जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्वों पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। पार्टी के लिए कार्यकर्ता जो भी कर रहे है, वह व्यर्थ नही जा रहा हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की इस दौरान जिला प्रभारी विवेक जोशी, जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांण्डेय एवं जिला महामंत्री महेश सोनी मंचासीन रहे।

मुख्य वक्ता श्री चावडा ने डॉ.मुखर्जी के व्यक्त्वि एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बडी पार्टी का पितृपुरूष कोई ऐसे ही नही बनता है। इसके लिए जीवन खपाना पड़ता है। डॉ. मुखर्जी ने अपने तप,त्याग और तपस्या से जो आधार खडा किया था, उसी पर खडे होकर आज विषाल वटवृक्ष बन पाई है। डॉ.मुखर्जी ने एक विधान , एक निशान और एक प्रधान के साथ धारा 370 सहित अन्य विषयों पर जो संघर्ष किया, उन सभी का समाधान मोदीजी की सरकार ने किया है। राष्ट्रवाद का जो बिगुल डॉ.मुखर्जी ने बयाया था वह आज भाजपा का मुलाधार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास का भाव लेकर देश को प्रगतिपथ पर ले जा रहे है। कार्यकर्ताओं के लिए ये गर्व की बात है कि डॉ.मुखर्जी से लेकर मोदी जी तक के नेतृत्व मे उन्हे जो काम करने दिखाया, वह देश ही नही दुनिया के लिए भी मिसाल है।

जिला प्रभारी विवेक जोशी ने बताया कि इससे पूर्व कहा कि डॉ.मुखर्जी के व्यक्त्वि और कृतित्व की जानकारी हर कार्यकर्ता को होनी चाहिए। इनके त्याग और बलिदान के कारण ही आज भाजपा इतनी बड़ी पार्टी बनी है। जावरा विधायक डॉ.राजेन्द्र पांण्डेय ने कहा कि मोदीजी ने डॉ.मुखर्जी के बताये मार्ग पर चलकर भाजपा को इतना विस्तारित कर दिया है कि कार्यकर्ताओं को अब कभी पीछे पलटकर नही देखना पड़ेगा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

## आत्मनिर्भर भारत की वैचारिक नींव पर हुई चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिला भाजपा द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि स्वतंत्र भारत के वैचारिक पुनर्जागरण के शिल्पी थे, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कश्मीर में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान की व्यवस्था का कड़ा विरोध करते हुए देश की अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने डॉ. मुखर्जी को देश के पहले उद्योग मंत्री के रूप में याद करते हुए कहा कि उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की जो नींव रखी थी, उसी का परिणाम है कि आज भेल, एचएएल और बीईएल जैसे स्वदेशी संस्थान देश को रक्षा और भारी उद्योगों में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के पद त्याग के निर्णय को राष्ट्रनिष्ठा का अप्रतिम उदाहरण बताया।

स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि संगठन के प्रयासों से मंदसौर जिला सेवा कार्यों में प्रदेश में शीर्ष पर है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी जिला चौथे स्थान पर रहा है। इस दौरान जिले के मंडलों में 125 पौधे लगाने की जानकारी दी गई और बूथ समितियों के प्रमाण-पत्र वितरण की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में डिजिटल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मंडल अध्यक्ष सुमित सेन और गोपाल पाटीदार को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में पूर्व मंत्री कैलाश चावला, विधायक चंद्रसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायकयशपालसिंह सिसौदिया, राधेश्याम पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौड़, नानालाल अटोलिया, मनोहर लाल जैन आदि उपस्थित थे।



# इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**सोनम मेहता ने संभाली कमान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर का भव्य और गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष नेहा संचेती ने नवनियुक्त अध्यक्ष सोनम मेहता को कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा। मुख्य अतिथि इंदु पंचोली ने नई कार्यकारिणी को पूरी निष्ठा से काम करने की शपथ दिलाई। पद ग्रहण के बाद नई अध्यक्ष सोनम मेहता ने पूरी ईमानदारी और सेवा भावना से दायित्व निभाने का संकल्प लिया, वहीं क्लब सेक्रेटरी सुरक्षा चौधरी ने नए सत्र की थीम च्ग्रो एंड फ्लोरिशज् की घोषणा करते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मीना पोरवाल, सह-सचिव सीमा हिंगड़, कोषाध्यक्ष राखी परवाल, आईएसओ नेहा दोषी और एडिटर शिखा गोयल सहित कई सदस्यों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और सलाहकार टीम में शामिल किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों के तहत च्हर घर एक पौधाज मुहिम के अंतर्गत सदस्यों को पौधे बांटे गए और प्लास्टिक को हतोत्साहित करने के लिए च्पेपर बैग कार्यशालाज आयोजित की गई। कार्यक्रम में जुलाई माह के जन्मदिवस का उत्सव भी मनाया गया। बेहतरीन सहयोग के लिए नेहा दोषी, एना पोरवाल और शोभिता पोरवाल को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। संचालन प्रज्ञा दोषी ने किया। इस कार्यक्रम में क्लब की अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

# वन विभाग ने मॉनिटर लिजार्ड के अंगों की अवैध बिक्री करते महिला सहित तीन आरोपी को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर





वन्यजीवों के अवैध शिकार और उनके अंगों की तस्करी के खिलाफ मंदसौर वन विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। वनमण्डलाधिकारी, मंदसौर को मिली सूचना के आधार पर विभाग के विशेष दल ने नेहरू बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क गेट के पास दबिश देकर वन्यजीव के अवशेषों का अवैध विक्रय कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

इस मामले में वन विभाग के विशेष दल ने घेराबंदी कर एक महिला और दो पुरुषों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से प्रतिबंधित वन्यजीव मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंग, जिन्हें आम बोलचाल में च्हत्था जोड़ीज् कहा जाता है, के कुल 19 नग बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुरेश सिंह (54) पिता मलेसिंह पारदी, करोल सिंह (36) पिता मुछालसिंह पारदी और भारतबाई (52) पति सुरेश पारदी के रूप में हुई है। ये तीनों आरोपी मंदसौर जिले के ग्राम रूपावली, पोस्ट साबाखेड़ा के निवासी हैं।

उल्लेखनीय है कि मॉनिटर लिजार्ड (गोह) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची के तहत एक बेहद संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आता है।

इस गंभीर मामले को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उन्हें 15 जुलाई तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया गया है।

## नीमच शहर और जिले में दो दिन से हल्की तेज बारिश का दौर जारी

**नीमच।** प्रदेश के साथ नीमच जिले में भी गत सप्ताह तक बारिश की कमी महसूस की जा रही थी इस वर्ष कल में मानसून की बारिश के मामले में पीछे रहे नीमच जिले में शुक्रवार से तेज और हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है द्य इस उमस भरी गर्मी से जूझ रहे नीमच शहरवासियों को शनिवार व रविवार सुबह प्रकृति ने बड़ी राहत दी। सुबह लगभग 11 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हुई जोरदार बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। बारिश के दौरान शहर की प्रमुख सड़कें, बाजार और कॉलोनियां पानी से भीग गई। कई स्थानों पर कुछ समय के लिए जलभराव की स्थिति भी बनी, जिससे वाहन चालकों को धीमी गति से निकलना पड़ा। हालांकि बारिश रुकने के बाद अधिकांश स्थानों पर पानी धीरे-धीरे निकल गया और जनजीवन सामान्य हो गया। पिछले कई दिनों से तेज धूप, ऊंचे तापमान और उमस के कारण लोग खासे परेशान थे। ऐसे में अचानक हुई इस बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। तापमान में गिरावट आने से वातावरण ठंडा और सुहावना हो गया।

## रात के अंधेरे मे तस्करो की पिकअप आगे व पीछे नारकोटिक्स गाड़ी गांव में फायरिंग से फैली दहशत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच की टीम और डोडाचूरा तस्करों के बीच हुई फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई। घटना 5 व 6 जुलाई की मध्य रात 3 बजे लगभग एक पिकअप बिना नंबर की जिसमें डोडा चूरा भरा हुआ था और पिछे केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच की टीम पिछा कर रही थी जैसे ही पिकअप गांव में आई पुलिस और तस्करों के बीच फायरिंग हुई पुलिस ने पिक अप के टायर में गोली मार दी जिस कारण वाहन लहराता हुआ वहीं रुक गया। तस्कर वाहन छोड़कर भागने लगे पुलिस और तस्करों के बीच फायरिंग हुई तस्कर पुलिस पर फायर करते हुए अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गए। केन्द्रीय नारकोटिक्स की टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की लेकिन तस्कर बीच बचाव करते हुए भाग गए। 6 जुलाई को सुबह नारकोटिक्स की टीम ने पिकअप से डोडाचूरा खाली करवाकर उनका वजन किया 64 प्लास्टिक के बेग में रखा हुआ डोडाचूरा का वजन करीब 21 क्विंटल के लगभग बताया गया।

घटना गांव नई आबादी स्थित जीवराज पाटीदार के होटल के पास की है नारकोटिक्स विभाग की टीम ने आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की डोडाचूरा का वजन कर पंचनामा बनाया और एक ट्रेक्टर में भरकर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कार्यालय नीमच ले गए। बाकी चालानी कार्रवाई नारकोटिक्स टीम के आला अधिकारी करेंगे।

# पहली मर्तबा सिविल अस्पताल में हुआ कुल्हा प्रत्यारोपण

## मुख्यमंत्री एवं विधायक पांडे का माना आभार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



शासकीय चिकित्सालय में पहली मर्तबा जटिल कूल्हा प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। उक्त सफलता के बाद अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के बीच हर्ष व्याप्त है ।विधायक डॉ राजेंद्र पांडे द्वारा क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं ।इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप बोहरा समाज ने अपने धर्म गुरु के माध्यम से अस्थि रोग उपचार के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरण एवं संसाधनों हेतु १०लाख रूपए की सहायता प्रदान की थी ।इन उपकरणों की स्थापना के बाद अब सिविल अस्पताल में जटिल ऑर्थोपेडिक सर्जरी भी संभव हो गई है ।

अस्पताल प्रभारी सुपरवाइजर शैलेंद्र कुमार दवे ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर अजय सिंह राठौर ने कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया। मरिज हरि सिंह लोधी 48 निवासी राहतगढ़ सागर का होकर जो कि हुसैन टेकरी शरीफ पर आया था ।वह ताल नाके पर उनकी दो पहिया वाहन को कोई अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उनका कुल्हा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था ।अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दीपक पालडिया ने मरीज का उपचार शुरू किया मरीज की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अस्पताल द्वारा मानवीय आधार पर दवाई भोजन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई ।ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर राठौर डॉक्टर पालडिया डॉक्टर अतुल मंडवारिया डॉक्टर दिनेश पाटीदार ऑपरेशन सहायक शिरोमणि मसीह भारत बिडवान अनिल बैरागी गोपाल कंडारे की टीम ने सफल प्रत्यारोपण किया ।

उक्त सफल ऑपरेशन पर कई जनप्रतिनिधियों पदाधिकारीयो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं क्षेत्र के विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया।

## न्यूज कालम



### विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कॉलेज फैकल्टी का ऑनलाइन प्रशिक्षण

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और उच्च शिक्षा विभाग के निदेशों के परिपालन में एक विशेष ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के अनुसार, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित इस प्रशिक्षण में कॉलेज के सभी फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों ने सहभागिता की।प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने समाज में मानसिक तनाव और अवसाद को लेकर जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया। व्याख्यान में अति-अवसाद के लक्षणों को पहचानने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई और यह समझाया गया कि विद्यार्थियों या परिवार में ऐसे लक्षण दिखने पर क्या कदम उठाने चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए। विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि अवसाद से जूझ रहे व्यक्ति के साथ अपनापन दिखाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही मेंटल हेल्थ इमरजेंसी के लिए तैयार किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स को समझाया गया और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए स्टाफ की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में मंदसौर ने जीता स्वर्ण पदक



**मन्दसौर।** अशोकनगर में 2 से 5 जुलाई तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। बालक वर्ग के डबल्स रेगू मुकाबले में मंदसौर जिला सैपक टकरा एसोसिएशन के खिलाड़ी जयदीप सिंह, चंद्रपाल विश्वकर्मा और पीयूष धाकड़ ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को बड़े अंतर से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके अलावा बेहतरीन खेल दिखाने वाले अन्य खिलाड़ियों अरविंद धाकड़, धीरज टेलर, मोहित राठौर, नवीन परासिया तथा बालिका टीम की राधिका राठौर, लक्षिता भंडारी, पलक धाकड़, सारा वाल्टर और बेबी राठौर को राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र से नवाजा गया। इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला सैपक टकरा एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष सुमित सेन, जिला सचिव एमरोज वाल्टर, कोषाध्यक्ष अभिषेक सेठिया और कोच हेमंत सेन ने सभी विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों का शुभकामनाएं दी।

### सौ बिस्तर अस्पताल धरातल पर है ही नहीं और वहां पर 87 कर्मचारियों की नियुक्ति

**पिपलिया मंडी।** दिनांक 6 जुलाई को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मध्य प्रदेश के इंदौर में जहां सौ बिस्तर अस्पताल धरातल पर है ही नहीं और वहां पर 87 कर्मचारियों की नियुक्ति कर 1.5 करोड रुपए प्रति माह वेतन दिया जा रहा है उस विषय को लेकर भाजपा सरकार को घेरते हुए प्रश्न चिन्ह लगाएं एवं निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की अपील की और यदि सरकार कार्रवाई नहीं कर सकती हैं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए ।

### महू रोड पर नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**रतलाम,।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत महू रोड पर सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे महू रोड स्थित इफ्का गेस्ट हाउस के पीछे बने नाले में स्थानीय लोगों ने एक शव पड़ा हुआ देखा। नाले में लाश होने की खबर फैलते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई। तुरंत इसकी सूचना स्टेशन रोड थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवा दिया है।मृतक की उम्र और पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। स्टेशन रोड थाना पुलिस आस-पास के क्षेत्रों और लापता लोगों के रिकॉर्ड के आधार पर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त (पहचान) करने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### 7 जुलाई को सुखानंद धाम पर होगा महाआरती का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** सेवा, शिक्षा और संस्कार के ध्येय के साथ रैगर समाज की सक्रिय संस्था 'गंगापुत्र रैगर महासंघ (पंजी.)' की मध्यप्रांत इकाई (मध्य प्रदेश) द्वारा 7 जुलाई को महासंघ का स्थापना दिवस माँ गंगा के उद्गम स्थल व सुखदेव मुनि की तपोस्थली सुखानंद धाम, अठाना में मनाया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए गंगापुत्र महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आर्य दिलीप मांदौरिया (कनघट्टी) ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार यह आयोजन महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महेश वर्मा मेवलिया (अठाना) और युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष मनीष आर्य मांदौरिया (पिपल्या रावजी) के नेतृत्व में सुखानंद धाम, अठाना (जिला नीमच) पर 7 जुलाई सायं 4 बजे माता गंगा की महाआरती एवं संगठन विस्तार संगोष्ठी के साथ संपन्न होगा। इसके तत्पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर समस्त सनातनी रैगर बंधुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। संगठन से जुड़े पूर्व पदाधिकारी और आम समाजजन सभी स्थापना दिवस की महाआरती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।.



## सांसद राठौर ने नवीन भवन का अवलोकन कर किया पौधारोपण

**सुसनेर।** कंठाल नदी पर बनने वाली पुलिया के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर ने नगर परिषद सुसनेर के नवीन भवन का अवलोकन किया। नगर परिषद अध्यक्ष सुसनेर प्रदीप सोनी के साथ सीएमओं हरिओम शर्मा ने सांसद रोडमल नागर को नवीन भवन की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। नवीन भवन पहुंचने पर सांसद ने भवन में भगवान गणेश जी की पूजन कर आरती उतारी। केंद्र सरकार की अमृत 2 योजना के तहत रोपित 5 हजार पौधे की शुरूआत रविवार को सांसद रोडमल नागर ने दी। रविवार को इस योजना के तहत न.प. के नवीन भवन परिसर में सांसद के द्वारा पौधारोण करके इसकी शुरूआत की। शुरूआत के पहले दिन 51 पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चितांमण राठौर,पूर्व जिला अध्यक्ष दिलिप सकलेचा,पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी,जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, न.प.उपाध्यक्ष प्रतिनिधी राकेश जैन,पार्षद मीना शर्मा,स्नेहलता परमार,पार्षद प्रतिनिधी दिलिप जैन,पवन शर्मा,जितेद्र सांवला,युगल परमार,सांसद प्रतिनिधी मुकेश हरदेनिया आदि मौजूद थें।

## खुशियों का ओटला पर बच्चों को कपड़े, महिलाओं को नि:शुल्क नई साड़ियां बांटी



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला पर रविवार को सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान 80 जरूरतमंद बच्चों को कपड़े व अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई, जबकि 30 महिलाओं को नई साड़ियां निःशुल्क भेंट की गई। संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को विशेष सेवा स्टॉल लगाया जाता है, जहां जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क कपड़े, किताबें, कॉपियां, खिलौने, बर्तन सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। यह सभी सामग्री समाज के लोगों के सहयोग से एकत्रित की जाती है। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि स्कूल खुलने के बाद टीम जरूरतमंद बच्चों के लिए पुरानी पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, स्कूल सिलेबस, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री एकत्रित कर उनका वितरण कर रही है। साथ ही उपयोगी पुराने कपड़े भी जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों में रखी स्वयं के लिए अनुपयोगी मगर दूसरों के लिए उपयोगी सामग्री दानकर इस सेवा अभियान का हिस्सा बनें। इस अवसर पर संस्था की शिक्षिका सोनम खान, कनक विश्वकर्मा, काजल वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सेफ क्लिक 2.0 का 12वां दिवस**

## जीआरपी इंदौर ने ऑटो चालकों, वेंडर को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक



**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार प्रदेशव्यापी संचालित सेफ क्लिक 2.0 मध्यप्रदेश पुलिस साइबर जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत 12वें दिवस थाना जीआरपी ब्यावरा द्वारा यात्रियों, ऑटो चालकों को डिजिटल भुगतान, फर्जी यूपीआई स्क्रीनशॉट, क्यूआर कोड से जुड़े साइबर फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया एवं निवेश संबंधी साइबर अपराधों को भी साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी का सामना हो तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें एवं किसी भी साइबर अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

## नागदा रोड ओवर ब्रिज के बायपास मार्ग पर जल भराव



**इंगोरिया।** बदनावर उज्जैन नेशनल हाइवे 752 डी पर पहली ही बारिश में इंगोरिया के नागदा रोड ओवर ब्रिज पर पानी की निकासी नहीं होने से लबालब पानी भरा है। बायपास के दोनों साईड एन एच ए आई के इंजीनियर की मनमानी से ब्रिज निर्माण के समय पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण नहीं किया गया। रहवासियों ने बताया कि पुलिस थाने से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारिश का सभी पानी नागदा रोड पर इकट्ठा हो रहा है। ब्रिज निर्माण के दौरान भी रहवासियों ने इस समस्या को लेकर अधिकारियों को लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी, कि नाला निर्माण नहीं किया गया तो किसानों के खेत में बारिश का जल भराव होगा। पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

हम विकास व विरासत का कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे-सांसद रोडमल नागर

# 2 करोड़ 44 लाख की लागत से कंठाल नदी पर बनने वाली पुलिया का किया सांसद ने भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

कांग्रेस के नेता सर्फ बाते करते है,जब केंद्र व राज्य में इनकी सरकार थी उस दौरान बिजली नहीं आती,गांव में सडकें नहीं बनी थी, राष्ट्रीय राजमार्गो की हालत खराब थे। किंतु जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी उसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग सडके चाँक चौबद होने के साथ प्रदेश में बिजली व सडकों की सुरत बदली है। आज हर खेत में पानी है जहां नहीं पहुचा वहां भी पहुंच जाएगा। वह भी बगैर बिजली है पाईप लाईनों के माध्यम से हम कोई कसर नहीं छोडेगे विकास का काम हो या विरासत का भाजपा की सरकार सब करेगी।

उक्त विचार रविवार कों प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सुसनेर की कंठाल नदी पर 244.64 लाख की लागत से बनने वाली पुलिया के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचें क्षेत्र के साथ रोडमल नागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहां कि उज्जैन से झालावाड तक रेल लाईन बिछाने काम भी होगा। काम छोटा होता है तो जल्दी हो जाता है काम बडा है इसलिए उसमें समय लग रहा है। क्षेत्र की 6 पंचायतों को छोडकर शेष सभी ग्राम पंचायतों में मेरे द्वारा टीनशेड स्वीकृत किए गए है।



### संकीण मानसिकता का दिया परिचय

क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भेरूसिंह परिहार ने उपस्थित को संबोधित करते हुवें कहा कि भूमिपूजन कार्यक्रम में उनके शामिल होने को लेकर कुछ लोगों के द्वारा विरोध किए जाने पर उन्होंने कहां कि जो लोग मेरा विरोध कर रहे है उन्होंने संकीण मानसिकता का परिचय दिया है। मैं प्रोटोकाल के तहत इस कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं।

प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत सुसनेर क्षेत्र के 16 मंजरे टोलों में जल्द ही सडकों का निर्माण होगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा लंबे समय से कंठाल नदी पर पुलिया की मांग की जा रही थी। इसकें निर्माण से आवागमन सुलभ होगा। पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुसनेर सौरभ जैन ने भी उपस्थितों को संबंधित किया। इसके पूर्व क्षेत्र के सांसद ने कंठाल नदी पर बनने वाली पूलिया के लिए पूजन कर कार्य की शुरूआत की। पुलिया का निर्माण करने वाली कंपनी महादेव इन्टर प्राईजेस शिवपुरी की और से सभी जनप्रतिनिधीयों को स्मृति चिन्ह भेट किए। पुलिया निर्माण प्रोजेक्ट मेनेजर निर्मल पाटीदार ने पुलिया के निर्माण के संबंध में जानकारी दी।

### कार्यक्रम में ये थे मौजूद

इस अवसर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिंतामण राठौर,पूर्व जिला अध्यक्ष दिलिप सकलेचा,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी भेरूसिंह चौहान,मंडल प्रभारी आभा चौपडा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा साक्षी सकलेचा, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष भवानीशंकर वर्मा,जिला उपाध्यक्ष डॉ.गजेंद्र सिंह चंद्रावत,न.प. अध्यक्ष सुसनेर प्रदीप सोनी,नलखेंडा विजय सोनी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनधी राजपाल सिंह,भाजपा अध्यक्ष नलखेडा रोहित सकलेचा,मोडी बजरंग पाटीदार,अमित नागर,पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा आदि मौजूद थें। कार्यक्रम का संचालन लखन सेन व आभार कालू सिंह चौहान ने किया।

### स्वागत कर सौपा मांग पत्र

कंठाल नदी पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति पर ग्राम पालडा सरपंच जसवंत सिंह,ग्राम मैना सरपंच भेरूसिंह, बामनियाखेंडी सरपंच विनय शर्मा, पिपलिया सरपंच रामचंद्र पंवार सहित अन्य सरपंचों ने ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर सांसद रोडमल नागर का साफा बांधकर एवं शाल श्रीफल भेट कर स्वागत किया। साथ ही कंठाल नदी पर ग्राम मैना सहित अन्य ग्रामों को जोडने वाली पुलिया के निर्माण का मांग पत्र सौपा।

# रेल उपभोक्ता संघ ने जल सेवा का जो काम किया वह अनुकरणीय- डीआरएम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



यात्रियों की जल सेवा का जो काम रेलवे को करना चाहिए, वह काम बड़नगर रेल उपभोक्ता संघ ने किया है। उसके लिए मैं आभारी हूं।

यह बात रतलाम रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) अश्वनी कुमार ने रेल उपभोक्ता संघ बड़नगर के बैनर तले गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशन बड़नगर पर चलाई गई 83 दिवसीय जल सेवा और जलदूतों के उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह के दौरान अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहीं। वहीं जल सेवा के समापन समारोह में उपस्थित व विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या ने संगठन की जल सेवा की भूरी भूरी प्रशंसा करने के साथ ही डीआरएम रतलाम के समक्ष रामेश्वरम हमसफर साप्ताहिक ट्रेन के बड़नगर में ठहराव की मांग को दोहराते हुए रेल उपभोक्ता संघ द्वारा अतिरिक्त टिकट खिड़की खोलने जैसी अन्य रेल सुविधाओं संबंधित मांग को भी अपनी स्वयं की मांग निरूपित करते हुए , पूरा करने का अनुरोध किया। स्थानीय इंद्रप्रस्थ मैरिज गार्डन में आयोजित गरिमामय समारोह में अतिथि द्वय द्वारा देव पूजन अर्चन के साथ आयोजन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समारोह के स्वागताध्यक्ष राजकुमार जैन, डॉक्टर डीके विश्वास, हरिकिशन मेलवानी, प्रकाश चंद बम, श्याम गुर्जर, पवन वर्मा, दामोदर गिरधानी, सतीशचंद्र ओझा, अतुल लाठी, सतीश नीमा ने अतिथियों को तिलक निकाल कर श्रीफल भेंट कर पुष्प माला से स्वागत सत्कार किया और संस्था के सीताराम राठौर लाईनमैन ने अतिथिद्वय को रजवाड़ी साफा बांधकर आयोजन की रौनक में अभिवृद्धि की ।

स्वागत भाषण और जल सेवा की आय-व्यय में जानकारी स्वागताध्यक्ष राजकुमार जैन ने दी। जल सेवा के खट्टे मीठे चरखे अनुभव अपनी काव्य रचना के द्वारा सुरेशचंद माहेश्वरी शिवम सहित हरिकिशन मेलवानी, विराग मिश्रा ने साझा किये अभिनंदन पत्र का वाचन दिलीप पंचाक्षरी एवं शिक्षक प्रेमकुमार खींची ने किया । रेल सुविधाओं वाला मांग पत्र का वाचन ललित सोनी ने किया।

### प्रशस्त्रि पत्र से किया सम्मानित

उत्कृष्ट जल सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सचिन डाबी, विवेक काबरा, अनिल खाबिया, शाकीर जागीरदार, मोड़ीराम कुमावत, मानकलाल राठौड़, हुसैनीभाई, राजेश ऊबाल, शुभम प्रजापति, ममता सुधीर जोशी, कलीमुद्दीन शेख का अतिथि द्वय द्वारा पगड़ी पहना -प्रशस्ति पत्र दे सम्मान करने का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर नवीन और जल सेवा में हमेशा तल्लीन रहने वाले जलदूत रामेश्वर परमार , अभय सोनी, महेश चंद्र दौराया, कृष्ण लाल गेहलोत, गणपत सोनी, भूपेंद्रसिंह राणावत को केसरिया पटका उड़ाकर सम्मानित किया।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

**महिदपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के अंतर्गत महिदपुर थाना पुलिस ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। अभियान के दौरान करीब 3500 लोगों को साइबर ठगी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। थाना पुलिस ने तहसील कार्यालय, बस स्टैंड, विजय स्तंभ, फकीर मोहल्ला, ग्राम पंचायत नारायणा, नारायणा चौराहा, अयोध्या बस्ती चौराहा, कटन चौराहा, लाखाखेड़ी, बागला, चोरवासा, धाराखेड़ा, धुलेट, कढ़ाई, जमातखाने के सामने, गोरी दूध डेयरी (नारायणा रोड), सेंट जोसेफ स्कूल, हाई सेकेंडरी स्कूल, इंदिरा कॉलोनी, अंबेडकर चौराहा तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने, पुलिस द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से गिरफ्तारी नहीं किए जाने, क्यूआर कोड स्कैन करते समय सावधानी बरतने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

इस अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाटीदार के नेतृत्व में उप निरीक्षक एन.एस. कनेश, उप निरीक्षक अन्नपूर्णा कठेरिया, उप निरीक्षक सुखसेन अरियाम, सहायक उप निरीक्षक वीरेन्द्र प्रतापसिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक पन्नालाल अलावे सहित थाना महिदपुर पुलिस के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

## प्राचार्य के तबादले के विरोध में में छात्राओं का तीन घंटे प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

महिदपुर नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ लोकप्रिय प्राचार्य अर्जुन दावरे के अचानक हुए तबादले के विरोध में सोमवार को छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अपने प्रिय प्राचार्य के स्थानांतरण से नाराज छात्राएं विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर सड़क पर आ गईं और विरोध स्वरूप नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही और क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैसे ही छात्राओं को प्राचार्य अर्जुन दावरे के तबादले की सूचना मिली, विद्यालय में असंतोष का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में छात्राएं एकत्रित होकर विद्यालय के बाहर पहुंचीं और प्राचार्य का तबादला निरस्त करने की मांग करने लगीं। छात्राओं का कहना था कि प्राचार्य दावरे के नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अनुशासन और मार्गदर्शन भी मिलता रहा है। ऐसे में बीच शैक्षणिक सत्र में उनका स्थानांतरण होने से पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने प्राचार्य को वापस लाओ, हमारी पढ़ाई बचाओ और तबादला वापस लो जैसे नारे लगाए।

# जिला पंचायत अधिकारी ने क्षेत्र का भ्रमण कर पंचायतों का निरीक्षण कर एवं पौधारोपण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन श्रेयांस कूमट द्वारा जनपद पंचायत महिदपुर की ग्राम पंचायत ढाबलीकम्मा, गोगापुर, कोयल, झुटावद, कंथारिया, झारडा एवं कानाखेडी, कलासपुर के ग्राम करनावद का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत ढाबलीकम्मा में सामुदायिक शेड निर्माण, शान्तीधाम में सीसी रोड का निरीक्षण कर पौधारोपण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत गोगापुर में शान्तीधाम परिसर में सामुदायिक वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया एवं शान्तीधाम परिसर की प्रगतिरत बाउण्ड्रीवाल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत कोयल मे उद्यानिकी विभाग के हितग्राही मेहरबान सिह पिता मांगूसिह के अमरूद के बगीचे का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत झुटावद में सामुदायिक भवन प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत कानाखेडी एकलासपुर के ग्राम करनावद में जल निगम द्वारा प्रगतिरत कार्य एमबीआर का निरीक्षण किया गया एवं जल निगम को रोड़ रिस्टोरेशन के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत कंथारिया में प्रगतिरत अटल पंचायत भवन का निरीक्षण कर परिसर में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत झारडा में स्वास्थ्य बीपीएचयू का निरीक्षण के पश्चात शासकीय चिकित्सालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये ।

भ्रमण के दौरान अजय हिंगे अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व महिदपुर, डॉ. मारीषा शिंदे प्रभारी उपायुक्त विकास एवं पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, कमल पाटीदार अतिरिक्त कार्यक्रम मनरेगा, अक्षय मूणत उपयंत्री प्रेमनारायण कोशल उपयंत्री, संदीप कुमार उपयंत्री, जनपद पंचायत महिदपुर एवं संबन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शीघ्र दूर होगा के मुख्य मार्ग का अंधेरा, ठेकेदार का भुगतान बना देरी की वजह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ म्महिदपुर रोड

नगर के मुख्य मार्ग पर सौंदर्यी करण में सहयोगी बने डिवाइडरों पर लगाये गये विद्युत पोल अति शीघ्र जगमगाने वाले हैं इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु सत्यनारायण पाटीदार ने संबंधित निर्माण कार्य एजेंसी के प्रोपायटर से संपर्क बनाये रखकर इस कार्य को लगातार शीघ्र करने में व्यक्तिगत रुचि ली थी।



नगर वासी पिछले कई दिनों से नगर के मुख्य मार्ग पर अंधेरे से काफी परेशान थे संबंधित ठेकेदार से इस संबंध में पत्रकार गोपाल उपाध्याय सहित अन्य जाग रूक लोगों ने उनका ध्यान आकर्षित कर शीघ्र विद्युत प्रदाय कर लोगों की दिक्कत दूर करने की मांग की थी अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित कार्य में देरी की वजह पूर्व में कराये गये कार्यो का शासकीय स्तर पर आवंटन देरी का कारण बना मंगलवार तक विद्युत केबल यहां पहुंचने की उम्मीद है केबल आते ही कार्य को पूरा करते हुए नगर वासियों को अंधेरे से मुक्ति मिल जायेगी।



## प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया तो बरसों पुराना यात्री प्रतीक्षालय दिखा

**इंगोरिया।** चौपाटी पर बारिश के पानी निकासी हेतु नाला निर्माण की खुदाई से बरसों पुराना गुम हुआ यात्री प्रतीक्षालय अब लोगों को दिखने लगा है। इसके सामने लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। एक प्रतीक्षालय पूर्व विधायक उदय सिंह पंड्या ने यात्रियों की सुविधा हेतु बनवाया था। दूसरा पूर्व विधायक मुकेश पंड्या ने। जंगल का पानी तेज बारिश में हर साल इंगोरिया चौपाटी और पुलिस थाने में घुस जाता है। रविवार को इस समस्या के निदान हेतु मौके पर पहुंचे क्षेत्र के विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने लोक निर्माण विभाग बड़नगर के एस डी ओ श्री देशपांडे को बुलाकर पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पूर्व सड़क निर्माण कंपनी के ठेकेदार ने सोमनाथ ढाबे से उज्जैन रोड फोरलेन बायपास तक अधूरा नाला पुलिस थाने तक लाकर छोड़ दिया था। सालों पुराने प्रतीक्षालय के सामने ठेलागाड़ी से फूल बेचने वाले, फल फ्रूट विक्रेताओं और अन्य लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। जिससे प्रतीक्षालय में गंदगी पसरी हुई थी। चौपाटी पर अतिक्रमण और गंदगी की वजह से यह प्रतीक्षालय यात्रियों के उपयोग में नहीं आ रहा था। लोगों ने गंदगी डालकर इसे कबाड़खाना बना रखा है। आम जनता को वह दिखाई भी नहीं दे रहा था। रहवासियों ने मांग की है कि इस प्रतीक्षालय की नियमित साफ सफाई की जावे, ताकि आम जन बारिश में इसका उपयोग कर सके।

## बडौद के ग्राम सिंधिया चिकली में सायबर सेफ 2.0 अभियान



**बडौद।** थाना बडौद के ग्राम चिकली सिंधिया में ग्राम साइबर चौपाल का आयोजन किया गया तथा साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, ऑनलाइन ठगी के सामान्य तरीकों, साइबर अपराध होने पर शिकायत/रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ठउफद्ध पोर्टल के संबंध में जानकारी एस आई विजय शुक्ला ने ग्रामीणों को दी गई । इस अवसर पर स्टाफ और ग्रामीणजन उपस्थित थे!

## बापचा हाईस्कूल में साइकिल वितरण समारोह संपन्न



**बडौद।** शासकीय नवीन हाई स्कूल बापचा बड़ोद में मध्यप्रदेश शासन की स्कूल शिक्षा विभाग योजना अंतर्गत सभी पात्र 48 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण सरपंच बालूसिंह परिहार तथा उपसरपंच गोपाल सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। सबसे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात छात्र - छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी डॉ दशरथ मसानिया ने बच्चों की साइकिल योजना को विस्तार से समझाया। सरपंच परिहार ने शासन की विभिन्न योजना की जानकारी देते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया इसी प्रकार उन्होंने कहा कि इस शाला के 27 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उपलब्धि प्राप्त की है। जो गांव के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर क्षेत्र के अभिभावक तथा शिक्षक रणजीत पहाड़िया,तृप्ति श्रृंगी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील जोशी ने किया तथा आभार कालूराम दांगी ने माना।

## सुठालिया बस स्टैंड पर मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्तार, शेष आरोपियों की तलाश जारी


**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुठालिया-मऊ उप निरीक्षक अनिल राहोरिया के नेतृत्व में सुठालिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। बीती शाम करीब 6.10 बजे बस स्टैंड सुठालिया पर बबलू पिता मथुरालाल केवट, मनीष पिता बबलू केवट एवं जगदीश उर्फ चिंटू पिता बबलू केवट, निवासी सेलिब्रेशन गार्डन रोड सुठालिया ने योगेश पिता धीरज सिंह तोमर 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 3 भोजपुरिया थाना पचोर के साथ फल की कैरेट उठाने की बात को लेकर विवाद किया था। आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे एवं प्लास्टिक पाइप से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुठालिया में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कस्बे में अशांति ना हो इसलिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बबलू पिता मथुरालाल केवट को बस स्टैंड सुठालिया से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध इस्तगासा बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# Health

# एंडोमेट्रियोसिस की वजह से कैसे बढ़ सकता है माइग्रेन?

जिन महिलाओं को एंडोमेट्रियोसिस की समस्या होती है, उन्हें माइग्रेन होने का रिस्क ज्यादा रहता है। इसका कारण हार्मोनल बदलाव, लगातार शरीर में सूजन बने रहना और जेनेटिकल जैसे कई कारण हो सकते हैं। इस लेख में डॉक्टर ने दोनों बीमारियों के बीच के कनेक्शन को विस्तार से समझाया है।





जिन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पेट में बहुत तेज दर्द, कमर दर्द या बहुत ज्यादा ब्लीडिंग होती है, उन महिलाओं को एंडोमेट्रियोसिस चेक कराने की सलाह दी जाती है। हालांकि, यह बहुत कम महिलाएं जानती हैं कि एंडोमेट्रियोसिस की बीमारी सिर्फ यूटरस या पेट दर्द तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि इससे कई महिलाओं को माइग्रेन भी हो सकता है। एंडोमेट्रियोसिस और माइग्रेन के बीच बड़ा कनेक्शन है, क्योंकि दोनों ही बीमारियां हार्मोन, शरीर में होने वाली सूजन और नर्व सिस्टम में होने वाले बदलाव से जुड़ी हैं। इस वजह से महिलाओं को पीरियड्स के आसपास माइग्रेन के अटैक ज्यादा देखने को मिलते हैं।

एंडोमेट्रियोसिस में महिलाओं के यूटरस की अंदरूनी परत जैसी कोशिकाएं गर्भाशय के बाहर बढ़ने लगती हैं। ये कोशिकाएं ओवरी, फैलोपियन ट्यूब, आंत, मूत्राशय या पेल्विक हिस्से में भी विकसित हो सकती हैं। इश वजह से पीरियड्स के दौरान असहनीय दर्द, पेल्विक में दर्द, सेक्शुअल इंटिमेसी के दौरान दर्द और कई गंभीर मामलों में प्रेग्नेंसी में दिक्कत होने जैसी समस्याएं हो सकती है। एंडोमेट्रियोसिस से माइग्रेन होने के कई कारण हो सकते हैं।

## एस्ट्रोजन हार्मोन में उतार-चढ़ाव

एंडोमेट्रियोसिस और माइग्रेन दोनों ही एस्ट्रोजन हार्मोन से प्रभावित होते हैं। पीरियड्स शुरू होने से पहले एस्ट्रोजन का लेवल गिरने लगता है और यही बदलाव कई महिलाओं में माइग्रेन अटैक का कारण बन सकता है। दूसरी ओर यही हार्मोन एंडोमेट्रियोसिस के घावों को पर भी असर डाल सकत है। एंडोमेट्रियोसिस में शरीर के अंदर लगातार सूजन बनी रहती है। इस दौरान शरीर में प्रोस्टाग्लैंडिन्स और साइटोकाइन्स केमिकल्स निकलते हैंस जो पूरे शरीर में दर्द के प्रति सेंसटिविटी बढ़ा सकते हैं और इस वजह से माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, माइग्रेन के दौरान प्रोटीन बहुत महत्वपूर्ण होता है। स्टडी में पाया गया है कि जिन महिलाओं को एंडोमेट्रियोसिस और माइग्रेन दोनों होते हैं, उनमें पीरियड्स के दौरान इस प्रोटीन का स्तर असंतुलित पाया गया है। इससे दर्द और सूजन दोनों बढ़ सकते हैं।



## दर्द के प्रति सेंसेटिविटी

अगर लंबे समय तक एंडोमेट्रियोसिस का दर्द बना रहे, तो दिमाग और नसों का सिस्टम दर्द के प्रति बहुत ज्यादा सेंसेटिव हो सकता है। इसे सेंट्रल सेंसिटाइजेशन कहा जाता है। ऐसे में हल्के ट्रिगर भी माइग्रेन का कारण बन सकते हैं। स्टडी के अनुसार, एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं में माइग्रेन की समस्या सामान्य महिलाओं के मुकाबले ज्यादा देखने को मिली है।

# सोरायसिस के लक्षण बढ़ रहे हैं या बीमारी फैल रही है?

सोरायसिस स्किन से जुड़ी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज कराना बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर यह स्किन पर फैलने लगती हैं, तो कई बार कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। सोरायसिस में लोगों को अक्सर यह भी कंफ्यूजन रहती है कि यह बीमारी शरीर में फैल रही है या सिर्फ लक्षण ही बढ़ रहे हैं?

सोरायसिस ऑटोइम्यून बीमारी है, जो स्किन पर बहुत तेजी से बढ़ती है। इस बीमारी में स्किन पर खुजलीदार लाल रंग के चकते बनने लगते हैं और उन पर चांदी जैसे रंग की सफेद पपड़ी जमने लगती है। यह बीमारी आमतौर पर घुटनों, कोहनियों, पेट, पीठ या सिर के स्कैल्प पर नजर आती है। अगर इसका समय पर इलाज न कराया जाए, तो रोजाना के काम करने में भी दिक्कत हो सकती है। जिन लोगों को सोरायसिस की समस्या होती है, उनके मन में अक्सर यह सवाल होता है कि क्या बीमारी फैल रही है या यह सिर्फ एक वस्त्र है? इस बारे में कॉस्मेटोलॉजिस्ट और त्वचा रोग विशेषज्ञ ने बताया कि हालांकि देखने में दोनों कंडीशन्स एक जैसी लगती है, लेकिन दोनों के मायने बिल्कुल अलग होते हैं। इसलिए दोनों के फर्क को जानना बहुत जरूरी है। सही पहचान होने पर ही इलाज करके बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है। पहले से मौजूद सोरायसिस कुछ समय के लिए ज्यादा एक्टिव हो गया है। इस दौरान पुराने लाल चकत्ते पहले से ज्यादा लाल , मोटे और खुजली वाले हो सकते हैं? इन पर सफेद या चांदी जैसी पपड़ी भी ज्यादा नजर आने लगती है। इसमें अच्छी बात यह होती है कि ऋंश्री-वस्त्र अक्सर कुछ समय के लिए ही होता है और अगर सही समय पर इलाज व ट्रिगर्स से बचाव हो जाए, तो स्किन फिर से नॉर्मल हो सकती है।



## सोरायसिस का फैलना

अगर सोरायसिस पहले से कोहनी या घुटनों पर है और अगर यह शरीर के दूसरे हिस्से जैसे सिर, चेहरा, पीठ, हथेलियों, पैरों या नाखूनों तक पहुंचने लगे, तो यह बीमारी के फैलने का संकेत हो सकता है। इसी तरह अगर स्किन पर नए चकत्ते बनने लगें या प्रभावित हिस्से का आकार लगातार बढ़ने लगे, तो इसे सिर्फ लक्षण बढ़ना ही नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति इस बात का संकेत हो सकती है कि मौजूदा इलाज बीमारी को पूरी तरह कंट्रोल नहीं कर पा रहा है। ऐसे में डॉक्टर इलाज में बदलाव कर सकते हैं।

## सोरायसिस क्यों बढ़ता है?

सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि सोरायसिस की बीमारी छूने से नहीं फैलती। इस ऑटोइम्यून बीमारी में इम्यून सिस्टम जरूरत से ज्यादा एक्टिव हो जाता है और स्किन पर नई कोशिकाएं बहुत तेजी से बनने लगती हैं। पुरानी कोशिकाएं हटने से पहले ही नई कोशिकाएं जमा हो जाती हैं और मोटी पपड़ीदार परत बनने लगती है।






# ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

5 बार का चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को 2-1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एरलिंग हालैंड ने दागे।

34 साल नेमार ने कहा, 'मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो गया। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब खत्म हो चुका है।' उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था। ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी श्अफ के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन का लक्ष्य 17 बॉल रहते 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बेथ मूनी ने 49 गेंदों पर 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसमें 10 चौके शामिल रहे। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। अंत में एलिस पेरी (13)* और एश्ले गार्डनर (3)* ने टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल, चार्ली डीन और सोफी एक्लस्टन ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन और फ्रेया कैम्प ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलिन्यू और किम गार्थ ने 1-1 विकेट लिया।

## शनाका ने डबल हैट्रिक ली

**ढाका।** श्रीलंकाई ऑलराउंडर दसुन शनाका ने मेजर लीग क्रिकेट में लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट लिए। वे इस लीग में डबल हैट्रिक लेनेवाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने सिएटल ओर्कास के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की।


## रोहित शर्मा इंग्लैंड वनडे सीरीज से पहले नेट्स पर लौटे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले नेट्स पर अभ्यास शुरू कर दिया है। रोहित के नेट सेशन का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे सीधे ड्राइव और कवर ड्राइव समेत कई शॉट खेलते नजर आए। रोहित इस साल हैमस्ट्रिंग चोट से जूझे थे, जिसके कारण उन्हें कई मुकाबले मिस करने पड़े। वहीं, विराट कोहली भी फिटनेस टेस्ट पास कर चुके हैं और इंग्लैंड वनडे सीरीज में वापसी के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को एजबेस्टन (बर्मिंघम) में खेला जाएगा। दूसरा वनडे 16 जुलाई को कार्डिफ और तीसरा व अंतिम मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

# विंबलडन में सबसे ज्यादा 106 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बने, जोकोविच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नोवाक जोकोविच विंबलडन के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। चौथे दौर में 39 साल के जोकोविच ने रूस के क्वालिफायर रोमान सफीउलिन को 7-6 (8-6), 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर अपनी 106वीं जीत दर्ज की।

इसके साथ ही उन्होंने रोजर फेडरर (105 जीत) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। अब पूरे विंबलडन इतिहास में उनसे आगे केवल मार्टिना नवरातिलोवा हैं, जिनके नाम 120 जीत हैं।

इस जीत केके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। 132वीं रैंकिंग के रोमान सफीउलिन ने जोकोविच को कड़ी टक्कर दी। मैच की शुरूआत में जोकोविच को आंखों में परेशानी हुई। तीसरे सेट में सफीउलिन ने उनकी सर्विस ब्रेक की तो जोकोविच गुस्से में गेंद को दूसरी ओर मार बैठे। अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी, जबकि दर्शकों ने भी हूटिंग की।

मैच के बाद जोकोविच ने अपनी हरकत पर माफी मांगी। उन्होंने कहा, ह्यमैं अपने गुस्से और चिड़चिड़ेपन के लिए जाना जाता हूं। आज भी ऐसा ही हुआ, जिसके लिए माफी चाहता हूं। हमारा दिमाग बार-बार भटकता है। उसे वर्तमान में बनाए रखना आसान नहीं होता। जो ऐसा कर पाता है, वही आखिर में जीतता है। 28 साल के सफीउलिन छह महीने पहले गंभीर चोट से जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने जोकोविच को तीन घंटे से ज्यादा समय तक कोर्ट पर संघर्ष करने के लिए मजबूर किया।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें एडवोकेट विजय पटेल मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन मोबाइल- 9301322699

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### एडवाइजरी कंपनी संचालक सहित पांच आरोपियों ने किया सरेंडर

**इंदौर।** तुकोगंज क्षेत्र में संचालित एक एडवाइजरी कंपनी के संचालक और उसके साथियों द्वारा दो युवकों के कथित अपहरण और मारपीट के मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करीब डेढ़ माह पुराने इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश में ऋषिकेश और लखनऊ में दो बार दबिश दी थी, लेकिन वे हाथ नहीं लगे। आखिरकार दो दिन पहले सभी आरोपियों ने स्वयं पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। विजयनगर थाना पुलिस के अनुसार धार निवासी कुंदन मीणा और सौरभ कुमार की शिकायत पर 27 मई को मनीष पांडे, अभिषेक कक्कड़, मोहित शर्मा (निवासी ऋषिकेश), अरुण (निवासी देवास) और अभिषेक रघुवंशी (निवासी नर्मदापुरम) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि एडवाइजरी कंपनी का ग्राहकों को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने उन्हें विजयनगर स्थित एक होटल में बुलाया, जहां कथित रूप से बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में ऋषिकेश और लखनऊ में दो बार दबिश दी, लेकिन वे नहीं मिले।

### 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 गिरफ्तार बाइक की सीट के नीचे छिपा रखी थी ड्रग

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया। वे बाइक की सीट के नीचे ब्राउन शुगर लेकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहे थे। ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए है। क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर और बाइक सहित 4 लाख 10 हजार का माल जब्त किया है। टीम तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबीर से सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने सुपर कॉरिडोर सर्विस रोड पर घेराबंदी की और काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार तीन लोगों को रोका। टीम ने पूछताछ कर उनकी तलाशी ली। टीम ने जब पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम मनिटा केवट उर्फ मणी उर्फ रियांशु पिता ओमप्रकाश निवासी न्यू रामनगर, बाणगंगा, आकाश पिता अनिल कौशल निवासी शुभम नगर, स्कीम नंबर 51 और ऋषि पिता निरंजन यादव निवासी शुभम नगर होना बताया। तीनों मजदूरी करते है। जब टीम ने उनकी बाइक की तलाशी ली तो बाइक की सीट के नीचे टीम को 36 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। पूछताछ में पता चला कि वे उसे बेचने की फिराक में घूम रहे थे।

### गांधी नगर में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक-दूसरे को लाठी-डंडों से पीटा

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वैष्णवी अग्रवाल की शिकायत पर सादिक उस्मान गनी निवासी नया बेसरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वैष्णवी ने पुलिस को बताया कि सादिक आए दिन क्षेत्र में विवाद करता है। रविवार रात करीब 9 बजे वह घर से बाहर निकलकर उन्हें गालियां देने लगा। शोर सुनकर उनके पति और अन्य लोग बाहर आए तथा सादिक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने विवाद बढ़ाते हुए वैष्णवी के पति के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद वैष्णवी और उनके पति गांधी नगर थाने पहुंचे, जहां उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। दूसरी ओर, पुलिस ने सादिक गनी की पत्नी की शिकायत पर वैष्णवी अग्रवाल और उनके पति कालूसिंह अग्रवाल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

### सीवर में दम घुटने से दो की मौत पर अब तक तय नहीं हो सकी किसी की जिम्मेदारी

**इंदौर।** चोइथराम मंडी चौराहे पर 2 मार्च को सीवर के चैंबर में दम घुटने से हुई दो सफाईकर्मियों की मौत के मामले में अब तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हुई है। मामले में पुलिस ने चार महीने बाद जिम्मेदारों को अज्ञात बताकर धारा 106(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 2014 के सफाई कर्मचारी आंदोलन वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया 2014 के फैसले के निर्देशों के पालन में की गई है। राजेंद्र नगर पुलिस की जांच के अनुसार, 2 मार्च को निगम के आउटसोर्स कर्मचारी करण यादव (26) और अजय डोडिए (35) मंडी क्षेत्र में सीवर लाइन का पानी निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पाइप चैंबर में गिर गया। पाइप निकालने के लिए पहले करण चैंबर में उतरा और जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया था। उसे बचाने के लिए अजय भी चैंबर में उतरा, लेकिन वह भी जहरीली गैस का शिकार हो गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### एकलव्य स्कूल में सीनियर छात्रों पर बेल्ट से मारपीट का आरोप, प्रबंधन ने किया इनकार

**धार।** धार के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गरड़ावाद-लबरादा में 12वीं कक्षा के छह छात्रों के साथ मारपीट का आरोप सामने आया है। छात्रों का आरोप है कि देर रात हॉस्टल से लौटने के बाद उनके ही सीनियर छात्रों ने बेल्ट से उनकी पिटाई की। वहीं, विद्यालय प्रबंधन ने मारपीट के आरोपों से इनकार करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्र विशाल डावर ने आरोप लगाया कि शनिवार रात करीब 11.30 बजे वह अपने पांच साथियों के साथ हॉस्टल से बाहर खाना खाने गए थे। सभी छात्र रात करीब 2 बजे छात्रावास लौटे। उनका आरोप है कि रविवार सुबह 12वीं कक्षा के कुछ सीनियर छात्रों ने छह छात्रों के साथ बेल्ट से मारपीट की। छात्रों का कहना है कि पिटाई से उनकी पीठ पर चोट के निशान पड़ गए। विद्यालय के प्रबंधक अमित सोनी ने बताया कि मारपीट की शिकायत मिली है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित छह छात्र देर रात खिड़की की जाली काटकर और दीवार फांदकर छात्रावास से बाहर गए थे। यह विद्यालय के नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

### नैनीताल में होटल की खिड़की से गिरे झाबुआ के तीन साल के बच्चे की मौत

**झाबुआ।** इंदौर से नैनीताल अपने परिवार के साथ घूमने गए झाबुआ के सराफा कारोबारी के बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह होटल की खिड़की से गिर गया था। 20 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई थी। उसका दो अस्पतालों में इलाज चला। गंभीर चोट और सांस लेने में आ रही तकलीफ के कारण रविवार रात उसकी मौत हो गई। अब उसके शव को इंदौर से झाबुआ ले जाया जाएगा। झाबुआ के राणापुर के सराफा कारोबारी विशाल सोनी इंदौर से ट्रेन से नैनीताल के लिए एक जुलाई को रवाना हुए थे। उनके साथ 22 सदस्य थे। उन्होंने नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक होटल लिया था। होटल की खिड़की की फर्श से ऊंचाई कम थी। तीन साल का गौरांश खेलते-खेलते खिड़की के पास गया और तीसरी मंजिल से गिर पड़ा। गौरांश के गिरते ही होटल के कर्मचारी दौड़े और उसे उठाया। वह सिर के बल गिरा था और उसकी गर्दन एक तरफ लटक गई थी।

### कुरियर कंपनी के कंटेनरों में 2 करोड़ की अवैध शराब ले जा रहे देवास के दो तस्कर गिरफ्तार

**आलीराजपुर/जोबट।** जोबट पुलिस ने करीब 22 करोड़ रुपए की पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। फिल्म पुष्पा की तर्ज पर कुरियर कंपनी के कंटेनरों में यह शराब ले जाई जा रही थी। जोबट थाना प्रभारी विजय वास्कले ने बताया कि दोनों कंटेनर को जब्त कर देवास के दो चालकों विक्रम पिता शालग्राम पाटीदार और शिवलाल पिता बालमुकुंद मालवीय को गिरफ्तार किया है। सुबह सूचना मिलने के बाद दो टीमें बनाकर बाग रोड पर घेराबंदी की गई। जांच में कुरियर कंपनी का नाम लिखे कंटेनरों के भीतर शराब की पेटियां मिलीं, जबकि चालक परिवहन से जुड़े दस्तावेज नहीं दिखा सके। तलाशी में एक कंटेनर से 930 और दूसरे से 1074 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस शराब के स्त्रोत, तस्करी नेटवर्क की जांच कर रही है। आलीराजपुर अवैध शराब तस्करी का प्रमुख कॉरिडोर बन गया है। जिले की सीमा शराबबंदी वाले गुजरात के छोटा उदयपुर और दाहोद जिलों से लगती है। कट्ठीवाड़ा, चंद्रशेखर आजाद नगर, चांदपुर, सोरवा, छकतला और बखतगढ़ के रास्ते भी गुजरात में प्रवेश किया जा सकता है। इन्हीं मार्गों का फायदा उठाकर तस्कर मप्र से शराब की बड़ी खेप गुजरात पहुंचाते हैं।

62 करोड़ का निर्माणाधीन फ्लायओवर अब बनता जा रहा परेशानी का कारण, बारिश में बदहाल हुई ट्रैफिक व्यवस्था

# सत्यसाई चौराहे पर गड्ढों और कीचड़ में फंस रहे वाहन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के सबसे व्यस्त यातायात मार्गों में शामिल सत्यसाई चौराहे पर निर्माणाधीन 6-लेन फ्लायओवर अब लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा परेशानी का कारण बनता जा रहा है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की देखरेख में 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस फ्लायओवर की निर्धारित समय सीमा मार्च 2026 में समाप्त हो चुकी है, लेकिन तीन महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद प्रोजेक्ट का केवल 40% ही पूरा हो सका है।

निर्माण काम की धीमी गति और एजेंसी की लापरवाही के चलते पूरा चौराहा गहरे गड्ढों, कीचड़ और निर्माण सामग्री के मलबे से अटा पड़ा है। इसका खामियाजा रोजाना हजारों वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।



देवास नाका से विजयनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर कई बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता। सत्यसाई स्कूल के समीप सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। वहीं, एबी रोड से बसंत विहार कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर 15 से 20 फीट लंबे और करीब दो फीट गहरे गड्ढे लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। सड़क पर फैली गिट्टी और निर्माण सामग्री के कारण वाहन फिसल रहे हैं और कीचड़ में फंस रहे हैं। कई स्थानों पर चैंबर के ढक्कन धंस जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

#### गर्डर लॉन्चिंग पूरी फिर भी बंद पड़े रास्ते

फ्लायओवर की गर्डर लॉन्चिंग का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद सर्विस रोड का बड़ा हिस्सा अब भी बैरिकेड्स से घिरा हुआ है। यदि निर्माण एजेंसी समय पर सड़क सुधार कर बैरिकेड्स हटा देती तो यातायात के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो सकती थी और जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाती। स्थिति यह है कि विजयनगर से देवास नाका की ओर जाने वाले संकरे मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे पार्किंग कराए जाने से यातायात और अधिक प्रभावित हो रहा है।

#### अधिकारियों के दावे और जमीनी हकीकत में फर्क

एमपीआरडीसी अधिकारियों ने अप्रैल माह में बारिश से पहले सर्विस रोड को कांक्रीट से डेवलप कर मार्ग चौड़ा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए थे। साथ ही सड़क की मरम्मत का दावा भी किया गया था। हालांकि मौके की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है न तो सर्विस रोड का कार्य पूरा हुआ और न ही क्षतिग्रस्त सड़कों की प्रभावी मरम्मत की गई।

खजराना गणेश मंदिर में आगामी सिंहस्थ को देखते हुए

## गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को करीब डेढ़ फीट नीचे किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर में आगामी सिंहस्थ को देखते हुए विकास काम किए जा रहे हैं। भगवान गणेश के गर्भगृह का गेट चौड़ा करने का काम हो चुका है अब सभामंडप का काम किया जा रहा है।

गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को करीब डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है। इससे लाइन में आने वाले भक्तों को दर्शन करने में आसानी होगी और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

यहां दर्शन हॉल का काम भी यहां किया जाना है। बता दे कि मंदिर का मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसमें इसके अलावा भी कई काम होना है। शुरूआत में मंदिर के गर्भगृह को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। इससे भक्तों को दर्शन करने में सुविधा मिलेगी।



#### भक्तों को दर्शन करने में परेशानी नहीं होगी

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को नीचे किया जा रहा है। ये काम भी शुरू हो गया है। सभामंडप को करीब डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है।

दरअसल, अभी सभामंडप में वीआईपी लोग, नए दूल्हा-दुल्हन आदि पूजन करने आते हैं। इस वजह से पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने में दिक्कत होती थी। इसे देखते हुए सभामंडप को डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है, जिससे लाइन में आने वाले भक्तों को दर्शन करने में परेशानी नहीं होगी और वे आसानी से दर्शन कर सकेंगे।

#### बड़ी संख्या में भक्तों के आने का अनुमान

इधर, अनुमान है कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में भक्त यहां भी दर्शन करने आएंगे, जिसे देखते हुए यहां का काम किया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। आगामी दिनों में यहां दर्शन हॉल का काम भी किया जाना है। जिससे काफी भक्त एक साथ दर्शन हॉल में आ सकेंगे और आगे बढ़ते हुए भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर याद कर माल्यार्पण किया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक और देश की एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विजय नगर चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने डॉ.मुखर्जी को पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र एकता, अखंडता, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श, विचार और राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए काम आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

इंदौर हाईकोर्ट का दंपती के बीच चल रहे विवाद में फैसला

## गर्भ रखना या नहीं, महिला को निर्णय लेने का अधिकार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ पीथमपुर**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने महिलाओं के प्रजनन अधिकारों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 13 सप्ताह की गर्भवती विवाहित महिला को गर्भपात की अनुमति दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि कानून द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर गर्भावस्था है तो महिला खुद तय कर सकती है कि वह गर्भ रखना चाहती है या नहीं। उसे गर्भपात के लिए पति की सहमति आवश्यक नहीं है।

29 जून 2026 को कोर्ट ने यह आदेश दिया था। मामला इंदौर संभाग के एक हाई प्रोफाइल दंपती का है। शादी को दो साल हुए थे। इस बीच दोनों में विवाद होने लगे। खास बात यह कि इसी दौरान पत्नी गर्भवती थी। उसे 13 हफ्ते का गर्भ था। चूंकि दंपती के बीच विवाद ज्यादा होने लगे और पत्नी भी अलग हो गई। ऐसी स्थिति में पत्नी नहीं चाहती थी कि बच्चा जन्म ले क्योंकि मौजूदा विकट स्थिति और उसके भविष्य का सवाल था। महिला ने अपने एडवोकेट जीपी सिंह के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका लगाई और गर्भपात की अनुमति मांगी गई। कोर्ट को बताया कि पति के साथ वैवाहिक संबंध समाप्त करने का निर्णय हो चुका था, लेकिन बाद में पति अपने रुख से पीछे हट गया। ऐसे में गर्भावस्था जारी रखना उसके लिए मानसिक तनाव, असुरक्षा और भावनात्मक पीड़ा का कारण बन रहा है। मामले में पति को नोटिस जारी किया गया था और उसकी तामील भी हो चुकी थी, लेकिन वह सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। राज्य शासन की ओर से भी याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई।



#### कोर्ट ने माना प्रजनन स्वतंत्रता मौलिक अधिकार

मामले में कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के चर्चित फैसले एक्स बनाम प्रिंसिपल सेक्रेटरी, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत महिला को अपनी शारीरिक स्वायत्तता और प्रजनन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है।

साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामले सामने आए

## पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। ठगों ने पेंशन कार्ड बनवाने, मोबाइल हैक करने और सस्ती बाइक दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों से कुल 4.57 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली। तीनों मामलों में लसूडिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लसूडिया थाना क्षेत्र की सेटेलाइट टाउनशिप निवासी 75 वर्षीय अखिलेश गायकवाड़ के पास 15 जून की शाम एक व्यक्ति ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी बताते हुए फोन किया। उसने पेंशनधारकों के लिए पेंशन कार्ड जारी करने की बात कही। चूंकि अखिलेश पहले इस कार्ड के लिए आवेदन कर चुके थे, इसलिए उन्होंने कॉल करने वाले पर भरोसा कर लिया। आरोपी ने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन फोटो भी लिया। इसके बाद बुजुर्ग का मोबाइल उसके नियंत्रण में चला गया। कुछ देर बाद उनके खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 1.39 लाख रुपए निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

एक अन्य मामले में स्लाइस-सी सेक्टर निवासी गोपाल वाकड़े के साथ साइबर ठगी हुई। 17 जून को उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। मोबाइल चालू करने पर उन्हें खाते से 44 हजार रुपए निकलने का पता चला। जब वह बैंक पहुंचे तो जानकारी मिली कि उनके खाते से 98 हजार रुपए का एक और ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। इस तरह कुल करीब 1.42 लाख रुपए की ठगी हुई। गोपाल ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जिसके बाद रविवार को लसूडिया पुलिस ने मामला दर्ज किया।

#### विज्ञापन देख छात्रा से 1.76 लाख की ठगी

इधर, एक छात्रा के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। छात्रा ने इंस्टाग्राम पर दोपहिया वाहन खरीदने का एक विज्ञापन देखा, जिसके जरिए ठगों ने उससे करीब 1.76 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस के मुताबिक, पूजा झमेले राजाबाग कॉलोनी में किराये से रहती है और मूल रूप से गंधवानी की रहने वाली है। 14 जून को उसने इंस्टाग्राम पर दोपहिया वाहन का एक ऑनलाइन विज्ञापन देखा, जिसमें 25 हजार रुपए में गाड़ी देने का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने बुकिंग के लिए 2 हजार रुपए जमा कराने को कहा। उसने बताया कि गाड़ी बाहर से ट्रांसपोर्ट के जरिए आएगी और डिलीवरी चार्ज नहीं लगेगा। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की फोटो भेजी और 11,500 रुपए ट्रांसपोर्ट चार्ज के नाम पर मांगे।

## गूगल से मिला फर्जी कस्टमर केयर नंबर, 5 रु. ट्रांसफर करते ही 1.08 लाख की ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

ओटीटी सब्सक्रिप्शन बंद कराने के बहाने एक दवा व्यापारी और उनकी पत्नी के बैंक खातों से 1.08 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गूगल पर मिले एक कथित कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था।

आरोपी ने पहले 5 रुपए ट्रांसफर कर प्रक्रिया पूरी करने का झांसा दिया। इसके कुछ ही देर बाद मोबाइल स्क्रीन बंद हो गई और दोनों के बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1.08 लाख रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर जूनी इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल में गोपाल कॉलोनी निवासी निर्मल नवलानी ने शिकायत दर्ज कराई। वे दवा व्यापारी हैं और उन्होंने अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म के सब्सक्रिप्शन ले रखे थे। 4 जून को दवा बाजार स्थित कार्यालय से उन्होंने गूगल पर जियो हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन बंद कराने के लिए एक नंबर खोजा। कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर सपोर्ट प्रतिनिधि बताया और सब्सक्रिप्शन बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। आरोपी ने निर्मल से कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए पहले 5 रुपए एक खाते में ट्रांसफर करने होंगे। निर्मल ने अपने गूगल पे से राशि भेज दी। इसके कुछ ही देर बाद मोबाइल की स्क्रीन बंद हो गई। मोबाइल दोबारा चालू करने पर बैंक ट्रांजेक्शन के लगातार मैसेज आने लगे।

## होटल संचालक ने किया सुसाइड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

विजयनगर थाना क्षेत्र में एक होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने परिवार से माफी मांगते हुए अपनी मौत के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुंदन पुत्र नाथूलाल शर्मा निवासी मालवीय नगर के रूप में हुई है। कुंदन अपने घर के नीचे ही होटल का संचालन करता था। रविवार रात वह परिवार के साथ समय बिताने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह जब परिजन उसे उठाने पहुंचे तो वह कमरे में फंदे से लटका मिला। सबसे पहले उसके छोटे भाई ने उसे देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुंदन का नागदा निवासी शिवानी से वर्ष 2011 से प्रेम संबंध था और दोनों लंबे समय तक साथ रहे थे। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले दोनों का संबंध टूट गया था, जिसके बाद से कुंदन मानसिक तनाव में रहने लगा था। परिवार ने पुलिस को बताया कि कुंदन के परिवार में पिता और दो भाई हैं। उसकी मां का कुछ समय पहले निधन हो चुका है।

पुलिस को होटल के हिसाब-किताब की एक कॉपी में लिखा सुसाइड नोट मिला है। इसमें कुंदन ने अपने परिवार से माफी मांगी है। साथ ही उसने लिखा है कि उसे युवती से दूर करने वालों का धन्यवाद और अपनी मौत के लिए किसी अन्य को नहीं, बल्कि स्वयं को जिम्मेदार ठहराया है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com